

RNI.No. — GUJHIN/2012/45192

# सूरत भूमि

हिन्दी दैनिक

संपादक : संजय आर. मिश्रा

श्री 1008 महामंडलेश्वर
श्री स्वामी रामानंद दासजी महाराज
श्री रामानंद दास अन्नक्षेत्र सेवा ट्रस्ट, तपोवन आश्रम



स्व. पं. पू.1008 श्री रामानन्द जी
तपोवन मंदिर, मोरा गांव, सूरत

वर्ष-11 अंक:264 ता. 16 अप्रेल 2023, रविवार , कार्यालय:114, न्यु प्रियंका टाउनशीप अपार्टमेंट, डिंडोली, डिंडोली, उधना सूरत ( गुजरात ) मो. 9327667842, 9825646069 पृष्ठ: 8 कीमत: 2:00 रुपये

ho@suratbhumi.com /Suratbhumi.com /Suratbhumi /Suratbhumi /Suratbhumi /Suratbhumi

## नोएडा के होटल में मची चीख-पुकार, लिफ्ट टूटकर गिरने से 9 लोग घायल, 5 की हालत गंभीर

**नोएडा।** नोएडा सेक्टर-49 स्थित रिजेंटा होटल में ओवरलोडिंग के कारण लिफ्ट गिरने से नौ लोग घायल हो गए। सभी घायलों को तुरंत इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, इनमें से पांच की हालत गंभीर बताई जा रही है। होटल में हादसे में सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने लिफ्ट में फंसे लोगों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। फेज-2 स्थित एडवांस वाल्व कंपनी की शुक्रवार दोपहर वार्षिक बैठक रिजेंटा होटल में आयोजित की गई थी। इसमें मुंबई, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली और गाजियाबाद समेत अन्य जगहों से 55 कर्मचारी पहुंचे थे। कंपनी के डीजीएम चंद्र शेखर ने बताया कि कर्मचारियों के साथ प्रथम तल पर बैठक चल रही थी। दोपहर दो बजे कर्मचारियों को खाना खाने के लिए होटल के फूड कोर्ट में ऊपर सातवीं मंजिल पर जाना था। लिफ्ट में पांच लोगों की क्षमता थी, लेकिन जानकारी के अभाव में नौ लोग चले गए। इस दौरान जैसे ही लिफ्ट तीसरी मंजिल पर पहुंची उसकी चेन टूट गई और लिफ्ट सीधे नीचे आकर गिरी। घटना के वक्त लिफ्ट के अंदर रामजीवन कामथ निवासी फरीदाबाद, अंकित थरे निवासी सूरज अपार्टमेंट दिल्ली, सूरज निवासी ग्रेटर नोएडा, मनोज निवासी इंदिरापुरम, कविता निवासी पीतमपुरा, दिलीप गुप्ता निवासी मुंबई, अभय कृष्णा निवासी गाजियाबाद और वरुण मित्तल निवासी दिल्ली लिफ्ट में मौजूद थे। इनमें मनोज, कविता, अभय, वरुण और दिलीप गुप्ता को ज्यादा चोट आई है। डॉक्टरों के मुताबिक, मनोज और कविता को पैर में फ्रेक्चर हैं, उनकी सर्जरी की गई है। अभय को घुटने और पैर, दिलीप को कंधे और कमर, जबकि वरुण को पैर, कमर और कंधे में चोट आई है। इनमें रामजीवन, अंकित थरे और सूरज को प्राथमिक इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है।

# राहुल ने सरकारी बंगला खाली किया.. मां सोनिया के घर में शिफ्ट हुए; सांसदी जाने के बाद घर खाली करने का नोटिस मिला था

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता और केरल के वायनाड से पूर्व सांसद राहुल गांधी ने शुक्रवार को 12 तुगलक रोड का सरकारी आवास खाली कर दिया। उनका सामान मां सोनिया गांधी के 10 जनपथ स्थित आवास में शिफ्ट किया गया है। करीब 19 साल से यह बंगला उनका आधिकारिक आवास था, लेकिन उनकी सांसदी जाने के बाद उन्हें यह बंगला खाली करने का आदेश दिया गया था।

दरअसल, 23 मार्च को सूरत कोर्ट ने मानहानि केस में उन्हें 2 साल कैद की सजा सुनाई थी। हालांकि, कुछ ही देर में उन्हें जमानत भी मिल गई थी। इसके अगले दिन राहुल की लोकसभा सदस्यता रद्द कर दी गई। 27 मार्च को उन्हें बंगला खाली करने का नोटिस दिया गया। नोटिस मिलने के बाद राहुल ने कहा था कि सरकारी बंगले से उनकी कई अच्छी यादें जुड़ी हुई हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने तब उन्हें अपने या सोनिया के बंगले में शिफ्ट होने का सुझाव दिया था।

राहुल को 27 मार्च को लोकसभा हाउसिंग कमेटी ने 12 तुगलक रोड का सरकारी आवास खाली करने का नोटिस भेजा था। बंगला खाली करने के लिए 24 अप्रैल तक का समय दिया गया था। नोटिस मिलने के अगले दिन राहुल ने लोकसभा सचिवालय के डिप्टी सेक्रेटरी डॉ. मोहित रंजन को लिखित जवाब भेजा। राहुल ने अपने जवाब में लिखा- मैं 4 बार लोकसभा सांसद चुना गया। यह लोगों का जनादेश है, जिसके लिए मैं लोगों का शुक्रगुजार हूं। मेरी इस घर से कई अच्छी यादें जुड़ी हुई हैं। मैं नोटिस में दिए गए आदेश का पालन करूंगा। 2004 में अमेठी से पहली बार सांसद चुने जाने पर राहुल को यह बंगला 2005 में अलॉट किया गया था।

**23 मार्च: मानहानि केस में राहुल को सजा मिली**

राहुल का ये वीडियो 23 मार्च का सूरत एयरपोर्ट का है। इसी दिन सूरत कोर्ट का फैसला आया था। सूरत की कोर्ट ने 23 मार्च को राहुल को 2 साल कैद की सजा सुनाई। हालांकि 27 मिनट बाद उन्हें जमानत मिल गई। उन्होंने 2019 में कर्नाटक की सभा में मोदी सरनेम को लेकर बयान दिया था। कहा था- सभी चोरों का सरनेम मोदी क्यों होता है। इसके बाद गुजरात के भाजपा विधायक पूर्णेश मोदी ने राहुल के खिलाफ मानहानि का केस किया था।

**24 मार्च: राहुल की संसद सदस्यता रद्द**

राहुल 24 मार्च की सुबह लोकसभा पहुंचे थे, यहां उन्होंने अडाणी मुद्दे पर बात की थी।

राहुल 24 मार्च की सुबह लोकसभा पहुंचे थे, यहां उन्होंने अडाणी मुद्दे पर बात की थी।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की संसद सदस्यता



24 मार्च दोपहर करीब 2.30 बजे रद्द कर दी गई। वह केरल के वायनाड से लोकसभा सदस्य थे। लोकसभा सचिवालय ने पत्र जारी कर इस बात की जानकारी दी। लोकसभा की वेबसाइट से भी राहुल का नाम हटा दिया गया।

दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने 2013 के एक फैसले में कहा था कि अगर कोई भी सांसद या विधायक निचली अदालत में दोषी पाया गया तो वह संसद या विधानसभा की सदस्यता के लिए अयोग्य होगा। इसी नियम के तहत राहुल की संसद सदस्यता रद्द हुई है।

**25 मार्च: राहुल ने 28 मिनट की प्रेस कॉन्फ्रेंस की**

सांसदी जाने के बाद राहुल ने 25 मार्च को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। राहुल ने कहा, भाजपा ध्यान भटकाने की कोशिश करती है। कभी OBC की बात करेगी, कभी विदेश में दिए बयान की बात करेगी। ये लोग मेरी सदस्यता रद्द करके मुझे रोक नहीं सकते। चाहे मुझे सदस्यता मिले, ना मिले, मैं अपना काम करूंगा। अगर ये मुझे स्थायी रूप से डिसक्वालिफाई कर दें, तो भी मैं अपना काम करूंगा। मैं संसद के अंदर रहूं या बाहर, कोई फर्क नहीं पड़ता।

**26 मार्च: कांग्रेस ने देशभर में संकल्प सत्याग्रह किया**

राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता रद्द करने के खिलाफ कांग्रेस ने 26 मार्च को देशभर में संकल्प सत्याग्रह किया। प्रियंका गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, अधीर रंजन जैसे बड़े नेता सुबह-सुबह राजघाट पहुंचे। प्रियंका गांधी ने कहा कि आज तक हम चुप रहे हैं तो आप हमारे परिवार का अपमान करते गए। मैं पूछना चाहती हूं कि एक आदमी का कितना अपमान करोगे। मुझ पर केस लगा दो, लेकिन सच ये है कि इस देश का प्रधानमंत्री कायर है।

**27 मार्च: राहुल को बंगला खाली करने का नोटिस मिला**

लोकसभा हाउसिंग कमेटी ने 27 मार्च को बंगला खाली करने के लिए राहुल को नोटिस भेजा। कमेटी ने उन्हें 22 अप्रैल तक 12 तुगलक रोड का सरकारी आवास खाली करने को कहा। इस पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, अगर राहुल बंगला खाली करते हैं तो अपनी मां के पास रहने जा सकते हैं या मेरे पास आ सकते हैं। मैं एक बंगला खाली कर दूंगा।

**28 मार्च: राहुल बोले- आवास खाली कर दूंगा, घर से अच्छी यादें जुड़ीं**

राहुल गांधी ने लेटर में बंगला खाली करने का नोटिस देने के लिए धन्यवाद भी कहा।

राहुल गांधी ने लेटर में बंगला खाली करने का नोटिस देने के लिए धन्यवाद भी कहा।

राहुल गांधी ने लोकसभा सचिवालय के डिप्टी सेक्रेटरी डॉ. मोहित रंजन को लिखित जवाब भेजा। राहुल ने लिखा- मैं 4 बार लोकसभा सांसद चुना गया। यह जनादेश है और मैं उन लोगों का शुक्रगुजार हूं। मेरी इस घर से कई अच्छी यादें जुड़ी हैं। मैं नोटिस में दिए गए आदेश का पालन करूंगा।

## भीषण गर्मी के लिए रहें तैयार, दिल्ली में लू चलने के आसार

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में गर्मी का सितम और बढ़ने वाला है। मौसम विभाग का अनुमान है कि शनिवार को कई इलाकों में लू चल सकती है। इस बीच, अधिकतम तापमान 41, जबकि न्यूनतम तापमान 21 डिग्री रहने के आसार हैं। दिल्ली में पिछले कुछ दिनों में तेजी तापमान बढ़ रहा है। शुक्रवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान 39.4 डिग्री दर्ज किया गया जो सामान्य से 3 डिग्री ज्यादा है। न्यूनतम तापमान 20.4 डिग्री दर्ज किया गया है। स्पोर्ट्स कॉम्पलैक्स सबसे गर्म क्षेत्र रहा। यहां अधिकतम तापमान 41.9 डिग्री, जबकि न्यूनतम तापमान 25.3 डिग्री दर्ज किया गया। रिज इलाके में भी शुक्रवार को अधिकतम तापमान 40.8 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग का मानना है कि शनिवार को राजधानी में आसमान तो साफ रहेगा, कई इलाकों में लू चलेगी। हवा की रफ्तार चार से 12 किलोमीटर प्रतिघंटा रहने का अनुमान है। 18 से 20 अप्रैल के बीच दिल्ली के कुछ इलाकों में हल्की बूंदाबांदी के आसार हैं। इससे 18 अप्रैल से अधिकतम तापमान में एक बार फिर कमी देखने को मिल सकती है।

**तीन दिन प्रदूषण से राहत नहीं मिलेगी**

राजधानी में तापमान के साथ प्रदूषण का स्तर पर



बढ़ रहा है। दिल्ली के कई इलाकों में शुक्रवार को प्रदूषण बेहद खराब श्रेणी में पहुंच गया। दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 247 दर्ज किया गया है, जो खराब श्रेणी में आता है। सफर के मुताबिक अगले तीन दिन तक इसमें बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। यह बेहद खराब श्रेणी में बना रहेगा।

## आतिशी का भाजपा पर हमला, बोलीं- 'केजरीवाल की आवाज दबाना चाहती है सरकार...'

**नई दिल्ली।** दिल्ली की नई आबकारी नीति घोटाला मामले में सीबीआई की जांच अब दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल तक पहुंच गई है। रविवार 16 अप्रैल को सीबीआई केजरीवाल से पूछताछ करेगी। आबकारी घोटाले मामले में मुख्यमंत्री अरविंद को पूछताछ के लिए बुलाए जाने पर आम आदमी पार्टी के नेता व कैबिनेट मंत्री आतिशी की प्रेसवार्ता कर केंद्र की भाजपा सरकार पर हमला बोला है।

आतिशी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल को क्यों बुलाया जा रहा है, कल सीबीआइ द्वारा अरविंद केजरीवाल को पूछताछ के लिए बुलाया जा रहा है, सवाल ये है कि ये क्यों बुलाया जा रहा है, क्या अरविंद केजरीवाल जी के घर में करोड़ों रुपये मिले हैं।

**केजरीवाल की आवाज को दबाना चाहती है केंद्र-आतिशी**



क्या केजरीवाल जी के साथियों के घर में सोने के बिस्कुट मिले, क्या केजरीवाल के किसी नेता के यहां इस भ्रष्टाचार से जुड़ा कोई पैसा नहीं मिला है। कहा जा रहा है कि हजारों करोड़ का घोटाला हो गया है, मगर आज तक केजरीवाल और उनके किसी नेता के यहां भ्रष्टाचार का एक पैसा नहीं मिला है तो फिर केंद्र सरकार की जांच एजेंसियां अरविंद केजरीवाल को क्यों बुला रही हैं, वे इसलिए बुला रही हैं कि वे केजरीवाल को डरा सकें और धमका सकें। वह केजरीवाल की आवाज को दबाना चाहते हैं, क्योंकि देश में अगर आज कोई नेता है जो केंद्र सरकार के खिलाफ आवाज उठा रहा है, मोदी के खिलाफ बोल रहा है, तो वह अरविंद केजरीवाल हैं।जो दस साल की नरेन्द्र मोदी सरकार की नाकामी को देश के सामने रख रहा है तो वह केजरीवाल जी हैं।

**लगातार बढ़ रहे हैं पेट्रोल के दाम**

देश में एनपीजी, पेट्रोल के दाम बेतहाशा बढ़ गए हैं, आज देश में बच्चों के लिए अच्छे कालेज, स्कूल नहीं हैं, अस्पताल नहीं हैं, देश की जनता गरीब हो रही है और मोदी जी के दोस्त अमीर होते जा रहे हैं।इस बात को केजरीवाल उठा रहे हैं तो मोदी जी केजरीवाल की आवाज दबाना चाहते हैं।मगर केजरीवाल डरने वाले नहीं है।आप कुछ भी कर लीजिए, आम आदमी पार्टी मोदी जी के भ्रष्टाचार की आवाज उठाती रहेगी।

## महाराष्ट्र का रायगड में भीषण सड़क हादसा, खाई में गिरी बस; 13 की मौत

**मुंबई।** महाराष्ट्र के रायगड जिले में शनिवार तड़के एक बस के खाई में गिर गई। दिल दहला देने वाले इस हादसे में कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई और 25 से अधिक लोग घायल हो गए हैं। आपको बता दें कि हादसा पुणे-रायगढ़ सीमा पर सुबह 4:30 बजे हुआ। बस पुणे के पिंपल गुराव से गोरेगांव जा रही थी। हादसे के वक्त बस में 41 यात्री सवार थे। फिलहाल रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। रायगड के एसपी सोमनाथ घार्गे ने बताया, रायगढ़ के खोपोली इलाके में बस के खाई में गिरने से सात लोगों की मौत हो गई और 25 से अधिक घायल हो गए। राहत और बचाव



कार्य जारी है। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और बचाव अधिकारी मौके पर पहुंच गए। जिस स्थान पर दुर्घटना हुई, उसके पास सड़क के किनारे एंबुलेंस और पुलिस वाहन खड़े देखे गए।

# दिल्ली में डरा रही कोरोना की रफ्तार, एम्स सहित कई अस्पतालों के डॉक्टर संक्रमित

**नई दिल्ली।** कोरोना वायरस महामारी ने एक बार फिर अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है। दिल्ली समेत देशभर में कोविड मामलों की रफ्तार बढ़ना जारी है। अलग-अलग अस्पतालों के स्वास्थ्यकर्मी भी कोविड-19 की चपेट में आ रहे हैं। दिल्ली एम्स में ही चार डॉक्टरों के अलावा दूसरे कर्मियों के कोविड संक्रमित होने की सूचना मिली है। इसके अलावा दूसरे अस्पतालों में भी स्वास्थ्यकर्मियों के बीच कोरोना के मामले देखने को मिल रहे हैं।

इस संबंध में अस्पताल द्वारा स्वास्थ्यकर्मियों को कोविड उपयुक्त व्यवहार का पालन करने को लेकर दिशा-निर्देश भी जारी किए गए हैं। बता दें कि बीतें दो दिन से दिल्ली में कोरोना में एक



हजार से ज्यादा मामले सामने आए है। कोरोना संक्रमण की जांच दर 27 फीसदी को पार कर गई है। वहीं, अगर पांच अप्रैल से लेकर 11 अप्रैल तक के बीच कोरोना संक्रमण की स्थिति दिल्ली के अलग-अलग जिलों के हिसाब से देखे तो सबसे ज्यादा कोरोना का कहर पूर्वी जिले में देखने को मिल रहा है।

कोविड केसों में वृद्धि के बावजूद अस्पताल में भर्ती होने की दर कम

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में कोविड-19 के मामलों में हालिया वृद्धि के बावजूद अस्पताल में भर्ती होने की दर कम बनी हुई है।

दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य विभाग द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में गुरुवार को 1,527 नए मामले सामने आए थे, जबकि शहर में संक्रमण की दर 27.77 फीसदी रही। इसमें कहा गया था कि शहर के समर्पित कोविड अस्पतालों में 7,945 बिस्तरों में से केवल 231 भरे हुए हैं। विधानसभा में अंबेडकर जयंती कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं से बात करते हुए केजरीवाल ने कहा कि हम कोरोना के बढ़ते मामलों पर नजर बनाए हुए हैं। मामले गंभीर नहीं हैं और लोगों को अस्पताल में भर्ती होने की आवश्यकता नहीं पड़ रही है। उन्होंने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो उचित कदम उठाए जाएंगे।

# मल्लिकार्जुन खरगे ने की अपनी पार्टी की तारीफ, कहा- कांग्रेस की वजह से ही मेरे जैसा गरीब व्यक्ति हुआ सफल

**हैदराबाद।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अपने तेलंगाना दौरे पर कांग्रेस पार्टी की तारीफ की। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी की वजह से है कि उनके जैसा विनम्र पृष्ठभूमि वाला व्यक्ति इतना लंबा और सफल राजनीतिक करियर बना सका और कई बार विधायक तथा सांसद बना।

खरगे ने जय भारत सत्याग्रह सभा को किया संबोधित

खरगे ने तेलंगाना के मनचेरियल में शुक्रवार रात जय भारत सत्याग्रह सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि अगर दिवंगत प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी ने उनके जैसे गरीब आदमी को प्रोत्साहित नहीं किया होता, तो वह विधायक नहीं होते। खरगे ने कहा कि सोनिया गांधी ने उन्हें कांग्रेस के अध्यक्ष के रूप में काम करने का अवसर दिया, जो एक बड़ी जिम्मेदारी है।

**पिछले साल संभाला पार्टी अध्यक्ष का पद**-खरगे ने पिछले साल अक्टूबर में पार्टी प्रमुख चुने जाने के बाद एआईसीसी अध्यक्ष का पद संभाला था। इस चुनाव में खरगे ने तिरुवनंतपुरम के सांसद शशि थरूर का सामना कर रहे थे। खरगे पार्टी के पहले ऐसे व्यक्ति हैं, जिसे पिछले 24 सालों में पहली बार गैर-गांधी



अध्यक्ष बनाया गया है।

**केन्द्र सरकार पर हमलावर हुए खरगे**

केन्द्र की भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए, उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी को 2019 के मानहानि मामले में दोषी ठहराए जाने के 24 घंटे के भीतर नोटिस दिया गया और लोकसभा से अयोग्य घोषित कर दिया गया, लेकिन गुजरात के एक भाजपा सांसद को एक अपराधिक मामले में दोषी ठहराए जाने के बावजूद अयोग्य घोषित नहीं किया गया। हालांकि, खरगे ने गुजरात के उस सांसद का नाम नहीं लिया।

**नरेन्द्र मोदी पर साधा निशाना**

कांग्रेस अध्यक्ष ने नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार पर पब्लिक सेक्टर को कमजोर करने और वादे के मुताबिक, करोड़ों नौकरियां न देने का आरोप भी लगाया। उन्होंने तेलंगाना में बीआरएस सरकार पर भी निशाना साधा और उस पर दलित परिवारों को तीन एकड़ जमीन उपलब्ध कराने सहित अपने वादों को पूरा नहीं करने का आरोप लगाया।

डॉ. बी आर अंबेडकर की जयंती पर उनके योगदान की सराहना करते हुए खरगे ने कहा कि यह संविधान के निर्माता के कारण ही दलितों और महिलाओं को मतदान का अधिकार मिला है।

## श्रद्धा वालकर हत्या मामले में 29 अप्रैल को तय होंगे आरोप, आफताब के खिलाफ अदालत ने फैसला सुरक्षित रखा

नई दिल्ली। श्रद्धा हत्याकांड के आरोपी आफताब अमीन पूनावाला के खिलाफ आरोपों की दलील पर साकेत कोर्ट में बहस पूरी हो गई है। बहस के पूरा होने के बाद साकेत कोर्ट ने आरोपी आफताब के खिलाफ फैसला सुरक्षित रख लिया है। साकेत कोर्ट अपनी 'लिव-इन पार्टनर' श्रद्धा वालकर की हत्या करने के आरोपी आफताब अमीन पूनावाला के खिलाफ आरोप तय करने पर सुनवाई कर रही थी। सुनवाई के दौरान आरोपी के खिलाफ फैसला सुरक्षित रखा गया है। अब इस मामले की सुनवाई 29 अप्रैल को कोर्ट में होगी। इस सुनवाई के दौरान आफताब अमीन पूनावाला के खिलाफ आरोप तय होंगे। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश मनीषा खुराना कक्कड़ ने मामले की सुनवाई 29 अप्रैल तक के लिए स्थगित कर दी है। आरोपों पर बहस शनिवार को पूरी हुई। इस बीच, वालकर के पिता ने अंतिम संस्कार करने के लिए उसकी अस्थियां सौंपने के लिए अदालत में एक आवेदन दायर किया है। विशेष लोक अभियोजक अमित प्रसाद ने कहा कि दिल्ली पुलिस सुनवाई की अगली तारीख पर अर्जी पर जवाब दाखिल करेगी। बता दें कि श्रद्धा वॉकर के पिता विकास वॉकर ये आरोप लगा चुके हैं कि पुलिस इस मामले पर ढिलाई बरत रही है। बता दें कि इस मामले में दिल्ली पुलिस की टीम ने फरवरी महीने में चार्जशीट दाखिल की थी जिसमें आफताब के कबूलमाने के साथ कई हैरतअंगेज खुलासे किए गए थे। आरोपी आफताब ने जानकारी दी थी कि उसने श्रद्धा की हत्या करने के बाद उसके शव के कई टुकड़े किए थे और उन्हें ठिकाने लगाने के लिए पेट्रोल डालकर जला दिया था। श्रद्धा की हड्डियों को ग्राइंडर में पीसकर भी उसका पाउडर बनाकर सड़कों पर फेंका था।

## राजस्थान में गर्मी ने जोर पकड़ा, गंगानगर में तापमान 42.1 डिग्री पर पहुंचा

जयपुर। राजस्थान में गर्मी ने जोर पकड़ना शुरू कर दिया है जहां बीते 24 घंटे में सर्वाधिक अधिकतम तापमान गंगानगर में 42.1 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार 18-19 अप्रैल को एक नया पश्चिमी विक्षोभ राज्य के ऊपर सक्रिय होने की संभावना है। उसके अनुसार पिछले 24 घंटों में सर्वाधिक अधिकतम तापमान गंगानगर में 42.1 डिग्री सेल्सियस रहा। राज्य में ज्यादातर स्थानों पर अधिकतम तापमान 39 से 41 डिग्री से. के बीच बना हुआ है। आगामी 48 घंटों में तापमान में और 1 से 2 डिग्री सेल्सियस वृद्धि की संभावना है। मौसम विभाग का कहना है कि 18-19 अप्रैल को एक नया पश्चिमी विक्षोभ राज्य के ऊपर सक्रिय रह सकता है, फलस्वरूप 18 अप्रैल को जोधपुर, बीकानेर, अजमेर संभाग एवं शेखावटी क्षेत्र में दोपहर बाद मेघगर्जन,30-40 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से अचानक तेज हवाएं चलने एवं कहीं-कहीं हल्की बारिश होने की संभावना है। इस दौरान जोधपुर, बीकानेर संभाग में कहीं-कहीं मध्यम से तीव्र आंधी भी चल सकती है। विभाग के अनुसार 19 अप्रैल को विक्षोभ का सर्वाधिक असर रहने से जोधपुर, बीकानेर, उदयपुर, अजमेर, जयपुर एवं भरतपुर संभाग के जिलों में कहीं-कहीं मेघगर्जन के साथ अचानक तेज हवाएं तथा हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश होने की प्रबल संभावना है। राज्य में 19 अप्रैल को अधिकतम तापमान में 2-4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने से गर्मी से राहत मिलने की संभावना है।

## गुजरात में 'आप' को बड़ा झटका, 6 नगर पार्षद हुए भाजपा में शामिल, 4 पहले ही छोड़ चुके हैं पार्टी

सूरत। गुजरात में आम आदमी पार्टी (आप) को बड़ा झटका लगा है। सूरत में आप के 6 नगर पार्षद भाजपा में शामिल हो गए। इससे पहले 4 नगर पार्षदों ने आप से इस्तीफा दे दिया था। सूरत के उधना स्थित भाजपा कार्यालय में गृह राज्यमंत्री हर्ष संघवी की उपस्थिति में आप के सभी 10 नगर पार्षदों ने भाजपा का भगवा धारण कर लिया। बता दें कि सूरत महानगर पालिका में आप के 27 नगर पार्षद थे। जिसमें से 10 नगर पार्षद आप से इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल हो चुके हैं। पहले भावना सोलंकी, रूता खेनी, ज्योति लाठिया और विपुल मोवलिया ने आप से इस्तीफा दिया था। अब घनश्याम मकवाणा, धर्मेन्द्र वालिया, अशोक धामी, किरण खोखाणी, निराली पटेल और स्वाति क्याडा ने आम आदमी पार्टी छोड़ कर भाजपा का दामन थाम लिया है। सूरत महानगर पालिका में कुल 27 पार्षदों में से 10 के भाजपा जॉइन करने से अब दल बदल विरोधी कानून भी नहीं लागू होगा। 10 नगर पार्षदों के भाजपा जॉइन करने पर आप के गुजरात प्रदेश प्रमुख ईसुदान गढ़वी की कड़ी प्रतिक्रिया सामने आई है। ईसुदान गढ़वी ने कहा कि हमारे नगर पार्षदों को लोभ-लालच दिया गया है। भाजपा आम आदमी पार्टी से डर गई है। भाजपा के पास भ्रष्टाचार के करोड़ों रुपए हैं और उससे वह आप नेताओं को खरीद रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा हमारे कमजोर लोगों को डरा रही है और आम आदमी पार्टी को खत्म करने की साजिश रच रही है।

## अमरनाथ यात्रा एक जुलाई से शुरू होकर 31 अगस्त तक चलेगी

नई दिल्ली। दक्षिण कश्मीर में स्थित अमरनाथ मंदिर की वार्षिक यात्रा एक जुलाई से शुरू होकर 31 अगस्त तक चलेगी। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। दक्षिण कश्मीर के हिमालयी क्षेत्र में 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित पवित्र गुफा में शिवलिंग के दर्शन के लिए यह तीर्थ यात्रा प्रत्येक वर्ष आयोजित होती है। यात्रा के लिए पंजीकरण 17 अप्रैल से शुरू होगा। राजभवन में जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा की अध्यक्षता में हुई श्री अमरनाथजी श्राइन बोर्ड (एसएएसबी) की 44वीं बैठक में तीर्थयात्रा का कार्यक्रम तय किया गया। उपराज्यपाल सिन्हा ने तीर्थयात्रा के कार्यक्रम की घोषणा करते हुए कहा कि प्रशासन सुचारू और निर्बाध तीर्थ यात्रा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, ''परेशानी मुक्त तीर्थ यात्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रशासन आने वाले सभी श्रद्धालुओं और सेवा प्रदाताओं को सर्वश्रेष्ठ स्वास्थ्य सेवा और अन्य आवश्यक सुविधाएं प्रदान करेगा।'' उपराज्यपाल ने कहा, ''तीर्थ यात्रा के सुचारू और निर्बाध संचालन के लिए आवास, बिजली, पानी, सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाओं में सभी संबंधित विभाग जुटे हुए हैं।'' उन्होंने कहा कि यात्रा अनंतनाग जिले के पहलगाम मार्ग और गंदेरबल जिले के बालटाल मार्ग दोनों से ही एक साथ शुरू होगी। श्री अमरनाथजी श्राइन बोर्ड (एसएएसबी) भक्तों के लिए सुबह और शाम की प्रार्थना का सीधा प्रसारण भी करेगा। तीर्थ यात्रा, यात्रा के मार्ग में मौसम की तत्काल जानकारी और कई सेवाओं का ऑनलाइन लाभ उठाने के लिए गूगल प्ले स्टोर पर एक ऐप भी उपलब्ध कराया गया है।

## छत्तीसगढ़ : नफरत फैलाने वाले पोस्ट के मामले में भाजपा के आठ नेताओं को नोटिस

नई दिल्ली। छत्तीसगढ़ में रायपुर जिले की पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर नफरत फैलाने वाली सामग्री पोस्ट करने के आरोप में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश प्रवक्ता समेत आठ नेताओं को नोटिस जारी किया है। रायपुर जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) प्रशांत अग्रवाल ने शुक्रवार को बताया कि नेताओं को पोस्ट के संबंध में थाने में पेश होने के लिए कहा गया है। अग्रवाल ने बताया कि पुलिस ने भाजपा के प्रदेश आईटी सेल प्रभारी सुनील एस पिल्लई, प्रदेश प्रवक्ता संजय श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष नंदन जैन, भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ अध्यक्ष केदारनाथ गुप्ता, भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष योगी साहू, युवा मोर्चा के विभाग संयोजक कमल शर्मा, डीडी नगर युवा मोर्चा अध्यक्ष शुभंकर और भाजपा कार्यकर्ता बिट्टू पाणिग्रही को नफरत फैलाने वाली सामग्री पोस्ट करने के मामले में नोटिस जारी किया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि 12 अप्रैल को छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेताओं ने रायपुर जिले में पुलिस से शिकायत की थी कि भाजपा नेताओं ने सोशल मीडिया हैंडल के माध्यम से नफरत फैलानी वाली सामग्री को पोस्ट किया था। उन्होंने बताया कि भाजपा सदस्यों ने बिरनपुर हिंसा संबंधित पोस्ट किया था जिसमें उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ- 'भूपेश का जिहादगढ़', 'तालिबानी हुकूमत' और इसी तरह के अन्य आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया था। भाजपा नेताओं को जारी नोटिस में कहा गया है कि उनका पोस्ट लोकशांति पर विपरीत प्रभाव डालने वाला, आमजन के मन में वैमनस्य और आक्रोश उत्पन्न करने तथा सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाला है। नोटिस में कहा गया है कि उच्चतम न्यायालय द्वारा भी नफरत फैलाने वाले पोस्ट पर कार्रवाई के लिए दिशा निर्देश जारी किया गया है। रायपुर से लगभग 100 किलोमीटर दूर स्थित बिरनपुर गांव में आठ अप्रैल को स्कूली बच्चों के बीच मारपीट के बाद हिंसा भड़क गई थी।

## 'गैंग चला रही भाजपा', संजय राउत बोले- ईडी-सीबीआई का इस्तेमाल कर एनसीपी को तोड़ने की हो रही कोशिश

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भाजपा पर ÷एक गिरोह चलाने÷ का आरोप लगाते हुए, शिवसेना (उद्धव बाल ठाकरे) के नेता और राज्यसभा सांसद संजय राउत ने शनिवार को कहा कि भगवा पार्टी प्रवर्तन निदेशालय और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) का उपयोग करके राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) को तोड़ने की कोशिश कर रही है। राउत की यह टिप्पणी महाराष्ट्र की एक अदालत द्वारा मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जांच की जा रही कथित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री हसन मुश्रीफ द्वारा दायर अग्रिम जमानत याचिका खारिज करने के बाद आई है। हालांकि, गुरुवार को बॉम्बे हाईकोर्ट ने गिरफ्तारी से उनकी अंतरिम सुरक्षा को 27 अप्रैल तक बढ़ा दिया।

संजय राउत ने भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि वे विजय माल्या को वापस लाने में असमर्थ हैं तो वे काला धन कैसे लाएंगे? यह सरकार की विफलता है, वे केवल बड़े-बड़े वादे करती है लेकिन कोई नतीजा नहीं निकलता। उन्होंने कहा कि कि अरविंद केजरीवाल को सीबीआई का नोटिस मिला। इसके साथ ही उन्होंने दावा किया कि वे (बीजेपी) ईडी और सीबीआई का इस्तेमाल कर एनसीपी को तोड़ने की कोशिश कर रहे हैं... क्या यह सरकार है? अपना हमला जारी रखते हुए संजय राउत ने कहा कि वे (भाजपा) एक गिरोह चला रहे हैं। दिल्ली आबकारी नीति मामले में एक बड़े घटनाक्रम में सीबीआई ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 16 अप्रैल को केंद्रीय एजेंसी के समक्ष पेश होने के लिए समन भेजा है।

आप नेताओं ने कहा था कि केजरीवाल पूछताछ के लिए सीबीआई के सामने पेश होंगे। दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, केजरीवाल के प्रमुख सहयोगी, आबकारी नीति मामले में कथित अनियमितताओं को लेकर पहले से ही जेल में हैं। शुक्रवार को गैंगस्टर से नेता बने अतीक अहमद के बेटे असद के एनकाउंटर पर प्रतिक्रिया देते हुए संजय राउत ने कहा कि सबसे ज्यादा एनकाउंटर मुंबई में हुए हैं।




## लल्लन सिंह ने जांच एजेंसियों को बताया बीजेपी का पालतू तोता

पटना। जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष और लोकसभा में पार्टी के संसदीय दल के नेता राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह ने जांच एजेंसियों को भाजपा का पालतू तोता करार दिया है। शराब घोटाला मामले में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा समन जारी करने पर ललन सिंह ने कहा कि भाजपा को 81 हजार करोड़ का कॉरपोरेट घोटाला दिखाई नहीं देता है। उन्होंने ट्वीट के जरए केंद्र की भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भारत का संविधान और लोकतंत्र खतरे में है। केंद्र में सत्तासीन भाजपा सरकार द्वारा विपक्षी दलों के शीर्ष नेताओं के विरूद्ध अपने पालतू तोतों का दुरुपयोग बदस्तूर जारी है। अभी 11-12 अप्रैल को दिल्ली में विपक्षी एकता के लिए सकारात्मक पहल होते ही भाजपा तिलमिला गई है। जदयू अध्यक्ष ने कहा कि भाजपाई सरकार के दिलों-दिमाग में बदले की भावना भड़क उठी है। इसलिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सीबीआई का नोटिस मिल गया। केजरीवाल का बचाव करते हुए लल्लन सिंह नि कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल ने शुक्रवार को ही प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) पर आबकारी नीति मामले में अदालत को झूठे सबूतों से गुमराह करने का आरोप लगाया है। देश पूरी तरह से अधिनायकवाद की ओर बढ़ रहा। सारी संस्थाओं को खत्म किया जा रहा। सरकारी संस्थाओं का उपयोग राजनीति के लिए किया जा रहा और विरोधी पार्टियों को लपेटा जा रहा।

## सीबीआई के समन के बाद केजरीवाल को मिला खड़गे का साथ, नीतीश ने भी कही यह बात

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप संयोजक अरविंद केजरीवाल को सीबीआई ने दिल्ली शराब नीति मामले में पूछताछ के लिए बुलाया है। इसी मामले में दिल्ली के पूर्व मंत्री मनीष सिसोदिया फरवरी से जेल में बंद हैं। केजरीवाल ने कहा कि वह सम्मन का पालन करेंगे और पूर्वाह्न 11 बजे दिए गए समय पर सीबीआई कार्यालय जाएंगे। हालांकि, इसको लेकर राजनीति जारी है। आम आदमी पार्टी भाजपा पर जबरजस्त तरीके से हमलावर है। वहीं, केजरीवाल को विपक्षी दलों का भी साथ मिल रहा है। सूत्र ने बताया कि दिल्ली आबकारी नीति मामले में सीबीआई द्वारा समन किए जाने के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से बात की थी।

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपने दिल्ली के समकक्ष अरविंद केजरीवाल को सीबीआई द्वारा समन जारी किए जाने पर उनके समर्थन में सामने आए हैं। उन्होंने कहा कि केजरीवाल उनके खिलाफ शुरू की गई सभी कार्रवाइयों का उचित समय पर जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि लोग जानते हैं कि उनके (केजरीवाल) खिलाफ क्या हो रहा है। वह एक जाने-माने व्यक्ति हैं और उन्होंने अपने राज्य में कई विकास कार्य किए हैं। बिहार के मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके खिलाफ शुरू की गई सभी कार्रवाइयों का वह उचित समय पर जवाब देंगे। नीतीश कुमार ने संवाददाताओं से यह भी कहा, 'यही कारण है कि हम



भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के खिलाफ देश में अधिक से अधिक दलों को एकजुट करने का प्रयास कर रहे हैं। हम सभी प्रयास करेंगे और एकजुट होकर काम करेंगे।'

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) देश के लिए उम्मीद की किरण बनकर उभरी है और यही वजह है कि उसे कुचलने के प्रयास किए जा रहे हैं। केजरीवाल ने कहा कि वह रविवार को एजेंसी के समक्ष पेश होंगे। दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि पिछले 75 वर्ष में 'आप' की तरह किसी भी पार्टी को निशाना नहीं बनाया गया। उन्होंने कहा, ''...ऐसा इसलिए, क्योंकि 'आप' ने लोगों में उम्मीद जगाई है कि वह गरीबी मिटा देगी और उन्हें शिक्षित बनाएगी। वे हमें निशाना बनाकर इस उम्मीद को तोड़ना चाहते हैं।'' भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शनिवार को दावा किया कि आबकारी नीति मामले में सीबीआई द्वारा तलब किए जाने के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल डर के मारे कांप रहे हैं।

## केजरीवाल की आवाज को दबाना चाहती है केन्द्र सरकार : आतिशी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली की नई आबकारी नीति घोटाला मामले में सीबीआई की जांच अब दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल तक पहुंच गई है। रविवार 16 अप्रैल को सीबीआई केजरीवाल से पूछताछ करेगी। आबकारी घोटाले मामले में मुख्यमंत्री अरविंद को पूछताछ के लिए बुलाए जाने पर आम आदमी पार्टी के नेता व कैबिनेट मंत्री आतिशी ने प्रेसवार्ता कर केंद्र की भाजपा सरकार पर हमला बोला है। आतिशी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल को क्यों बुलाया जा रहा है, कल सीबीआइ द्वारा अरविंद केजरीवाल को पूछताछ के लिए बुलाया जा रहा है, सवाल ये है कि ये क्यों बुलाया जा रहा है, क्या अरविंद केजरीवाल जी के घर में करोड़ों रुपये मिले हैं। क्या केजरीवाल जी के साथियों के घर में सोने के बिस्कुट मिले, क्या केजरीवाल के किसी नेता के यहां इस भ्रष्टाचार से जुड़ा कोई पैसा नहीं मिला है। आतिशी ने कहा कि कहा तो यह भी जा रहा है कि हजारों करोड़ का घोटाला हो गया है, मगर आज तक केजरीवाल और उनके किसी नेता के यहां भ्रष्टाचार का एक पैसा नहीं मिला है



तो फिर केंद्र सरकार की जांच एजेंसियां अरविंद केजरीवाल को क्यों बुला रही हैं, वे इसलिए बुला रही हैं कि वे केजरीवाल को डरा सकें और धमका सकें। वह केजरीवाल की आवाज को दबाना चाहते हैं, क्योंकि देश में अगर आज कोई नेता है जो केंद्र सरकार के खिलाफ आवाज उठा रहा है, मोदी के खिलाफ बोल रहा है, तो वह अरविंद केजरीवाल हैं। जो दस साल की नरेन्द्र मोदी सरकार की नाकामी को देश के सामने रख रहा है तो वह केजरीवाल हैं। आतिशी ने कहा कि भले ही मोदी जी केजरीवाल की आवाज दबाना चाहते हैं। मगर केजरीवाल डरने वाले नहीं है। आप कुछ भी कर लीजिए, आम आदमी पार्टी भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनी आवाज जरुर बुलंद करती रहेगी।

## महाराष्ट्र आने से पहले सावरकर के खिलाफ अपनी टिप्पणी वापस लें व माफी मांगें राहुल गांधी : चंद्रशेखर बावनकुले

**मुंबई (एजेंसी)।** । भाजपा की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने यहां कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी को महाराष्ट्र में प्रवेश करने से पहले दिवंगत हिंदुत्व विचारक वीडी सावरकर के खिलाफ अपनी टिप्पणी वापस लेनी चाहिए और माफी मांगनी चाहिए। बावनकुले के इस बयान पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की और कहा कि गांधी को राज्य का दौरा करने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की अनुमति की आवश्यकता नहीं है। बावनकुले पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे से मिलने के लिए गांधी के मुंबई जाने की चर्चा के बारे में पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहे थे।

ठाकरे के नेतृत्व वाले गुट, कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) ने महाराष्ट्र में महा विकास आघाड़ी (एमवीए) के बैनर तले सरकार बनाई थी। पिछले साल शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे की बगावत के चलते यह सरकार गिर गई थी और शिंदे भाजपा से हाथ मिलाकर मुख्यमंत्री बन गए थे। भाजपा आरोप लगाती रही है कि गांधी बार-बार सावरकर का अपमान कर रहे हैं। बावनकुले ने कहा कि अगर राहुल गांधी मातोश्री (मुंबई में ठाकरे के घर) जाते हैं, तो हमें कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन राहुल गांधी ने बार-बार और जान-बूझकर सावरकर को निशाना बनाया। इसलिए, महाराष्ट्र आने से



पहले उन्हें माफी मांगनी चाहिए और सावरकर के खिलाफ अपनी टिप्पणी वापस लेनी चाहिए।

राहुल गांधी ने पिछले महीने कहा था कि मेरा नाम सावरकर नहीं है, मेरा नाम गांधी है और गांधी किसी से माफी नहीं मांगते। बावनकुले के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रमुख पटोले ने कहा कि बावनकुले को उनकी अपनी पार्टी में भी कोई तवज्जो नहीं मिलती है। पटोले ने कहा कि वह राहुल गांधी को कैसे रोकेंगे? राहुल गांधी जब भी महाराष्ट्र आना चाहेंगे, वह आएंगे और कांग्रेस कार्यकर्ता बड़े उत्साह के साथ उनका स्वागत करेंगे। राहुल गांधी को महाराष्ट्र आने के लिए भाजपा, बावनकुले या किसी से अनुमति की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राहुल गांधी से डरते हैं। दर्जनों मंत्री और विधायक रोजाना राहुल गांधी की आलोचना करते रहते हैं। राहुल गांधी के दौरे की अभी पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन वह जल्द ही महाराष्ट्र का दौरा करेंगे। राहुल गांधी को महाराष्ट्र आने से कोई नहीं रोक सकता।

## मोतिहारी में जहरीली शराब से 6 लोगों की मौत, 10 अस्पताल में भर्ती, नीतीश ने मांगी रिपोर्ट

**मोतिहारी(एजेंसी)।** बिहार के मोतिहारी जिले में कथित तौर पर जहरीली शराब पीने से कम से कम 6 लोगों की मौत हो गई है। ये मौतें राज्य के मोतिहारी जिले के लक्ष्मीपुर गांव में हुईं। 10 अन्य लोगों ने भी गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं की शिकायत की और उन्हें अस्पताल ले जाया गया। डीआईजी चंपारण रेंज जयंत कांत ने बताया कि छह लोगों की मौत हो गई है और दो गंभीर सहित 10 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले में अब तक सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पूरी घटना पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दुख जताया है और रिपोर्ट मांगी है।

अप्रैल 2016 में, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार ने राज्य में शराब की बिक्री और



खपत पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया। यह एक ऐसा कदम था जिससे नीतीश ने बड़ी संख्या में महिला मतदाताओं साधने की कोशिश की थी। प्रतिबंध के बावजूद, राज्य में काला बाजार में शराब की बिक्री और स्थानीय रूप से निर्मित नकली शराब के सेवन से होने वाली मौतों का सिलसिला जारी है। इस साल फरवरी में राज्य के आबकारी विभाग ने 15 लोगों को गिरफ्तार किया था, जिनमें से आठ शराब कारोबारी थे। इनके पास से अधिकारियों ने देशी-विदेशी ब्रांडेड शराब भी बरामद की थी।

छपरा में पिछले साल दिसंबर में कथित तौर पर जहरीली शराब पीने से 80 लोगों की मौत हो गई थी। मृतक के परिजनों का आरोप है कि कालाबाजारी में शराब की बिक्री को लेकर स्थानीय पुलिस के खिलाफ शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। जनवरी में सीवान में कथित तौर पर जहरीली शराब पीने से चार लोगों की मौत हो गई थी. इस घटना के बाद, बिहार पुलिस ने राज्य में शराब के व्यापार, भंडारण और खरीद के मामले में 16 लोगों को गिरफ्तार किया था।

## पंजाब के पूर्व सीएम चन्नी सतर्कता ब्यूरो के समक्ष हुए पेश, 7 घंटे तक हुई पूछताछ

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी आय के ज्ञात स्रोत से अधिक संपत्ति के एक मामले में शुक्रवार को सतर्कता ब्यूरो के समक्ष पेश हुए। इस दौरान अधिकारियों ने चन्नी से 7 घंटे तक पूछताछ की। चन्नी ने मामले में उनके खिलाफ जारी जांच को पूरी तरह से राजनीतिक करार दिया। शाम को सतर्कता ब्यूरो के मोहाली कार्यालय से बाहर निकलते हुए चन्नी ने फिर से आम आदमी पार्टी (आप) सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि यह सरकार मुगलों से भी बदतर व्यवहार कर रही है। वे तमाम तरीके से अपमानित और बदनाम करना चाहते हैं। पूर्व सीएम चन्नी ने कहा कि लोकतंत्र में यह तरीका नहीं है कि वे बिना किसी आधार के मामला बनाने की कोशिश करते हैं। मैंने सुबह में संवाददाता सम्मेलन में जो बात कही थी, उस पर कायम हूं। उन्हें जो करना है, वे कर सकते हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि मैंने हमेशा ईमानदारी से काम किया है और आगे भी करता रहूंगा। कांग्रेस नेता चन्नी शनिवार को पूर्वाह्न करीब 11 बजे ब्यूरो के मोहाली कार्यालय में जाने से पूर्व अपनी पेशी निर्धारित तारीख से पहले किए जाने को लेकर राज्य सरकार की निंदा की और दावा किया कि मुख्यमंत्री भगवंत मान की सरकार 'बदले की राजनीति' कर रही है। सतर्कता ब्यूरो ने पहले चन्नी को पूछताछ के लिए 12 अप्रैल को पेश होने को कहा था, लेकिन उन्होंने किसी और तारीख पर बुलाए जाने का अनुरोध किया था, जिसे ब्यूरो ने स्वीकार कर लिया और उन्हें 20 अप्रैल को उसके मोहाली कार्यालय में पेश होने को कहा था। बाद में ब्यूरो ने उन्हें 14 अप्रैल को बुलाने का फैसला किया। ब्यूरो चन्नी के खिलाफ आय के ज्ञात स्रोत से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोपों की जांच कर रहा है। पिछले महीने ब्यूरो ने पूर्व मुख्यमंत्री के खिलाफ 'लुकआउट सर्कुलर' जारी किया था।

### जब कोई सच बोलता है, तो झूठे को चुभता है, यही आप सरकार के साथ हुआः चन्नी

ब्यूरो के कार्यालय में प्रवेश करने से पहले चन्नी ने आय के ज्ञात स्रोतों से ज्यादा संपत्ति अर्जित करने के आरोपों को खारिज किया और कहा कि जांच पूरी तरह से राजनीतिक है। वे जो करना चाहते हैं, उन्हें करने दीजिए। ब्यूरो के कार्यालय में जाने से पूर्व उन्होंने संवाददाता सम्मेलन में आप नीत सरकार पर हमला करते हुए कहा कि वे मुझे गिरफ्तार कर सकते हैं, मुझे प्रताड़ित कर सकते हैं। वे मुझे जान से भी मार सकते हैं, लेकिन मैं तैयार हूं। पूर्व मुख्यमंत्री ने नम आंखों से कहा कि अगर एक भी व्यक्ति कहे कि चन्नी किसी भ्रष्टाचार में लिप्त है, तो मुझे फांसी पर लटका दीजिए। चन्नी ने कहा कि जालंधर में लोकसभा उपचुनाव से पहले उन्होंने कई मुद्दे उठाए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि 'आप' सरकार उनके द्वारा उठाए गए मुद्दों से घबरा गई है, जिसमें दलितों से संबंधित मुद्दे, अकाल तख्त जत्थेदार के बारे में मुख्यमंत्री ने क्या कहा कि बेअदबी के मामलों में न्याय और किसानों के मुद्दों से जुड़े सवाल शामिल हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोप लगाते हुए कहा कि जब कोई सच बोलता है, तो जो झूठा होता है, उसे चुभता है। 'आप' सरकार के साथ यही हुआ है।

## बीजेपी छोड़ने वालों को अरुण सिंह की चेतावनी, बोले- उनके लिए बंद हो चुके पार्टी के दरवाजे

**बैंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक विधानसभा चुनाव को लेकर लगातार राजनीति गर्म है। भाजपा की ओर से सूची जारी करने के बाद पार्टी के कई बड़े नेता इस्तीफा दे चुके हैं। उन नेताओं के समर्थन में कार्यकर्ता भी लगातार पार्टी के समक्ष अपना इस्तीफा पेश कर रहे हैं। हालांकि, ऐसा लगता है कि भाजपा इन नेताओं के सामने झुकने को तैयार नहीं है। भाजपा की ओर से साफ तौर पर चेतावनी दे दी गई है कि पार्टी छोड़ने वाले नेताओं को दोबारा कभी पार्टी में वापस नहीं लिया जाएगा। पूर्व उपमुख्यमंत्री लक्ष्मण सावदी सहित कई टिकट चाहने वालों के पार्टी छोड़ने के बाद भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव और कर्नाटक के प्रभारी अरुण सिंह ने चेतावनी दी कि उन लोगों के लिए पार्टी निकट भविष्य में अपने दरवाजे नहीं खोलेगी जो अब पार्टी संगठन छोड़ रहे थे।

अरुण सिंह ने साफ कहा कि पांच या छह लोगों के इस्तीफा देने से पार्टी को कोई नुकसान नहीं होगा। लेकिन हम कम से कम अगले 20 साल तक उनके लिए अपने दरवाजे नहीं खोलेंगे। लक्ष्मण सावदी को लेकर उन्होंने कहा कि चुनाव हारने के बाद भी बीजेपी ने उन्हें डिप्टी सीएम और फिर एमएलसी बनाया, उसके बाद भी वह ऐसे झगड़ों वाली पार्टी (कांग्रेस) में जा रहे हैं जहां नेता दो गुटों में बंटे हुए हैं। उन्होंने बहुत बड़ी गलती की है और बाद में पछताएंगे। इसके साथ ही उन्होंने दावा किया कि सरकार या पार्टी के खिलाफ कोई सत्ता विरोधी लहर नहीं है। भाजपा यह सुनिश्चित करते हुए सभी राज्यों में युवा चेहरों को मौका देती है कि हम वरिष्ठ नेताओं का सम्मान करते रहें। हमने यूपी, उत्तराखंड, असम, गुजरात या हिमाचल प्रदेश में ऐसा किया है।



## सूडान में भड़की हिंसा, भारतीयों को घर में रहने की सलाह

खार्तूम । सूडान में रहने वाले भारतीयों को देश के मिशन द्वारा तैयार शेल्टरों में आश्रय लेने के लिए कहा गया है। दरअसल, राजधानी खार्तूम में अर्धसैनिक बलों और सेना ने एक-दूसरे के ठिकानों पर हमले किए हैं, जिसके बाद अफ्रीकी देश में यह हालात पैदा हुए हैं। खार्तूम में भारतीय दूतावास के ट्वीट में कहा गया है, 'गोलीबारी और झड़पों की सूचना के मद्देनजर, सभी भारतीयों को अत्यधिक सावधानी बरतने, घर के अंदर रहने और तत्काल प्रभाव से बाहर निकलने से रोकने की सलाह दी जाती है। कृपया शांति बनाए रखें और अगले अपडेट का इंतजार करें। सूडान की नियमित सेना में वहां अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्स के नियोजित एकीकरण को लेकर सैन्य नेता अब्देल फतह अल-बुरहान और उनके नंबर दो, अर्धसैनिक कमांडर मोहम्मद हमदान डागलो के बीच हफ्तों तक गहराते तनाव के बाद शनिवार को देश में हिंसा भड़क गई।

## अमेरिका, जापान और दक्षिण कोरिया मिलकर करेंगे मिसाइल रक्षा अभ्यास

वाशिंगटन । संयुक्त राज्य अमेरिका, जापान और दक्षिण कोरिया अब एक साथ रक्षा अभ्यास करेंगे। तीनों ने एक संयुक्त बयान में कहा कि उन्होंने उत्तर कोरिया के परमाणु और मिसाइल खतरों को रोकने और जवाब देने के लिए मिसाइल रक्षा और पनडुब्बी रोधी अभ्यासों को नियमित करने पर चर्चा की। उन्होंने संयुक्त बयान में कहा है कि कोरियाई प्रायद्वीप और व्यापक क्षेत्र पर सुरक्षा वातावरण के आकलन का आदान-प्रदान करने के साथ-साथ त्रिपक्षीय सुरक्षा सहयोग को गहरा करने के ठोस तरीकों पर परामर्श करने के लिए वाशिंगटन डीसी में कल आयोजित 13वीं रक्षा त्रिपक्षीय वार्ता में यह घोषणा की गई थी। तीन देशों के प्रतिनिधियों ने उत्तर कोरिया से सभी अस्थिर करने वाली गतिविधियों को तुरंत रोकने का आग्रह किया और पुष्टि की कि यदि उसकी तरफ से परमाणु परीक्षण आयोजित किया जाता है, तो अंतरराष्ट्रीय समुदाय से एक मजबूत और दृढ़ प्रतिक्रिया के साथ मुलाकात होगी। तीनों देशों की तरफ से ये प्रतिक्रिया उत्तर कोरिया की घोषणा के बाद आई है। उसने एक नई ठोस-ईंधन अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल (आईसीबीएम) का परीक्षण किया है।

## बांग्लादेश के शॉपिंग सेंटर में लगी भीषण आग, हजारों दुकानें जलकर खाक

ढाका। बांग्लादेश की राजधानी ढाका के एक शॉपिंग सेंटर में शनिवार तड़के लगी भीषण आग में हजारों दुकानें जलकर खाक हो गईं। समाचार पोर्टल 'बीडीन्यूज24 डॉट कॉम' ने न्यूमार्केट पुलिस थाना प्रमुख शफीकुल गनी साबू के हवाले से बताया कि आग सुबह करीब पौने छह बजे न्यूमार्केट और ढाका कॉलेज के बीच स्थित शॉपिंग सेंटर 'न्यू सुपरमार्केट' की दूसरी मंजिल पर लगी और तेजी से अन्य मंजिलों तक फैल गई। उन्होंने बताया कि आग बुझाने में थल सेना, नौसेना और वायु सेना के दल मदद कर रहे हैं। स्थानीय मीडिया की खबरों के मुताबिक, आग पर काबू पाने के लिए बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश की 12 पलटन को भी मौके पर तैनात किया गया है। दमकल सेवा की 28 इकाइयां भी आग बुझाने की कोशिश कर रही हैं। अग्निशमन सेवा के सहायक उप निदेशक शाहजहां सिकदर ने 'बीडीन्यूज24 डॉट कॉम' को बताया कि आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है और किसी के हताहत होने की फिलहाल कोई सूचना नहीं है। बांग्लादेश में गैस सिलेंडर के फटने, खराब वातानुकूलन और बिजली के तारों में गड़बड़ी के कारण इमारतों में आग लगने और विस्फोट होने की घटनाएं अक्सर होती रहती हैं। मध्य ढाका के एक बाजार में पिछले महीने हुए विस्फोट में कम से कम 23 लोगों की मौत हुई थी। इस विस्फोट की वजह गैस लाइन में गड़बड़ी बताई गई थी।

## भारतीय मूल की सिख महिला कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के न्यासी बोर्ड में नामित

न्यूयॉर्क । भारतीय मूल के सिख समुदाय के नेता और केर्न काउंटी की कारोबारी राजी बराड़ को कैलिफोर्निया स्टेट यूनिवर्सिटी बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज में नियुक्त किया गया है, जो अमेरिका की सार्वजनिक उच्च शिक्षा की सबसे बड़ी प्रणाली में एक शक्तिशाली नेतृत्व पद है। कैलिफोर्निया स्टेट यूनिवर्सिटी (सीएसयू), बेकर्सफील्ड डबल एलुमना,मई में लॉन्ग बीच में होने वाली बैठक में बराड़ का स्वागत करेगा। बराड़ ने कहा, सीएसयू बहुत खास है, क्योंकि आपके प्रोफेसर आपको जानते हैं। वे आपके लिए दरवाजे खोलने में मदद करते हैं और आपको एक स्तर पर सलाह देते हैं जो आपको यूसी में नहीं मिल सकता है। बहुत से लोग जो अंत में सीएसयू में जाते हैं, उन्हें एक संरक्षक की आवश्यकता होती है, और मुझे सीएसयूबी में इसे प्राप्त करने का सौभाग्य मिला। 2003 से कंट्रीसाइड कॉर्पोरेशन के मालिक और मुख्य संचालन अधिकारी, बराड़ कर्न काउंटी में कई नेतृत्व पदों पर भी हैं और बेकर्सफील्ड सिख महिला संघ की सह-संस्थापक हैं। उन्होंने जीव विज्ञान में स्नातक की डिग्री और सीएसयूबी से स्वास्थ्य देखभाल में मास्टर की डिग्री प्राप्त की। वह सीएसयूवी के पूर्व छात्र हॉल ऑफ फेम की सदस्य हैं। 1970 के दशक के मध्य में अमेरिका आईं बराड़ ने अपने बच्चों को सेंट्रल वैली के खेत मजदूर शिविरों में पाला। बराड़ के अनुसार, उनकी मां ने केवल पांचवीं कक्षा तक पढ़ाई की और वह पढ़ या लिख नहीं सकती हैं। उन्होंने बताया मेरी मां ने खेतों में और बर्गर किंग में काम किया। वह हर समय मुझसे कहा करती थीं कि तुम्हें शिक्षा प्राप्त करनी होगी। यही तुम्हारा जीवन साथी है, यह तुम्हें कभी नहीं छोड़ेगा और इस तुमसे कोई नहीं ले सकता।

## एक अरब डॉलर में जापानी कंपनी खरीदेगी एंग्री बर्डस वीडियो गेम

सैन फ्रांसिस्को। प्रतिष्ठित एंग्री बर्डस मोबाइल गेम फ्रैंचाइजी के निर्माता रोवियो एंटरटेनमेंट को जापानी वीडियो गेम और मनोरंजन कंपनी सेगा द्वारा 1 अरब डॉलर में खरीदा जा सकता है। मीडिया रिपोर्ट की मानें तो सेगा रोविओ को खरीदने के करीब हैं और सौदा अगले सप्ताह की शुरुआत में बंद हो सकता है। जानकारी के अनुसार मूल एंग्री बर्डस गेम 2009 में एक सुपर सफलता थी, लेकिन 2014 के चरम के बाद से फ्रैंचाइजी में गिरावट आई है। असली मोबाइल गेम 1 अरब डाउनलोड तक पहुंचने वाला पहला मोबाइल गेम था, जो गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्डस द्वारा प्रमाणित एक रिकॉर्ड है। द एंग्री बर्डस मूवी बॉक्स-ऑफिस पर सफल रही और अभी भी सातवीं सबसे ज्यादा कमाई करने वाली वीडियो गेम फिल्म है। इसके 2019 सीक्वल द एंग्री बर्डस मूवी 2 को हालांकि उतनी सफलता नहीं मिली। रोवियो ने इस साल फरवरी में अपने मूल एंग्री बर्डस गेम को गूगल प्ले स्टोर से हटा दिया था। कंपनी ने कहा था कि हमने रोवियो क्लासिक्स ः एंग्री बर्ड्स के व्यावसायिक मामले की समीक्षा की है और हमारे व्यापक गेम पोर्टफोलियो पर गेम के प्रभाव के कारण, हमने निर्णय लिया है कि रोवियो क्लासिक्स ः एंग्री बर्ड्स को 23 फरवरी से गूगल प्ले स्टोर से असूचीबद्ध कर दिया जाएगा। रोवियो क्लासिक्सः एंग्री बर्डस असूचीबद्ध होने के बाद भी उन उपकरणों पर खेलने योग्य रहेगा जिन पर गेम डाउनलोड किया गया है।

## 10 करोड़ डिग्री सेल्सियस की गर्मी पैदा कर चीन के नकली सूरज ने बनाया विश्व रिकॉर्ड

बीजिंग। चीन के कृत्रिम सूर्य ने 10 करोड़ डिग्री सेल्सियस की गर्मी पैदा कर एक बार फिर विश्व रिकॉर्ड बनाया है। एक्सपेरिमेंटल अडवांस सुपरकंडक्टिंग टोकमाक (ईएएसटी) नाम के इस कृत्रिम सूर्य ने लगभग सात मिनट तक अत्याधिक गर्म, अत्याधिक कंटेंटेड प्लाज्मा बनाया है। इस प्लाज्मा की गर्मी 10 करोड़ डिग्री सेल्सियस मापी गई। अभी तक इस तरह का प्लाज्मा सिर्फ प्राकृतिक रूप में सूर्य की सतह पर ही पाया जाता था। इससे दुनिया को एक क्लीन एनर्जी का बहुत बड़ा जरिया मिलने की उम्मीद है। चीन की इस उपलब्धि से न केवल जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता घटेगी, बल्कि पर्यावरण को भी लाभ होगा। यह परियोजना अभी एक्सपेरिमेंटल स्तर पर है, ऐसे में इसमें काफी समय लग सकता है। यह तकनीक वर्तमान परमाणु रिएक्टरों की जगह ले सकती है। चीन के पूर्व में स्थित हेफेई शहर में बने एक्सपेरिमेंटल अडवांस सुपरकंडक्टिंग टोकमाक ने 403 सेकंड के लिए प्लाज्मा बनाया और उसे बनाए रखा। इस उपलब्धि ने 2017 में स्थापित 101 सेकंड के अपने पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया। चाइनीज एकेडमी ऑफ साइंसेज इंस्टीट्यूट ऑफ प्लाज़्मा फिजिक्स के प्रमुख सोंग यूंटाओ ने कहा कि इस नई सफलता का मुख्य महत्व इसके हाई कनफाइनमेंट मोड में निहित है, जो प्लाज्मा के तापमान और घनत्व को काफी बढ़ा देता है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार यह प्रयास फ्यूजन रिएक्टरों की तकनीकी और आर्थिक व्यवहार्यता में सुधार के लिए एक ठोस नींव रखेगा। परमाणु संलयन का उपयोग हमारा सूर्य प्रकाश और गर्मी बनाने के लिए करता है।



रूसी मिसाइलों ने पूर्वी यूक्रेनी शहर स्लोवियांस्क में आवासीय इमारतों को निशाना बनाया, जिसमें कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई, 21 घायल हो गए और अपार्टमेंट ब्लॉक के कुछ हिस्सों को नुकसान हुआ।

## श्रीलंका से एक लाख बंदर खरीद रहा चीन, मसौदा तैयार

कोलंबो। चीन अब श्रीलंका से बंदर मंगाने की तैयारी में है। इस बारे में चीन और श्रीलंका के बीच तीन दौर की बाचतीच भी हो चुकी है, लेकिन अंतिम फैसला लेना अभी बाकी है। गौरतलब है ?कि इससे पहले चीन ने पाकिस्तान से गधे भी खरीदे थे। हा ?लिया जानकारी के अनुसार श्रीलंकाई सरकार के कई बड़े मंत्री चीन को बंदर निर्यात करने के पक्ष में हैं। उनका तर्क है कि बंदरों की वजह से श्रीलंका में कृषि को काफी नुकसान पहुंच रहा है। ऐसे में चीन को 1 लाख बंदरों का निर्यात करने में कोई नुकसान नहीं है। उनका यह भी कहना है कि इन बंदरों को पकड़ने और निर्यात करने का खर्च भी चीन ही उठा रहा है। दावा है कि चीन इन बंदरों को चिड़ियाघरों में रखेगा, हालांकि इस देश में बंदरों का मांस भी काफी लोकप्रिय है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार श्रीलंका के कृषि मंत्री महिंदा अमरवीरा ने बताया कि चीन को बंदर भेजने को लेकर अभी तक कोई अंतिम फैसला नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि चीन ने एक लाख बंदरों को भेजने की गुजारिश की है। इन बंदरों को वह अपने एक हजार चिड़ियाघरों में रखना चाहता है। ऐसे में श्रीलंका के कृषि मंत्रालय के अधिकारी इस मुद्दे पर राष्ट्रीय प्राणी संग्रहालय एवं वन्यजीव विभाग के अधिकारियों के साथ लगातार बैठकें कर रहे हैं। वहीं, श्रीलंकाई सरकार ने इस मामले में एक स्पेशल कमेटी भी बनाने का फैसला किया है, जो बंदरों के निर्यात संबंधी कानूनी मामलों को देखेगी। श्रीलंकाई सरकार का दावा है कि उनके देश में बंदरों की संख्या अधिकतम स्तर को पार कर गई है। ऐसे में बंदरों की वजह से कृषि को भारी नुकसान हो रहा है। इस समय श्रीलंका में तीस लाख से अधिक बंदर हैं। श्रीलंका के कृषि मंत्री महिंदा अमरवीरा का दावा है कि चीन भेजे जाने वाले बंदरों का इस्तेमाल मांस के लिए नहीं किया जाएगा।

# जापान के प्रधानमंत्री पर फैंका बम, बालबाल बचे

**टोक्यो (एजेंसी)।** जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा पर एक घातक बम फैंकर मारने की कोशिश की गई। जापान के पीएम एक बंदरगाह के दौरे पर थे, उसी दौरान हमला हुआ है। जानकारी के अनुसार फुमियो किशिदा पश्चिमी जापान के बंदरगाह का दौरा करने पहुंचे थे। वाकायामा में जब वह दौरे पर थे, तब एक तेज धमाका हुआ। हालांकि उन्हें सुरक्षित निकाल लिया गया है। वह अपना भाषण शुरू करते उससे पहले ही यह हमला हुआ। सुरक्षाबलों ने हमलावर को पकड़ लिया है। एक गैस या पाइप बम उनकी ओर फेंका गया था। घटनास्थल पर चश्मदीदों के मुताबिक हमले के दौरान एक तेज आवाज सुनाई



दी। यह बताया गया कि घटना के बाद किशिदा को तुरंत कवर कर लिया गया। हमले के बाद एक अधिकारी एक व्यक्ति को रोक रहे थे और ले जा रहे थे। जबकि आसपास के क्षेत्र से लोगों को हटाया जा रहा था। मीडिया में आ रही खबरों के अनुसार किशिदा पश्चिमी जापानी शहर में एक मछली पकड़ने वाले बंदरगाह का निरीक्षण करने पहुंचे थे। यहां उन्हें भाषण भी देना था। हमले के बाद सिटी काउंसिल के एक सदस्य ने मीडिया को बताया कि पीएम के सामने पाइप जैसी दिखने वाली एक चीज फेंकी गई थी। एक अन्य प्रत्यक्षदर्शी ने भी कहा कि उसने एक पाइप जमीन पर पड़ा हुआ देखा, जो चांदी की तरह चमक रहा था। जापान के सुरक्षा अधिकारियों के मुताबिक पीएम किशिदा सुरक्षित हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पकड़े गए संदिग्ध को पूछताछ के लिए वाकायामा पश्चिम पुलिस स्टेशन ले जाया गया है। पुलिस का कहना है कि वह अभी संदिग्ध से जुड़ी जानकारी साझा नहीं कर सकते, जबतक पूरी तरह से सबूत नहीं जुटा लिए जाते कुछ भी नहीं कहा जा सकता है।

## पंजाब व खैबर पख्तूनख्वा प्रांतों में चुनाव के लिए 21 अरब रुपए दे केंद्रीय बैंक : सुप्रीम कोर्ट

### – पाक सरकार चुनावों के लिए धन उपलब्ध कराने में रही है विफल

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान के उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को केंद्रीय बैंक को पंजाब और खैबर पख्तूनख्वा प्रांतों में चुनाव के लिए 21 अरब रुपये मुहैया कराने का निर्देश दिया, क्योंकि सरकार चुनावों के लिए धन उपलब्ध कराने में विफल रही है। पाकिस्तान की राजनीति में चुनाव का मुद्दा केंद्र बिंदु बन गया है, क्योंकि पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पंजाब और खैबर पख्तूनख्वा प्रांतों में समय पर चुनाव कराने पर जोर दे रहे हैं।

उच्चतम न्यायालय ने 4 अप्रैल को संघीय सरकार को पाकिस्तान के निर्वाचन आयोग को सोमवार तक 21 अरब रुपये देने का आदेश दिया था, ताकि वह पंजाब और खैबर-पख्तूनख्वा प्रांतों में चुनाव आयोजित कर सके, जहां पहले खान की अगुवाई वाली पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी का शासन था। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार ने सोमवार को संसद में चुनाव के लिए राशि उपलब्ध कराने संबंधी विधेयक पेश किया था।

नेशनल असेंबली के अध्यक्ष द्वारा चर्चा के लिए वित्त और राजस्व पर संसद की स्थायी समिति को भेजे गए विधेयक को बृहस्पतिवार को खारिज कर दिया गया। प्रधान न्यायाधीश उमर अता बांदियाल के नेतृत्व में तीन सदस्यीय पीठ ने इस मामले की सुनवाई की, जिसमें स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान (एसबीपी) की डिप्टी गवर्नर सिमा कामिल और अटॉर्नी जनरल मंसूर अवान सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। सुनवाई के बाद पीठ ने एसबीपी को 21 अरब रुपये जारी करने और 17 अप्रैल तक वित्त मंत्रालय को इस संबंध में उचित सूचना भेजने का आदेश दिया।

## चीन ने हवा में मिसाइल मार गिराने की क्षमता रखने वाले हथियार का परीक्षण किया



**काबुल (एजेंसी)** बीजिंग। चीन ने शनिवार को कहा कि उसने बीच हवा में मिसाइल को मार गिराने की क्षमता रखने वाले हथियार का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है, जो अंतरिक्ष से आ रहे हथियारों को मार गिराने की उसकी क्षमता में प्रगति का संकेत है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि यह परीक्षण चीनी क्षेत्र के भीतर शुक्रवार देर रात किया गया और इसने ''परीक्षण का वांछित उद्देश्य'' हासिल किया। मंत्रालय ने बताया कि यह परीक्षण ''रक्षात्मक प्रकृति का था और इसका निशाना किसी देश की ओर नहीं था।''

बहरहाल, चीन ने कोई और जानकारी नहीं दी, मसलन क्या उसने सच में किसी लक्ष्य को भेदा, कितनी मिसाइल छोड़ी गई और वे कहां गिरीं। ऐसी प्रणालियों में जमीन से मार करने वाली कई इंटरसेप्टर मिसाइलें और बड़ी संख्या में राडार तथा अग्नि नियंत्रण प्रणाली शामिल होती हैं और इनका उद्देश्य बीच हवा में परमाणु या अन्य हथियार ले जाने में सक्षम आईसीबीएम समेत बैलिस्टिक मिसाइलों को मार गिराना होता है।

चीन के पास पहले ही दुनिया की सभी प्रकार की मिसाइलों का सबसे बड़ा शस्त्रागार है और ऐसा माना जाता है कि वह तेजी से इसका विस्तार कर रहा है। पिछले वर्ष अमेरिकी रक्षा विभाग पेंटागन द्वारा जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, चीन के पास अभी करीब 400 परमाणु हथियार हैं और 2035 तक यह संख्या बढ़कर 1,500 तक पहुंच सकती है।

# जलवायु परिवर्तन हमें अनेक तरीकों से नुकसान पहुंचा रहा : निर्मला सीतारमण

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि जलवायु परिवर्तन हमें अनेक तरीकों से नुकसान पहुंचा रहा है। लगातार बदलते जलवायु परिवर्तन पर अपनी चिंता जाहिर करते हुए उन्होंने कहा कि अब जलवायु परिवर्तन रोजमर्रा की जिंदगी में हमें विभिन्न कोणों के साथ नुकसान पहुंचा रहा है। विश्व बैंक द्वारा आयोजित कार्यक्रम मेकिंग इट पर्सनलः हाउ बिहेवियरल चेंज कैन टैकल क्लाइमेट चेंज पर पैनल चर्चा के दौरान सीतारमण ने अपने विचार व्यक्त किए। वित्त मंत्री ने लाइफ एजेंडे के सवाल पर कहा कि बार-बार अनुनय करना, बार-बार बोलना और उन मुद्दों के बारे में बोलना जो आपको लगता है कि सामान्य हैं, लेकिन उन




लोगों द्वारा बार-बार बोलना जो पदों पर हैं, जो लोग जिम्मेदार हैं और उन लोगों द्वारा जो वास्तव में ध्यान आकर्षित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई लाइफस्टाइल फॉर एनवायरनमेंट पहल का उद्देश्य पर्यावरण क्षरण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए भारत और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थायी जीवन शैली को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है।

इस दौरान सीतारमण ने डीपीआई (डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर) पर भी विस्तार से बात की। वॉशिंगटन में डीपीआई पर सार्वजनिक और निजी क्षेत्र एक साथ कैसे काम कर सकते हैं, इस पर आईएमएफ द्वारा आयोजित इंडियाज डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर - स्टैकिंग अप द बेनिफिट्स में एक मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए, सीतारमण ने कहा कि कई व्यापक आर्थिक और महामारी संबंधी कठिनाइयों के कारण वर्तमान समय में सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्रों को लाभान्वित करने के लिए डीपीआई की क्षमता को प्रदर्शित करते हैं। जैसा कि हम मैक्रोइकॉनॉमिक्स और महामारी से संबंधित कई चुनौतियों से निपट रहे हैं। ऐसे में सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्रों में डीपीआई की योगदान करने की क्षमता बहुत बड़ी है और कठिन समय में भी देश के विकास पथ को बदल सकती है।

## दक्षिण कोरिया के आसामान में दिखे महाविनाशक बी-52 बॉम्बर

सियोल । किम जोंग उन के भयावह मिसाइल परीक्षण के बाद अमेरिका ने शुक्रवार को परमाणु बी-52 बमवर्षक तैनात किए। एयर ड्रिल के दौरान दो बी-52 परमाणु बमवर्षकों को दक्षिण कोरिया के ऊपर उड़ते हुए देखा गया। उत्तर कोरिया के सुप्रीम लीडर किम जोंग उन की ओर से किए गए मिसाइल परीक्षण के कुछ ही घंटों के बाद अमेरिका ने बमवर्षक उड़ाए हैं। दक्षिण कोरिया के रक्षा मंत्रालय की ओर से इससे जुड़ी नाटकीय तस्वीरें जारी की गई हैं। इन तस्वीरों में बी-52 बमवर्षक और एफ-35 लड़ाकू विमान दिखाई दे रहे हैं। बी-52 स्ट्रैटोफोर्ट्रेस की फ्लाइंग रेंज 14,500 किमी है और यह 30 टन से ज्यादा बम ले जा सकता है। इस घातक बमवर्षक में बड़ी संख्या में परमाणु-सक्षम क्रूज मिसाइलें और हवा से सतह में मार करने वाले रॉकेटों को भी लगाया जा सकता है। दक्षिण कोरियाई वायु सेना ऑपरेशन कमांड के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल पार्क हा सिक ने कहा ?कि यह अभ्यास दक्षिण कोरिया-अमेरिका गठबंधन के मजबूत संकल्प और उत्तर कोरिया की ओर से किसी भी उकसावे का तेजी से और जबरदस्त तरीके से जवाब देने की तत्परता को दिखाता है। उत्तर कोरिया की ओर से हाल ही में अमेरिका और दक्षिण कोरिया को चेतावनी दी गई थी। दक्षिण कोरिया के सुप्रीम लीडर किम जोंग उन की बहन किम यो जोंग ने चेतावनी दी है कि उनका देश अमेरिका और दक्षिण कोरिया के खिलाफ भारी कार्रवाई करने के लिए तैयार है। दक्षिण कोरिया ने हाल ही में ठोस ईंधन वाले अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया है। किम जोंग उन ने परीक्षण का मार्गदर्शन किया और चेतावनी दी कि यह दुश्मनों के लिए एक बड़ा संकट है और जब तक वह अपनी आक्रामतक कार्रवाई त्याग नहीं देते तब तक ऐसे टेस्ट होते रहेंगे। उत्तर कोरिया के ज्यादातर बैलेस्टिक मिसाइल तरल फ्यूल से चलते हैं।

# चीन और पाकिस्तान दोनों आतंकवाद से हो रहे परेशान

**बीजिंग (एजेंसी)।** इन दिनों चीन और पाकिस्तान दोनों ही आतंकवाद से परेशान दिखाई दे रहे हैं। एक ओर जहां चीन ने कहा है कि अफगानिस्तान में आतंकवाद बद से बदतर हो गया है और तालिबान शासकों को पड़ोसी देशों-खासकर पाकिस्तान के लिए समस्याएं खड़ी कर रहे आतंकी समूहों पर नकेल कसने के अपने संकल्प को पूरा करना चाहिए। वहीं आतंकवादी समूह टीटीपी द्वारा लगातार किए जा रहे हमलों से पाकिस्तान परेशान है। इस्लामाबाद का आरोप है कि यह समूह अफगान धरती से अपनी गतिविधियों को अंजाम दे रहा है। चीन अगस्त 2021 में अफगानिस्तान पर कब्जे के बाद से ही तालिबान का समर्थन करता आया है। चीन को उम्मीद है कि तालिबान की मदद से वह शिनजियांग प्रांत में सक्रिय आतंकवादियों पर नकेल कस सकता है। चीनी विदेश मंत्री छिन कांग ने गुरुवार को उज्बेकिस्तान के समरकंद में आयोजित अफगानिस्तान के पड़ोसी देशों के सम्मेलन की अध्यक्षता करने के बाद कहा कि अफगानिस्तान में आतंकवाद बद से बदतर हो गया है। अफगान आतंकी समूहों की संख्या आज बढ़कर 20 से अधिक हो गई है। इस सम्मेलन में चीन, रूस, पाकिस्तान और ईरान शामिल हुए। चीन द्वारा बुलाई गई विदेश मंत्रियों की यह चौथी बैठक है, जिसके उइगुर मुस्लिम बहुल शिनजियांग प्रांत की सीमाएं अफगानिस्तान से लगती हैं।

चीनी विदेश मंत्री ने समरकंद बैठक के अंत में जारी एक संयुक्त बयान में कहा गया कि अफगानिस्तान आधारित आतंकवादी समूहों ने पड़ोसी देशों के लिए गंभीर समस्याएं खड़ी की हैं। बैठक में पाकिस्तान की विदेश राज्य मंत्री हिना रब्बानी खार शामिल हुईं। चीन ने कहा कि अफगानिस्तान में आतंकवाद बद से बदतर हो गया है और तालिबान शासकों को पड़ोसी देशों-खासकर पाकिस्तान के लिए समस्याएं खड़ी कर रहे आतंकी समूहों पर नकेल कसने के अपने संकल्प को पूरा करना चाहिए। चीन और पाकिस्तान दोनों अफगानिस्तान में बढ़ते आतंकवाद से डरे हुए हैं। दोनों देशों को आशंका है कि अगर अफगानिस्तान में आतंकवाद बढ़ता है तो इसका सीधा असर उनके देश पर पड़ सकता है। चीन शिनजियांग में ईस्ट तुर्कमेनिस्तान नाम के आतंकी संगठन से परेशान हैं, वहीं पाकिस्तान तो खुद में आतंकवाद की फैक्ट्री है।



# सिद्धांतहीनता के विरोध से लोकतंत्र का भला

विश्वनाथ सचदेव

चार राज्यों के चुनाव इस वर्ष हो जाएंगे, और अगले साल आम चुनाव हैं ही। राजनीतिक दलों की सक्रियता स्वाभाविक है, पर चुनाव-प्रचार की दृष्टि से भारतीय जनता पार्टी बाकी राजनीतिक दलों से काफी आगे दिख रही है। परिणाम तो मतदाता ही तय करेगा, पर राजनीतिक दलों में दावों और वादों की भरमार और रफ्तार की तेज़ी इतना तो बता ही रही है कि अगला चुनाव कांटे का होगा। इस राजनीतिक घमासान में मतदाता की उदासीनता कुछ परेशान करने वाली है। यह सही है कि मतदाता के पास अपनी आवाज़ उठाने का मौका चुनाव के अवसर पर ही आता है, पर जनतांत्रिक व्यवस्था का तकाज़ा है कि मतदाता में जागरूकता होनी ही नहीं, दिखनी भी चाहिए। सोशल मीडिया के इस युग में मतदाता के हाथ में एक महत्वपूर्ण हथियार आ गया है, दिखना चाहिए कि मतदाता इस हथियार का उपयोग कर रहा है। एक सीमा तक ऐसा हो भी रहा है, पर वैसा कुछ दिख नहीं रहा जैसा दिखना चाहिए। संसद का बजट सत्र अभी हाल ही में समाप्त हुआ है। इस सत्र में सत्तारूढ़ दल और विपक्ष दोनों का व्यवहार निराशाजनक ही नहीं रहा, शर्मनाक भी था। सारा सत्र शोर-शराबे की भेंट चढ़ गया। आश्चर्य की बात तो यह है कि संसद की कार्यवाही में रुकावट डालने का काम दोनों पक्षों ने किया। विपक्ष द्वारा संसद की कार्यवाही में रुकावट डालकर सत्तारूढ़ दल को किसी प्रस्ताव पर सहमत करना तो समझ में आता है, पर शायद ही पहले कभी सत्तारूढ़ दल द्वारा संसद की कार्यवाही को रोकने की कोशिश करते देखा गया है। पर इस बार हुआ ऐसा। सत्तारूढ़ दल को किसी भी शर्त पर यह स्वीकार नहीं था कि कांग्रेस के नेता राहुल गांधी 'देश का अपमान' करने की सज़ा पाये बिना संसद की कार्यवाही में भाग लें और लगभग समूचे विपक्ष की ज़िद थी की 'अडानी-कांड' की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति का पहले गठन हो, फिर संसद की कार्यवाही आगे बढ़ेगी। दोनों ही पक्षों की इस रणनीति ने संसद का मज़ाक बनाकर रख दिया। यह समझना आसान नहीं है कि हमारी संसद ने इस सत्र का आधे से अधिक काम, जिसमें बजट पारित करना भी शामिल है, बिना किसी बहस के, शोर-शराबे के बीच निपटा दिया। हां, यही शब्द काम में लिया जा सकता है इस तरीके के लिए जो हमारी संसद में अपनाया गया। जहां तक विपक्ष द्वारा कार्यवाही में बाधा डालने का सवाल है, आज का सत्तारूढ़ दल, भाजपा इसे पहले ही अपना मान्य हथियार कह चुका है। स्वर्गीय सुषमा स्वराज और स्वर्गीय अरुण जेटली जब संसद में थे तो उन दोनों ने संसद के काम में रुकावट डालने को काम करने का ही एक उदाहरण बताकर अपने काम की सफाई दी थी। उनका यह मानना-कहना पूरी तरह ग़लत भी नहीं था। जब भारी बहुमत वाला सत्तारूढ़ दल विपक्ष की कोई भी बात स्वीकारने के मूड में न हो तो विपक्ष के पास अपना असंतोष जताने का और कौन-सा रास्ता बच जाता है? जब भाजपा विपक्ष में थी तो उसने इसी राह पर चलना ज़रूरी समझा, और अब जबकि भाजपा-विरोधी दल विपक्ष में हैं, उन्हें लग रहा है कि संसद की कार्यवाही में बाधा




डालकर ही वे अपनी उपस्थिति की महत्ता साबित कर सकते हैं। परिणाम देश के सामने है संसद का एक और सत्र धुल गया। सवाल सिर्फ संसद चलाने के लिए होने वाले खर्च की बर्बादी का नहीं है। वैसे, एक आकलन के अनुसार संसद की कार्यवाही पर प्रति मिनट ढाई लाख रुपये खर्च होते हैं! यानी हर सत्र पर करोड़ों रुपये का खर्च। और यह सब तब पानी में बह जाता है जब हमारी संसद में ऐसा कुछ होता है, जैसा इस सत्र में हुआ। पर इसकी चिंता किसे है? चिंता इस देश के नागरिक को होनी चाहिए जनता को पूछना चाहिए अपनी सरकार से कि क्या उसे इसलिए सत्ता में बिठाया गया था कि वह अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए ऐसी ज़िद पर अड़ जाये जिसका कोई महत्व ही न हो। लंदन में जाकर भारतीय जनतंत्र की स्थिति पर राहुल गांधी द्वारा कुछ कहा जाना सरकार की दृष्टि में इतना बड़ा अपराध कैसे बन गया कि संसद की कार्यवाही ठप करना ज़रूरी समझा गया? और जेपीसी की मांग करके आखिर विपक्ष ने ऐसा क्या मांग लिया था जो किसी भी कीमत पर दिया नहीं जा सकता था? यह और ऐसे सवाल मतदाता को अपने नेताओं से पूछने चाहिए। सवाल करना जनता का अधिकार है, और कर्तव्य भी। अब सवाल यह उठता है कि देश की जनता अपने इस अधिकार का उपयोग करती है या नहीं? अपने इस कर्तव्य का पालन करती है या नहीं? विधानसभाओं और संसद में निर्वाचित होकर जाने वाले राजनेता हमारे नेता नहीं, प्रतिनिधि हैं। हमारा अधिकार है उनके काम-काज पर नजर रखने का। वे कुछ अच्छा कर रहे हैं तो उनकी पीठ थपथपाने का और यदि वह हमारी अपेक्षाओं के अनुरूप काम नहीं कर रहे तो उनसे सवाल पूछना भी हमारा कर्तव्य है। सच बात तो यह है कि जनतंत्र की सफलता और महत्ता दोनों नागरिक की सक्रियता और जागरूकता पर निर्भर करते हैं। हम कितने सक्रिय और जागरूक हैं। आज के चुनावी माहौल में हमारे नेता (प्रतिनिधि) दावों और वादों की झड़ी लगा रहे हैं। राजनीतिक दल एक-दूसरे पर आरोप मढ़ कर अपनी कमीज़ उजली होने के दावे कर रहे हैं। मज़े की बात यह है कि विभिन्न दलों के हमारे नेता कल तक विपक्ष की जिस कमीज़ को मैला बता रहे थे, आज उसे स्वयं धारण करने में उन्हें कोई संकोच नहीं लगता। उनके लिए दलबदल शर्म की नहीं, शान की बात बन गया है। कल तक जिस दल को विरोधी माना जाता था, जिस राजनेता को बेईमान कहा जाता था, आज उसका स्वागत फूल-मालाओं से किया जा रहा है। हमारी राजनीति का यह एक घिनौना चेहरा है। मत-परिवर्तन के आधार पर दलबदल हो तो फिर भी बात समझ में आती है, पर आज तो विचारों की राजनीति के लिए कहीं जगह ही नहीं है। राजनीति का मतलब ही सत्ता का खेल बन गया है, और खेल भी ऐसा जिसमें न कोई नियम है, न कोई सिद्धांत। इस सिद्धांतहीन राजनीति के खिलाफ आवाज़ उठाना ही जनतंत्र की सार्थकता को दिखाता है। विचारों और मूल्यों के लिए यह लड़ाई संसद में ही नहीं, सड़क पर भी दिखनी चाहिए। संसद यदि मौन है, तो आवाज़ सड़क से उठनी चाहिए। यह आवाज़ देश के जागरूक नागरिक की होती है। नागरिक यानी हम कितने जागरूक हैं अपने कर्तव्यों और अधिकारों के प्रति? समाजवादी विचारक डॉ. राम मनोहर लोहिया कहा करते थे कि यदि 'सड़क खामोश हो गयी तो संसद आवारा हो जाएगी'। सदनों के भीतर हमारे प्रतिनिधि जिस तरह का व्यवहार कर रहे हैं, उसे देखते हुए यह ज़रूरी हो गया है कि सड़क यानी देश का नागरिक अपनी आवाज़ उठाये। राजनेताओं की चिकनी-चुपड़ी बातों से बचना ज़रूरी है, उनके दावों को देखना- परखना ज़रूरी है। तभी जनतंत्र बचेगा, सार्थक होगा।

लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।

संपादकीय

## हमारे जमाने का नेटवर्क Light Humour

मेरे बचपन के समय में और अभी के समय में दिन - रात का फर्क आ गया है । समय की माँग के हिसाब से परिवर्तन अवश्यंभावी है । प्रगति तो हर तरीके से हो रही है लेकिन दर्द अपनापन आदि खत्म होते जा रहे है । परिवार रिश्तों में रिश्ते नाते तो दूर बायें हाथ को दाये हाथ से कोई मतलब नहीं है । आदि - आदि अनेकों उदाहरण हम देख सकते है । और कारणों के साथ-साथ आज के चलन में मुझे सभी का मुख्य कारण विशेष रूप से मोबाइल फोन पर लगे रहना लगता है । मोबाइल का इस तरह सम्बन्धों पर इतना घातक उपयोग हो रहा है कि घंटों एक सोफे पर बैठ कर भी एक-दूसरे से बात करने की हमारी मानसिकता नहीं होती है परन्तु मोबाइल में व्यस्तता रहती है। माना कि मोबाईल निःसंदेह बहुत उपयोगी उपकरण है। पर इसे उपयोगिता तक ही हमारा सीमित रखना जरुरी है। इसको एक नशे या लत के रूप में उपयोग करना हमारा दोष है ना कि मोबाईल का दोष है । इसके दुरुपयोग से बहुत तरीको से भिन्न - भिन्न तरह की जीवन में सामंजस्यता समाप्त हो रही है ।यह चिन्तन ही नहीं बहुत गहरी चिंता का विषय है। इस प्रवृत्ति पर अगर हमारे द्वारा ब्रेक लगाने की ओर ठोस चिन्तन नहीं किया जाएगा तो वह दिन दूर नहीं जब हमारा आपसी वार्तालाप पर ही एकदम विराम लग जाएगा। यह स्थिति हम सबका गहन चिन्तन माँगती है नहीं तो परिवार-संस्था आदि का अस्तित्व ही समाप्ति की ओर जा रहा हैं । हम सबका यह कर्तव्य हैं की हम गंभीरता से इस ओर ध्यान दे और सँभालें सही से सभी व्यवस्था की डोर। इसी मकसद से भिन्न - भिन्न अपने हिसाब से चिन्तन कर कभी-कभी मूड को हमको हल्का भी कर लेना चाहिए । मन को Light Humour से भर लेना चाहिए। इससे हमारे तनाव तो कम होते ही है और हम साथ में सारे गम भूल जाते हैं ।



प्रदीप छाजेड़
( बोरावड़ )

## आज का राशीफल

**मेष** व्यावसायिक समस्या सुलझाने में आप सफल होंगे। वाणी की सौम्यता आपके लिए लाभदायी होगी। शासन सत्ता का सहयोग रहेगा। आर्थिक लाभ होगा। संतान के संबंध में सुखद समाचार मिलेगा।

**वृषभ** जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। पिता या उच्चाधिकारी का सहयोग मिलेगा। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद व लाभप्रद होगी। उदर विकार या त्वचा के रोग से पीड़ित रहेंगे। आय और व्यय में संतुलन बना कर रखें।

**मिथुन** पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। धन, पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। कोई महत्वपूर्ण निर्णय न लें। प्रणय संबंधों में प्रगाढ़ता आयेगी। मनोरंजन के अवसर प्राप्त होंगे।

**कर्क** पिता या उच्चाधिकारी का सहयोग मिलेगा। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा। भाग्यवश कुछ ऐसा होगा जिसका आपको लाभ मिलेगा। निजी संबंधों में प्रगाढ़ता आयेगी। वाहन प्रयोग में सावधानी अपेक्षित है।

**सिंह** दाम्पत्य जीवन सुखमय होगा। राजनैतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति होगी। आय और व्यय में संतुलन बना कर रखें। आपके प्रभाव तथा वर्चस्व में वृद्धि होगी। तनाव व टकराव की स्थिति आपके लिए हितकर नहीं होगी।

**कन्या** शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में आशातीत सफलता मिलेगी। भाग्यवश कुछ ऐसा होगा जिसका आपको लाभ मिलेगा। किया गया परिश्रम सार्थक होगा। ससुराल पक्ष से लाभ होगा। व्यर्थ की भागदौड़ रहेगी।

**तुला** पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। धन, पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। आपके पराक्रम तथा वर्चस्व में वृद्धि होगी। आय के नए स्त्रोत बनेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**वृश्चिक** बेरोजगार व्यक्तियों को रोजगार मिलेगा। आय के नवीन स्त्रोत बनेंगे। नेत्र विकार की संभावना है। किया गया परिश्रम सार्थक होगा। पिता या उच्चाधिकारी का सहयोग मिलेगा। व्यर्थ की उलझनें रहेंगी।

**धनु** व्यावसायिक योजना सफल होगी। धन, पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। उदर विकार या त्वचा के रोग से पीड़ित रहेंगे। मनोरंजन के अवसर प्राप्त होंगे। ससुराल पक्ष से लाभ होगा। धार्मिक प्रवृत्ति में वृद्धि होगी।

**मकर** जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। खान-पान में सावधानी रखें। क्रोध व भावुकता में लिया गया निर्णय कष्टकारी होगा। किया गया पुरुषार्थ सार्थक होगा। भाई या पड़ोसी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

**कुम्भ** पारिवारिक जनों के मध्य सुखद समय गुजरेगा। कार्यक्षेत्र में रुकावटों का सामना करना पड़ेगा। वाणी की सौम्यता बनाये रखें। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। नए अनुबंध मिलेंगे। संतान के संबंध में सुखद समाचार मिलेगा।

**मीन** शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में आशातीत सफलता मिलेगी। भाई या पड़ोसियों से अकारण विवाद हो सकता है। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद व लाभप्रद होगी। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा।

# चुनावी चंदे पर नियंत्रण जरुरी, इस मुद्दे पर गंभीरता से विचार करने की दरकार

(लेखक - वरुण गांधी)

भारत के 2009 के आम चुनाव में राजनीतिक दलों द्वारा दो अरब डॉलर खर्च किए गए। यह आंकड़ा 2014 में पांच अरब और 2019 तक 8.6 अरब डॉलर तक पहुंच गया। भारत का पिछला आम चुनाव दुनिया का सबसे महंगा चुनाव था। सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज के अनुसार, भारत में इस खर्च का 10-12 फीसद मतदाताओं को सीधे नकद भुगतान के रूप में है। हमारे यहां चुनाव खर्च को लेकर राज्य वित्त पोषण का मामला पहले से विचारणीय रहा है। इस मुद्दे पर अब नए सिरे से ध्यान देने की जरूरत है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) के अनुसार, 2021-22 में देश में राष्ट्रीय दलों की आय का 60 फीसद अज्ञात स्रोतों से आया और यह राशि 2,172 करोड़ रुपये से अधिक है। वित्तीय वर्ष 2004-05 और 2021- 122 के बीच राजनीतिक दलों द्वारा 17,249 करोड़ रुपये अज्ञात स्रोतों से जुटाए गए। इसमें कहीं दो राय नहीं कि चुनिंदा सुधारों के बावजूद दशकों से देश में चुनावी खर्च में पारदर्शिता की कमी रही है। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम (1951), धारा 29 (सी) के मुताबिक, राजनीतिक दलों के कोषाध्यक्षों को 20 हजार रुपये से अधिक के किसी भी योगदान के दस्तावेज चुनाव आयोग से साझा करना होता है। 1968 में इंदिरा गांधी की पहल पर राजनीतिक दलों को कॉरपोरेट चंदे पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। अलबत्ता 1985 में इसे फिर से वैध ठहरा दिया गया। 1979 तक राजनीतिक दलों को आय और संपत्ति करों से भी छूट हासिल थी। हालांकि वे वार्षिक रिटर्न दाखिल करते थे और दस हजार रुपये से अधिक के दान और उसके दाताओं की पहचान का खुलासा करते थे। कहना नहीं होगा कि इस मामले में बाद में संशोधनों ने निगमों और राजनीतिक दलों की गोपनीयता को सामान्य नागरिकों के सूचना के अधिकार पर प्राथमिकता दी है। जाहिरा तौर पर इससे स्वतंत्र और निष्पक्ष 0चुनाव कराने की हमारी क्षमता प्रभावित हुई है। राजनीतिक दलों को अब आयकर विभाग और चुनाव आयोग को वार्षिक आय-व्यय ब्योरा देना तो जरूरी है, लेकिन वे अपने धन के स्रोतों का विस्तृत विवरण देने के लिए बाध्य नहीं हैं। साफ है कि हमारे पास चुनावी खर्च और इसमें योगदान के खुलासे सीमित हैं। अमेरिका में चुनाव अभियान के खर्च के लिए दलों और उम्मीदवारों को वित्तीय मदद की परिभाषित सीमाएं हैं, जबकि चुनाव अभियान का खर्च ऐसी किसी सीमा से मुक्त है। साथ ही निगमों और श्रमिक संघों को उम्मीदवारों को सीधे वित्तीय मदद देने से मनाही है। इटली में राजनीतिक दलों को कॉरपोरेट योगदान के लिए वार्षिक रिपोर्ट में इसके खुलासे के साथ बोर्ड की मंजूरी लेनी होती है। नीदरलैंड में लोगों और कंपनियों को सीमित दान और पार्टी सदस्यता राशि चुकाने में कर कटौती का प्रोत्साहनकारी प्रावधान है। हमें चुनाव के दौरान उम्मीदवारों और दलों के लिए खर्च की स्पष्ट सीमा तय करने की जरूरत है। चुनाव अभियानों के संचालन की जटिलता का ध्यान रखते हुए इन सीमाओं को यथार्थवादी और प्रासंगिक होना चाहिए। चुनाव आयोग राजनीतिक दलों की रिपोर्ट के लिए जोर दे रहा है ! डिजिटल लेन-देन की अनिवार्यता के साथ 2,000 रुपये से ऊपर के सभी दान का स्वागत किया जाना चाहिए। इस तरह के प्रावधानों के साथ छोटे दलों के लिए खेल का मैदान न्यायपूर्ण हो जाएगा और निर्दलीय उम्मीदवारों के पास सफलता का अधिक उचित अवसर होगा। इस मामले में चुनावी बॉन्ड रामबाण साबित नहीं हुआ है। 2018 में चुनावी बॉन्ड योजना को वित्त अधिनियम (2017) के जरिये पेश किया गया था और इसके जरिये लोगों, संस्थाओं या कंपनियों द्वारा ब्याज मुक्त चुनावी बॉन्ड की खरीद का रास्ता खोला गया था। इसमें न तो क्रेता और न ही राजनीतिक दल को ही यह बताने की जरूरत है कि दान किसे दिया गया है। इस बीच, भारत में चुनावों की विदेशी फंडिंग भी जारी है। यह विडंबना ही है कि एनजीओ चलाने वाले भारतीयों को विदेशी चंदा प्राप्त करने के लिए कई चक्कर लगाने पड़ते हैं, जबकि हमारे राजनीतिक दलों को कानूनन विदेशी चंदा प्राप्त करने की इजाजत है। आखिर में हम कह सकते हैं कि चुनाव के लिए सरकारी फंडिंग एक ऐसा विचार है, जिस पर गंभीरता से विचार करने का समय आ गया है। यह पश्चिम में पहले से व्यापक रूप से प्रचलित है। मसलन, फ्रांस में राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों के लिए सार्वजनिक सब्सिडी 1988 से शुरू की गई थी। इसके साथ ही वहां कॉरपोरेट दान पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। नीदरलैंड में 1970 के दशक से सार्वजनिक सब्सिडी दी जाती रही है। अलबत्ता वहां फंड वितरण पार्टी फाउंडेशन के माध्यम से होता है। इसी तरह, स्वीडन में राजनीतिक दलों के लिए सार्वजनिक सब्सिडी 1965 से मौजूद है। भारत के संबंध में भी यह कोई नया विचार नहीं है। 1990 में चुनाव सुधारों पर दिनेश गोस्वामी समिति ने सिफारिश की कि स्वतंत्र समर्थकों द्वारा चुनावी खर्च को दंडित करते हुए और राजनीतिक दलों को कॉरपोरेट चंदे पर प्रतिबंध लगाते हुए चुनिंदा खर्चों के लिए राज्य वित्त पोषण करे। 1998 से आंशिक राज्य सब्सिडी दी भी गई है। राज्य के स्वामित्व वाले टेलीविजन और रेडियो नेटवर्क पर खाली समय का आवंटन एक ऐसी ही पहल है। 1998 में चुनावों के राज्य वित्त पोषण पर इंद्रजीत गुप्त समिति ने सिफारिश की कि चुनाव के दौरान मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों को मुफ्त एअर टाइम साझा करने की अनिवार्यता को निजी चैनलों तक... विस्तृत और इसके लिए जरूरी सब्सिडी मुहैया कराई जानी चाहिए। राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों की निजी चंदे पर निर्भरता कम करने के लिए हमें चुनावों के लिए सरकारी फंडिंग की दिशा में बढ़ना चाहिए। साथ ही, पार्टी की सदस्यता को बढ़ावा देने और राष्ट्रीय चुनाव कोष में दान को भी प्रोत्साहित करना चाहिए। चुनावी खर्च की मलिनता को दूर करने के लिए इस तरह की पहल की प्रासंगिकता बढ़ गई है। इससे वैसे उम्मीदवारों को भी चुनाव मैदान में उतरने में बढ़ावा मिलेगा, जो स्वच्छ राजनीति और नीति-निर्माण पर बहस को आगे बढ़ाने में गंभीरता के साथ दिलचस्पी रखते हैं। 11 अप्रैल को सर्वोच्च न्यायालय तय भी करने जा रहा है कि क्या चुनावी बॉन्ड को चुनौती देने वाले दावों को संविधान पीठ को भेजा जाना चाहिए। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने एक बार कहा था कि भारत में हर विधायक अपने करिअर की शुरुआत झूठे रिटर्न फाइलिंग से करता है। लोकतंत्र और मतदान की शुचिता के लिए इस दिशा में ठोस और ईमानदार पहल समय की मांग है।

विचार मंथन

# असंभव काम को संभव करना सफलता का मूलमंत्र

(लेखक - सनत जैन)

भारत के सबसे बुजुर्ग उद्योगपति महिंद्रा एंड महिंद्रा के पूर्व चेयरमैन तथा यूनियन कार्बाइड के पूर्व गैर कार्यकारी अध्यक्ष केशव महिंद्रा का 12 अप्रैल 2023 को मुंबई में निधन हो गया। 2023 में अरबपतियों की जो लिस्ट जारी हुई थी, उसमें केशव महिंद्रा को 9840 करोड़ रुपए की संपत्ति का सबसे बुजुर्ग भारतीय उद्योगपति बताया गया था। उनके बारे में संपादकीय लिखने का मन इसलिए हुआ की वर्तमान उद्योगपतियों की तुलना में पहले के उद्योगपति किस तरह अपना उद्योग और व्यापार करते थे। उपभोक्ताओं का हित, व्यापार की ईमानदारी, राष्ट्रीयता, संवेदनशीलता के साथ वह व्यापार करते थे। समाज में ऐसे उद्योगपति परिवारों की प्रतिष्ठा होती थी। वह अपने धन का उपयोग अपने अलावा सामान्य लोगों के लिए भी करना जानते थे। 2019 में पेंसिलवेनिया यूनिवर्सिटी के व्हार्टन स्कूल, जहां से उन्होंने अपना ग्रेजुएशन किया था। वहां एक साक्षात्कार दिया था। उनका यह साक्षात्कार वर्तमान पीढ़ी के लिए मार्गदर्शी हो सकता है। केशव महिंद्रा ने अपने साक्षात्कार में प्रेरणा स्त्रोत के रूप में जेआरडी टाटा और नानाजी देशमुख को बताया था। उन्होंने नानाजी देशमुख को अपना मेंटर बताते हुए कहा था केवल भारतीय जनता पार्टी के एक दिग्गज नेता थे। लेकिन उन्होंने राजनीति छोड़कर समाज सेवा के लिए एक चैरिटेबल ट्रस्ट बनाया। उन्होंने हमेशा जन सामान्य के लिए काम करने में अपना पूरा जीवन लगाया। इसी तरह उन्होंने उद्योगपति जेआरडी टाटा से व्यापार किस मानक से किया जाना चाहिए। इसकी कार्य प्रणाली, धन का उपयोग, उद्योग एवं समाज से जुड़े हुए सभी वर्गों के लिए किस बेहतर तरीके से हो, इसके लिए जेआरडी टाटा उनके प्रेरणास्रोत रहे। उन्होंने कहा कि 15 16 साल की उम्र में हम जो सोचते हैं, वह कभी सही नहीं होता है। उन्होंने साक्षात्कार में कहा उनके पिता ने घर के सभी बच्चों से पन्ने पर लिखवाकर यह पूछा था कि वह बड़े होकर क्या बनना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि मैंने 2 पसंद लिखी थी। पहली पसंद किसान बनना और दूसरी पसंद सैनिक बनने की थी। लेकिन यह दोनों इच्छा पूरी नहीं हुई। मैं उद्योगपति बना, जो मेरी पसंद में नहीं था। उन्होंने कहा मेने अपने बच्चों को हमेशा दो बातें समझाई हैं, पहली असंभव काम को संभव करने की सोचें। दूसरी दयालु बने, दूसरों के बारे में सोचें। उनका कहना था कि पैसा ही सब कुछ नहीं है। दूसरों की खुशी में अपनी खुशी ढूंढगे तो सफल होंगे। अपने कॉलेज के साथियों से उन्होंने कहा था कि जीवन भर याद रखें, बेहतर तकनीकी तो सीख और सिखा सकते हैं। लेकिन व्यवहार कैसे अच्छा किया जाए, यह तकनीकी के जरिए सिखाना संभव नहीं है। उन्होंने कहा था कि व्यवहार में सभी के लिए समानता का व्यवहार ही सबसे बेहतर व्यवहार है। उनका मानना था कि इंसान की क्षमताएं असीम है। हर व्यक्ति को अपनी क्षमताओं के अनुसार सोचने और करने की स्वतंत्रता मिलनी चाहिए। केशव महिंद्रा लगभग 10000 करोड रूपए की संपत्ति के मालिक होते हुए भी हमेशा सादा एवं पारंपरिक जीवन जीने में विश्वास करते रहे। उन्होंने 1986 में अपनी बेटी लीना की शादी संजय लबरु से की। उन्होंने अपने घर से ही शादी के सभी समारोह किए। सब कुछ बेहद सामान्य था। उस समय वह चाहते तो पांच सितारा होटलों से शादी का आयोजन कर सकते थे। उन्होंने बड़ी सादगी के साथ अपनी लड़की की शादी में केवल उन्हीं लोगों को बुलाया, जो उनके परिवार से जुड़े हुए थे। ऐसी सादगी एक बड़े बिजनेसमैन परिवार में बहुत कम देखने को मिलती है। केशव महिंद्रा का हमेशा से सिद्धांत रहा है कि वह कितनी मदद कर सकते हैं। उनका यह मानना था कि यदि उन्हें राजनीति में अवसर मिलता तो कुछ और बेहतर कर पाते। लेकिन एक उद्योगपति के रूप में उन्होंने जो किया, उससे वह हमेशा संतुष्ट रहे। वह अपने बच्चों को हमेशा एक सीख देते थे, जो भी काम कर रहे हैं, उसमें सबसे पहले खुश रहना सीखें। दूसरों की नकल मत कीजिए। हां दूसरों से कुछ सीख सकते हैं, तो सीखना जरूर चाहिए। उनके जीवन में सबसे ज्यादा दुखी करने वाली घटना यूनियन कार्बाइड की थी। भोपाल में गैस रिसने के कारण सैकड़ों लोगों की मौत और हजारों लोग गैस से प्रभावित हुए थे। उसे वह अपने जीवन की सबसे दुखदाई घटना मानकर जीवन भर अफसोस जताते रहे। केशव महिंद्रा जैसे उद्योगपति अपने संस्कार और ईमानदारी से जरा भी समझौता नहीं किया। य दि वह करते तो भारत के बड़े से बड़े उद्योगपति हो सकते थे। उन्होंने कभी भी ऐसी दौड़ में शामिल होने को सही नहीं माना। उन्होंने अपने उद्योग और व्यापार को नीतिगत तरीके से कानूनी दायरे में रहकर अपनी क्षमता के अनुसार करने का प्रयास किया। उसमें वह ता-जीवन सफल रहे। वह कभी पैसे के पीछे नहीं भागे। उन्होंने जो सोचा, वह किया।

# दुल्हन के लुक में नजर आयी अभिनेत्री जॉर्जिया एंड्रियानी




**अभिनेत्री** जॉर्जिया एंड्रियानी को पूरी तरह से देसी दुल्हन के अवतार में देखा गया जिसने सभी को हैरान कर दिया। जब ट्रेंडी लुक्स की बात आती है, तो जॉर्जिया एंड्रियानी हर बार अपना जादू चलाने के लिए जानी जाती हैं। लेकिन इस बार नेटिज़न्स की नज़र जिस चीज़ पर पड़ी, वह है जॉर्जिया का नया लुक। एक तस्वीर में इस अभिनेत्री ने एक लाल रंग के दुल्हन का जोड़ा पहना है जिसमें जॉर्जिया में बेहद खूबसूरत लग रही है और कपड़ों से भी ज़्यादा जिसने सभी का ध्यान आकर्षित किया वह इस अभिनेत्री ने पहनी हुए ज्वेलरी थी जो जौहर बाय हाउस ऑफ डायमंड्स के लेटेस्ट कलेक्शन में से थी। अभिनेत्री ने एक भारी हीरे, मोती और कीमती डायमंड के स्टोन्स का हार पहना था जिसमें प्रेसियस स्टोन से बने डायमंड के झुमके और मांगटीका भी पहना है। जॉर्जिया ने अपने लुक को डायमंड ब्रेसलेट और डायमंड की रिंग के सात पहना जो वाकई में एक बेहद खूबसूरत लग रहा था। इसमें हर एक पीस को एकदम बारीकी से डिज़ाइन किया गया यह जो काफी निखर के दिख रहा है और जॉर्जिया पर यह पूरा लुक बेहद सुन्दर लग रहा है। जॉर्जिया ने अपने बालों को एक स्लीक बन में स्टाइल किया और अपनी आंखों को बोल्ड रखा साथ में ब्लश्डऔर न्यूड लिपस्टिक के साथ ग्लैमरस मेकअप लुक को पूरा किया। हर कोई जॉर्जिया की खूबसूरती का कायल हैं।  बता दें कि जॉर्जिया एंड्रियानी एक ऐसी एक्ट्रेस है जिसने अपनी मेहनत और लगन से सभी के दिलो में अपनी एक अलग जगह बना ली है। जॉर्जिया अपने सभी फैंस को अपने पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ से अपडेट रखने में कभी पीछे नहीं रहती।

# अक्टूबर में प्रदर्शित होगी लियो

**दक्षिण** भारत के सुपर सितारे थलापति विजय की फिल्म लियो प्रदर्शन से पूर्व ही 400 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार करने में सफल हो चुकी है। इस आंकडे को देखकर कहा जा रहा है कि यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित होगी। लोकेश कनगराज की इस फिल्म को पैन इंडिया के तौर पर प्रदर्शित किया जाएगा। लियो पहली ऐसी तमिल फिल्म है, जिसने महज प्री-सेल से 400 करोड़ रुपये कमाए, इंडस्ट्री के लिए एक नया बेंचमार्क सेट किया। बता दें कि फिल्म लियो को लोकेश कनगराज निर्देशित कर रहे हैं। यह फिल्म अक्टूबर में प्रदर्शित होने की तैयारी में है

थलापति विजय की पिछली फिल्म वारिसु को भी पैन इंडिया प्रदर्शित किया गया था। हिन्दी भाषा में इसने बेहतरीन कारोबार करने में सफलता प्राप्त की थी।अपने प्रभावशाली ट्रैक रिकॉर्ड के लिए जाने जाने वाले प्रशंसित फिल्म निर्देशक लोकेश कनगराज विक्रम की सफलता के बाद, कनगराज अब एक गैंगस्टर ब्रह्मांड के निर्माण पर काम कर रहे हैं, जिसमें भारतीय फिल्म उद्योग, विशेष रूप से तमिल फिल्म उद्योग के कुछ सबसे बड़े नाम शामिल हैं। उनकी नवीनतम फिल्म लियो ने घोषणा के साथ ही फिल्मी हल्कों में हलचल पैदा कर दी है। यह घरेलू बाजार में वर्ष की सबसे लोकप्रिय फिल्म बन गई है। मुख्य भूमिका में थलपति विजय और प्रतिपक्षी के रूप में संजय दत्त नजर आने वाले हैं।प्राप्त समाचारों के अनुसार फार्स फिल्म्स ने लियो के विदेशी वितरण अधिकार हासिल कर लिए हैं। बताया गया है कि यह डील 60 करोड़ रुपये में फाइनल हुई है, जो किसी भी तमिल फिल्म के लिए अब तक का बड़ा रिकॉर्ड है। इसके अलावा फिल्म के घरेलू वितरण अधिकार 110 करोड़ में बेचे गए हैं।

नेटफ्लिक्स ने फिल्म के स्ट्रीमिंग राइट्स 120 करोड़ रुपये में खरीदे हैं। जिसमें तमिल, तेलुगु, हिंदी और कन्नड़ शामिल हैं। विदेशी अधिकार 50 करोड़ रुपये की उच्च मांग में हैं, जबकि तमिलनाडु अधिकारों की कीमत 75 करोड़ रुपये है। केरल, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के लिए मांग मूल्य 35 करोड़ रुपये है, और शेष भारत के लिए 15 करोड़ रुपये की राशि आंकी गई है।






# एक्शन-थ्रिलर, वॉर 2 सीक्वल में नजर आयेंगे जूनियर एनटीआर

**स्पाई** एक्शन-थ्रिलर, वॉर 2 के लिए दक्षिण के अभिनेता जूनियर एनटीआर को साइन किया गया है। इस फिल्म का निर्देशन अयान मुखर्जी करेंगे। अयान मुखर्जी ने बॉलीवुड में कई ब्लॉकबस्टर फिल्में दी है, जिसमें उनकी आखिरी रिलीज ब्रह्मास्त्र भी शामिल है।

आदित्य चोपड़ा का यह कदम वॉर 2 को एक हिंदी फिल्म के लिए सबसे व्यापक दर्शकों की अपील करने में सक्षम बनाता है और यह फिल्म की बॉक्स ऑफिस क्षमता को भी बढ़ाता है। जूनियर एनटीआर साउथ इंडस्ट्री के सबसे सम्मानित और फॉलो किए जाने वाले आइकन में से एक हैं। वह अपनी फिल्मों को काफी सोच-विचार के बाद चुनते हैं। उन्होंने कहा, अगर उन्होंने फिल्म को हामी भर दी है, तो इसका मतलब है कि वॉर 2 प्लॉट के साथ-साथ स्केल के मामले में भी पहली फिल्म को पीछे छोड़ रही है।


ऋतिक रोशन बनाम जूनियर एनटीआर का याद रखने वाला एक्शन सीन होगा। जूनियर एनटीआर के शामिल होने से प्रशंसकों के बीच फिल्म को लेकर उत्साह बढ़ गया है। एक सूत्र के अनुसार जूनियर एनटीआर ऋतिक के साथ वॉर 2 में भिड़ेंगे। उन्होंने कहा, उनका एक्शन और उनका परफॉर्मेंस निश्चित रूप से बड़े पर्दे पर याद रखने वाला होगा। वॉर पूरी तरह से भारतीय फिल्म है।

# सलमान की किसी का भाई किसी की जान विवादों में फंसी

**बालीवुड** अभिनेता सलमान खान अपनी फिल्म किसी का भाई किसी की जान को लेकर विवादों में आ गये हैं। यह फिल्म 21 अप्रैल के मौके पर बड़े पर्दे पर रिलीज होने के लिए पूरी तरह से तैयार है। लेकिन इसके हालिया ट्रैक येंतम्मा ने कुछ बदनाम कारणों से नेटिजन्स का ध्यान खींचा है। कुछ दिनों पहले रिलीज हुई येंतम्मा में दक्षिण सनसनी राम चरण ने दबंग खान, वेंकटेश और पूजा हेगड़े के साथ थिरकते हुए देखा था। इसे विशाल ददलानी और पायल ने गाया है, जबकि संगीत पायल देव ने दिया है। लेकिन दक्षिण के प्रशंसकों के साथ जो अच्छा नहीं हुआ वह अभिनेता के डांस स्टेप्स हैं। गाने के ऑनलाइन होने के तुरंत बाद, दक्षिण के प्रशंसकों ने सलमान खान के येंतम्मा गाने पर आपत्ति जताई और उनके कदमों को अश्लील कहा। उसी पर प्रतिक्रिया देते हुए, पूर्व क्रिकेटर लक्ष्मण शिवरामकृष्णन ने ट्विटर पर गाने की आलोचना की। उन्होंने लिखा, यह बेहद हास्यास्पद है और हमारी दक्षिण भारतीय संस्कृति को नीचा दिखाने वाला है। यह लुंगी नहीं, धोती है। एक शास्त्रीय पोशाक जिसे घृणित तरीके से दिखाया जा रहा है। आजकल लोग पैसों के लिए कुछ भी कर जाते हैं।

क्या वे शोध नहीं करेंगे कि लुंगी और धोती क्या है। भले ही यह एक सेट है, इसे एक मंदिर के रूप में पेश किया जा रहा है। फिल्म से जुड़े लोगों को यह समझना चाहिए कि मंदिर परिसर के अंदर जूते-चप्पल नहीं होने चाहिए। उन्होंने ट्वीट किया, यह किस तरह का कदम है?

पारंपरिक पहनावे में इस तरह के अश्लील डांस मूव्स देखकर बहुत गुस्सा आता है।



# ट्रॉलर्स के निशाने पर रहते हैं ये न्यासा, सुहाना सहित ये उभरते सितारे

**बॉलीवुड** में स्टार किड्स हमेशा से आकर्षण का केन्द्र बने रहते हैं। न्यासा देवगन, सुहाना खान, अनन्या पांडे, जाह्नवी कपूर और सारा अली खान की अच्छी खासी फैन फॉलोइंग हैं। पिछले कुछ सालों में नेपोटिज्म की वजह से इन्हें आलोचना भी झेलनी पड़ी है। हाल में ही अजय देवगन और काजोल की बेटी न्यासा देवगन क्रिसमस पार्टी की वजह से ट्रोलर्स के निशाने पर थे। इसके अलावा स्टार किड्स को अपनी लग्जरी लाइफ स्टाइल की वजह से भी ट्रॉलर्स का सामना करना पड़ता है।


**न्यासा देवगन:** काजोल की लाडली बेटी न्यासा देवगन ने क्रिसमस के मौके पर खुशी कपूर और जाह्नवी कपूर जैसे स्टार किड्स के साथ पार्टी की। इस पार्टी में न्यासा का लुक देखने लायक था। हालांकि, ट्रोलर्स ने पार्टी के वीडियो आने पर न्यासा के रंग को लेकर कठिर बातें की। न्यासा को उनके रिवीलिंग कपड़ों को लेकर भी फटकारा गया। इसके अलावा कुछ लोगों ने उनके नशे में होने के आरोप भी लगा दिए।

**सुहाना खान:** शाहरुख खान की बेटी होने के कारण सुहाना खान निशाने पर रहती है। सुहाना ने अभी बॉलीवुड डेब्यू नहीं किया है लेकिन उनकी आने वाली फिल्म का फैंस को इंतजार हैं। सुहाना को अक्सर उनकी स्किन टोन की वजह से ट्रोल किया जाता है। उनके कलर को लेकर अक्सर ट्रोल्स ने उन्हें अपशब्द भी कह डालते हैं। सुहाना ने एक बार ट्रोल्स से तंग आकर अपनी भावनाओं को जाहिर किया था कि ट्रोलिंग से क्या असर पड़ता है।

**अनन्या पांडे:** चंकी पांडेय और भावना की बेटी अनन्या पांडे ने साल 2019 में बॉलीवुड डेब्यू किया। वो 'स्टूडेंट्स ऑफ ईयर 2', गहराईयां और लाइगर सहित 5 फिल्में कर चुकी हैं। अगले साल उनकी और दो फिल्में आने वाली है। अनन्या को अक्सर उनकी एक्टिंग, लाइफ स्टाइल और आईक्यू को लेकर ट्रोल किया जाता है।

**जाह्नवी- खुशी कपूर:** श्री देवी और बोनी कपूर की बेटीजाह्नवी और खुशी कपूर अपने अलग अंदाज के लिए जानी जाती हैं। अक्सर दोनों के लुक्स की तुलना फैंस उनकी दिवंगत मां से किया जाता है। दोनों बहनें अपने आउटफिट्स और बोल्ड लुक्स के लिए फेमस हैं। जाह्नवी ने चार साल पहले बॉलीवुड डेब्यू किया है लेकिन अदाकारी में  उन्हें फैंस से ज्यादा सराहना नहीं मिली है।

**आयरा खान:** आमिर खान की बेटी आयरा खान सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इसी साल उन्होंने 25वें बर्थडे पर पूल पार्टी



का आयोजन किया और बिकिनी में केट काटा। इसकी वजह से वह ट्रोल्स के निशाने पर आ गईं। पिछले महीने उन्होंने अपने बॉयफ्रेंड नुपुर शिखरे से सगाई की। सगाई के मौके पर उन्होंने रेड ऑफ शोल्डर गाउन पहनीं थी। उनके ड्रेस पर ट्रोल्स ने जमकर कमेंट किया. हालांकि, इरा को इन बातों से कोई फर्क नहीं पड़ता। वह कई बार ट्रोल्स को सोशल मीडिया पर जबरदस्त जवाब देती रहती हैं।



## ईरान ओमान से भारत तक बढ़ा सकता है उप-समुद्री प्राकृतिक गैस पाइपलाइन

**मुंबई ।** ईरान समुद्र से गुजरने वाली प्राकृतिक गैस पाइपलाइन को ओमान से भारत तक बढ़ाने पर विचार कर सकता है। ईरान के आर्थिक संबंधों के उप विदेश मंत्री मेहदी सफारी ने एक बयान में यह बात कही। सफारी ने एमवीआईआरडीसी वर्ल्ड ट्रेड सेंटर मुंबई की एक बैठक में कहा कि ईरान पहले ही ओमान तक इस प्राकृतिक गैस पाइपलाइन का निर्माण कर रहा है, जिसे भारत में पोरबंदर तक बढ़ाया जा सकता है। एमवीआईआरडीसी वर्ल्ड ट्रेड सेंटर मुंबई ने कहा कि सफारी इस साल 7-10 मई के बीच तेहरान में आयोजित होने वाले ईरान एक्सपो 2023 के प्रचार और 11 प्रमुख श्रेणियों में व्यापार तथा निवेश को बढ़ावा देने के लिए मुंबई आए थे। बयान में उप विदेश मंत्री के हवाले से बताया गया कि आर्थिक प्रतिबंधों के बावजूद, भारत ईरान के शीर्ष पांच व्यापार भागीदारों में शामिल है। उन्होंने कहा कि भारत को हमारा निर्यात 2022 में 60 प्रतिशत बढ़ा है। पिछले दो महीनों में यह 90 प्रतिशत बढ़ा है। इसका मतलब है कि कच्चे तेल के साथ ही दूसरी वस्तुओं का व्यापार भी बढ़ रहा है। ईरान भारत की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। उप-विदेश मंत्री ने कहा कि भारत आने का उनका एक मकसद ईरान के दक्षिण में स्थित चाबहार बंदरगाह को बढ़ावा देना था, ताकि इसके जरिए भारत, मध्य एशिया, कॉकेशस क्षेत्र (काला सागर और कैस्पियन सागर के बीच का क्षेत्र) और यूरोपीय बाजारों तक पहुंच कायम कर सके।

## भारत और मॉरीशस ने की वोस्ट्रो खाता व्यवस्था की समीक्षा

**नई दिल्ली ।** भारत और मॉरीशस ने कारोबारी सौदों का निपटान रुपए में किए जाने संबंधी वोस्ट्रो खाता व्यवस्था और भारतीय यूपीआई प्रणाली एवं रुपे कार्ड को लागू करने से जुड़े बिंदुओं पर चर्चा की है। विदेश सचिव विनय क्वात्रा की हाल ही में संपन्न हुई तीन-दिवसीय मॉरीशस यात्रा के दौरान द्विपक्षीय संबंधों की व्यापक समीक्षा की गई। इस दौरान दोनों देशों ने आपसी सहयोग बढ़ाने के बारे में चर्चा की। पोर्ट लुइस स्थित भारतीय उच्चायोग ने कहा कि भारत और मॉरीशस ने फरवरी, 2021 में संपन्न व्यापक आर्थिक सहयोग एवं भागीदारी समझौते से पहलुओं पर भी विचार-विमर्श किया। विदेश सचिव ने मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रवींद कुमार जगन्नाथ से मुलाकात की थी और व्यापार, निवेश एवं क्षमता निर्माण में सहयोग बढ़ाने से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। क्वात्रा की यात्रा के दौरान रुपए में विदेश व्यापार करने के लिए वोस्ट्रो खाता खोलने की व्यवस्था और भारत की यूपीआई एवं रुपे कार्ड को मॉरीशस में लागू करने से जुड़े बिंदुओं पर भी चर्चा हुई।

## ग्रेट इंडियन ट्रेवेल बाजार का 23 अप्रैल से जयपुर में होगा आयोजन

**जयपुर ।** विदेश से भारत आने वाले पर्यटकों के लिए अग्रणी कारोबार नेटवर्किंग मंच ग्रेट इंडियन ट्रैवल बाजार (जीआईटीबी) का 12वां संस्करण 23 से 25 अप्रैल तक जयपुर में आयोजित होगा। यह आयोजन कोविड-19 महामारी के कारण तीन साल के अंतराल के बाद हो रहा है। जीआईटीबी का आयोजन केंद्र सरकार और राजस्थान के पर्यटन मंत्रालय के सहयोग से उद्योग मंडल फिक्की कर रहा है। राजस्थान के पर्यटन मंत्री विश्वेंद्र सिंह ने कहा कि महामारी के झटके का सामना करने के बावजूद राजस्थान सरकार ने पर्यटन और आतिथ्य को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं जिससे राज्य में इस क्षेत्र के विकास का मार्ग प्रशस्त हुआ है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र को उद्योग का दर्जा दिया है और विपणन एवं अधोसंरचना हेतु पर्यटन विकास कोष हेतु 1500 करोड़ रुपए आवंटित किए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार के इन कदमों से निवेशक आकर्षित हुए हैं। अंतर्राष्ट्रीय मार्ट इस विशाल बाजार में 300 बूथ स्थापित करने वाले 290 भारतीय प्रदर्शकों का गवाह बनेगा। इस दौरान कारोबारों की करीब 11,000 बैठकें होंगी। एक बयान के मुताबिक जीआईटीबी के आयोजन के बाद टूर ऑपरेटरों को जैसलमेर, जोधपुर, बीकानेर, उदयपुर, भरतपुर और सवाई माधोपुर सहित विभिन्न पर्यटक स्थलों के दौरे पर ले जाया जाएगा। बयान के अनुसार, इस आयोजन में विभिन्न देशों से आने वाले टूर ऑपरेटरों के लिए पर्यटन के नए अवसर एवं आकर्षण होंगे।

## (शेयर बाजार साप्ताहिक समीक्षा) सेंसेक्स और निफ्टी में तेजी रही

**मुंबई ।**

बीते सप्ताह अनुकूल डेटा और विदेशी निवेशकों की खरीदारी से शेयर बाजार को सहारा मिला और सेंसेक्स और निफ्टी हरे निशान पर बंद हुए। शुक्रवार 14 अप्रेल को डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर शेयर बाजार बंद रहे। जिसकी वजह से बीते सप्ताह शेयर बाजार में केवल चार दिन ही कारोबार हुआ। बीते सप्ताह चारों कारोबारी दिनों में शेयर बाजार में बढ़त के साथ बंद हुए। बीते चार कारोबारी दिनों पर नजर डालें तो हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को घरेलू शेयर बाजार में सकारात्मक शुरुआत हुई है। सोमवार को सेंसेक्स 43.03 अंकों की बढ़त के साथ 59,876.00 पर खुला और 13.54 अंकों की मजबूती के साथ 59,846.51 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 27.40 अंकों की मजबूती के साथ 17,626.55 पर खुला और 24 अंकों की तेजी के साथ 17624 पर बंद हुआ। मंगलवार को सेंसेक्स 219.59 अंकों की बढ़त के साथ 60,066.10 पर खुला और 311.21 अंकों की बढ़त के साथ 60,157.72 पर बंद हुआ। निफ्टी 80.15 अंकों की बढ़त के साथ 17,704.20 पर खुला और 98.25 अंकों की बढ़त के साथ 17,722.30 पर बंद हुआ। बुधवार को सेंसेक्स 15.23 अंकों की गिरावट के साथ 60,142.49 पर खुला और 235.05 अंक चढ़कर 60,392.77 पर बंद हुआ। निफ्टी 14.35 अंक फिसलकर 17,736.65 पर खुला और 90.10 अंकों की बढ़त के साथ



17,812.40 पर बंद हुआ। गुरुवार को सेंसेक्स 18.71 अंकों की गिरावट के साथ 60,374.06 पर खुला और 38.23 अंकों की बढ़त के साथ 60,431.00 पर बंद हुआ। निफ्टी 2.15 अंकों की गिरावट के साथ 17,814.55 अंकों पर कारोबार खुला और 15.60 अंकों की बढ़त के साथ 17,828.00 पर बंद हुआ। कारोबारी सेशन के दौरान सेंसेक्स अपने 350 अंकों का नुकसान पाटने में सफल रहा और लगातार नौवें दिन हरे निशान पर बंद हुआ। गुरुवार के दिन बाजार में बैंकिंग सेक्टर के शेयरों में जबरदस्त तेजी दिखी। एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के शेयर 17 प्रतिशत तक उछले जबकि आईडीबीआई बैंक के शेयरों में भी 12 प्रतिशत तक की मजबूती देखी गई।

## एचडीएफसी बैंक का मार्च तिमाही में शुद्ध लाभ 20.6 प्रतिशत बढ़ा

**मुंबई।** एचडीएफसी बैंक का मार्च तिमाही में शुद्ध लाभ 20.6 प्रतिशत बढ़कर 12,594.47 करोड़ रुपये रहा। बैंक ने शनिवार को वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी एवं अंतिम तिमाही के वित्तीय नतीजे जारी कर इसकी जानकारी दी। पिछले साल की समान अवधि में बैंक का शुद्ध लाभ 10,443.01 करोड़ रुपये रहा था। हालांकि अक्टूबर-दिसंबर, 2022 तिमाही की तुलना में एचडीएफसी बैंक का शुद्ध लाभ घट गया है, जो तीसरी तिमाही में 12,698.32 करोड़ रुपये था। समूचे वित्त वर्ष 2022-23 में इस निजी बैंक ने 45,997.11 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया है, जबकि वित्त वर्ष 2021-22 में यह 38,052.75 करोड़ रुपये था। बैंक का एकल आधार पर शुद्ध लाभ 19.81 प्रतिशत वृद्धि के साथ 12,047.45 करोड़ रुपये हो गया। एकल आधार पर इसकी कुल आय बढ़कर 53,850 करोड़ रुपये हो गई, जबकि इससे पिछले साल यह 41,086 करोड़ रुपये रही थी। ऋण घाटों और अन्य मदों में कुल प्रावधान जनवरी-मार्च, 2023 तिमाही में 2,685.37 करोड़ रुपये रहा, जो जनवरी-मार्च, 2022 तिमाही में 3,312.35 करोड़ रहा था।

## एथर एनर्जी ने 98,183 रुपये में उतारा नया इलेक्ट्रिक स्कूटर



**मुंबई ।** एथर एनर्जी ने 98,183 रुपये (एक्स-शोरूम, दिल्ली) के मूल्य टैग के साथ अपने 450 एक्स इलेक्ट्रिक स्कूटर का एक नया बेस वेरिएंट लांच किया है, जो कंपनी की सबसे सस्ती इलेक्ट्रिक स्कूटर हो गई है। इससे पहले एथर 450 प्लस सबसे सस्ता वेरिएंट था, जिसे कंपनी बंद करने जा रही है। एथर इलेक्ट्रिक स्कूटर खरीदने के लिए पहले ग्राहकों को 1 लाख 30 हजार रुपये तक खर्च करने पड़ते थे, जो अन्य इलेक्ट्रिक स्कूटर्स की तुलना में काफी महंगी थी। ग्राहक लाख रुपये के अंदर इलेक्ट्रिक स्कूटर्स की काफी डिमांड करते हैं, उन्हीं ग्राहकों को अपनी ओर आकर्षित करने के लिए एथर लाख रुपये के अंदर बेस वेरिएंट को लांच किया है। हालांकि 98,183 रुपये (एक्स-शोरूम, दिल्ली) जो कीमतें हैं ये सब्सिडी के बाद की हैं। अन्य राज्यों में कीमतों में फर्क देखा जा सकता है। एंट्री-लेवल एथर 450 एक्स में उतने अधिक फीचर्स नहीं मिलते है, जो अपर वेरिएंट में देखने को मिलता है। ई-स्कूटर में राइड मोड्स, पार्क असिस्ट, हिल-होल्ड असिस्ट, ब्लूटूथ कनेक्टिविटी, जीपीएस नेविगेशन और लाइव ट्रैकिंग जैसी फीचर्स को नहीं जोड़ा गया है। यहां तक ये वेरिएंट ओटीए अपडेट को भी सपोर्ट नहीं करता है। 7 इंच का टचस्क्रीन में आपको बेसिक जरूरी फीचर एक्सेस करने के लिए मिल जाएगा। कंपनी ने बैटरी पैक और रेंज से कोई छेड़छाड़ नहीं किया है, इसमें अभी भी उसी 3.7 किलोवॉटप्रतिघंटा बैटरी पैक को बरकरार रखा है, जो सिंगल चार्ज पर 146 किमी की रेंज देने में सक्षम है। इसमें फास्ट चार्जर नहीं लगता है, इसको पूरा चार्ज करने के लिए ग्राहकों को 15 घंटे से अधिक का समय लगेगा।

# भारत के रिकॉर्ड 770 बिलियन अमेरिकी डॉलर के निर्यात से उत्साह चरम पर: केंद्रीय मंत्री गोयल

### - भारत का कुल निर्यात 2022-23 में 770 बिलियन अमरीकी डालर तक पहुंच गया



**रोम।**

केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने 2022-23 में भारत के रिकॉर्ड 770 बिलियन अमरीकी डालर के निर्यात पर कहा कि इससे भारत का उत्साह चरम पर है और सभी निर्यातकों ने एक साथ आगे बढ़ने का आश्वासन दिया है। गोयल यहां दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश संबंधों को और बढ़ावा देने के तरीके खोजने और इस विषय में निजी क्षेत्र तथा नेताओं के साथ चर्चा करने के लिए आधिकारिक दौरे पर आए हुए हैं। वह भारत-फ्रांस कारोबारी सम्मेलन में शामिल होने के लिए पेरिस भी गए थे। उन्होंने कहा कि उत्साह बहुत अधिक है और सभी निर्यातकों ने मुझे आश्वासन दिया है कि हम और आगे बढ़ेंगे। भारत-इटली बिजनेस समिट में इस मामले पर गोयल ने कहा कि भारत का कुल निर्यात 2022-23 में 770 बिलियन अमरीकी डालर तक पहुंच गया, जो पिछले वर्ष के आंकड़ों की तुलना में 14 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करता है। यह एक सर्वकालिक उच्च रिकॉर्ड है, जो 2020-21 में 500 बिलियन अमरीकी डालर से बढ़कर 2021-22 में 676 बिलियन अमरीकी डालर हो गया है। उन्होंने कहा कि जब दुनिया अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में नरमी देख रही है, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में मंदी आ रही है लेकिन भारत ने ऐसे चुनौतीपूर्ण समय में लगभग 100 बिलियन अमरीकी डालर की और वृद्धि दर्ज करते हुए 770 बिलियन अमरीकी डालर को पार कर लिया है। इससे पहले उन्होंने कहा कि यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) में भारत किसानों और डेयरी क्षेत्र के हितों की पूरी तरह से रक्षा करेगा। वाणिज्य मंत्री ने कहा कि भारत-यूरोपीय संघ व्यापार समझौते के लिए वार्ता का शीघ्र समापन हो सके इसके लिए इटली और फ्रांस ने पूर्ण समर्थन की पेशकश की है।

उन्होंने बताया कि इटली और फ्रांस में बैठकों के दौरान भारत ने दोनों क्षेत्रों में भिन्न आर्थिक परिस्थितियों और प्रति व्यक्ति आय पर जोर दिया। गोयल ने कहा कि यूरोपीय संघ के व्यवसायों को भारत जिस प्रकार के कारोबारी अवसर दे सकता है वह दुनिया में कोई और नहीं दे सकता।

# स्टोरों का उद्घाटन करने भारत आ सकते हैं एप्पल के सीईओ टिम कुक

### पहला मुंबई में दूसरा दिल्ली में खुलेगा

**मुंबई ।**

आईफोन निर्माता एपल अगले हफ्ते भारत में अपना पहला स्टोर खोलने जा रहा है। भारतीय स्मार्टफोन बाजार में एपल का बड़ा कदम माना जा रहा है। इससे साफ होता हैं कि भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया की सबसे तेजी से विकास कर रही है, इतना ही नहीं लोगों की आय में इजाफा हो रहा है। कंपनी की ओर से बताया गया कि एपल का पहला स्टोर मुंबई के कमर्शियल जोन बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) में 18 अप्रैल को खुलने जा रहा है। वहीं, दूसरा स्टोर दिल्ली के साकेत में 20 अप्रैल को खुलेगा। एक रिपोर्ट के मुताबिक, एपल के इन नए स्टोर का उद्घाटन करने के लिए कंपनी के सीईओ टिम कुक भारत आ सकते हैं।

अगर ऐसा होता है, तब सात साल के बाद कुक की भारत यात्रा होगी। बता दें, कुक भारतीय स्मार्टफोन मार्केट को लेकर कह चुके हैं। वे काफी बुलिश हैं। एपल की भारतीय प्रीमियम स्मार्टफोन मार्केट में हिस्सेदारी करीब 60 प्रतिशत की है। इसके बाद कोरियाई स्मार्टफोन कंपनी सैमसंग है। भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया में सबसे तेजी से विकास कर रही है। इस वजह यहां प्रीमियम फोन की मांग में भी इजाफा हो रहा है। इस कारण एपल की कोशिश है कि भारत में मार्केट शेयर को बढ़ाया जाए। बता दें, वित्त वर्ष 2021-22 में एपल की भारत से आय 45 प्रतिशत बढ़कर 4.03 अरब डॉलर हो गई है। इस दौरान कंपनी का मुनाफा भी 3 प्रतिशत बढ़कर 150 मिलियन डॉलर हो गया है।

एपल के ज्यादातर उत्पादों का निर्माण अभी चीन में होता है। यूएस और चीन के बीच तनातनी के चलते एपल की कोशिश वहां से निकलकर अपनी प्रोडक्शन लाइन को दूसरी जगह शिफ्ट करना है। इसी कारण एपल का भारत पर खास फोकस है।

## हुंडई मोटर ने भारत में नई एसयूवी एक्सटर की घोषणा की

### युवा खरीदारों को ध्यान में रखकर कंपनी ने किया तैयार

**नई दिल्ली ।** हुंडई मोटर इंडिया ने शुक्रवार को अपनी आगामी एसयूवी-हुंडई एक्सटर के नाम की घोषणा की, जो ग्राहकों को स्मार्ट मोबिलिटी अनुभव प्रदान करेगी। कंपनी के अनुसार यह नई एसयूवी एचएमआई की एसयूवी की मजबूत लाइनअप का एक बेहद महत्वपूर्ण हिस्सा होगी, जिसमें पहले से ही वेन्यू, वेन्यू एन लाइन, क्रेटा, अलकाजर, कोना इलेक्ट्रिक, टक्सन और आईओनिक-5 शामिल हैं। हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड के सीईओ तरुण गर्ग ने एक बयान में कहा कि हमें अपनी नई एसयूवी-हुंडई एक्सटर के नाम की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है, जो युवा खरीदारों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, जो उन्हें स्मार्ट मोबिलिटी सॉल्यूशन के साथ सशक्त बनाकर उनकी घूमने की इच्छा को पूरा करती है। कंपनी के सीईओ तरुण गर्ग ने कहा कि एसयूवी बॉडी स्टाइल के साथ हुंडई एक्सटर हमारी लाइन अप में 8वां मॉडल है और हमें विश्वास है कि हमारे परिवार का यह नया सदस्य एसयूवी की बिक्री में हमारी वृद्धि को और बढ़ावा देगा। इसके अलावा कंपनी ने उल्लेख किया कि नई हुंडई एक्सटर एसयूवी अपने आसपास की प्राकृतिक दुनिया से प्रेरणा लेती है और एक ऐसी पहचान को दर्शाती है जो बाहरी है और बाहर पर केंद्रित है। हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड वर्तमान में पूरे भारत में 1336 बिक्री बिंदुओं और 1498 सेवा बिंदुओं के एक मजबूत नेटवर्क के साथ काम करती है।

# बड़े अमेरिकी बैंकों को बंपर मुनाफा




**वाशिंगटन ।**

अमेरिका में बैंकिंग इंडस्ट्री के लिए चल रहे कठिन समय के बावजूद कुछ बड़े अमेरिकी बैंकों ने पहली तिमाही में मुनाफे की सूचना दी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अमेरिका के सबसे बैंक जेपी मॉर्गन चेज ने रेवेन्यू बढ़ने की सूचना दी। बैंक को 12.6 अरब डॉलर का फायदा हुआ है। यह एक साल पहले की समान तिमाही से 52 फीसदी की छलांग थी। सिलिकॉन वैली बैंक और सिग्नेचर बैंक के फेल होने से बड़े बैंकों को फायदा मिला है। जेपी मॉर्गन के ग्राहकों की जमा राशि पिछली तिमाही की तुलना में पहली तिमाही में थोड़ी बढ़ी जबकि कुछ छोटे बैंकों में जमाकर्ताओं रकम निकालने में लगे रहे। छोटे लेंडर्स को उबारने में अग्रणी भूमिका वाले जेपी मॉर्गन के चीफ एग्जीक्यूटिव जेमी डिमन ने कहा कि बैंकिंग की स्थिति 2008 से अलग है क्योंकि इसमें बहुत कम फाइनेंशियल प्लेयर्स और कम मुद्दे शामिल हैं जिन्हें हल करने की आवश्यकता है। अमेरिका के चौथे सबसे बड़े बैंक वेल्स फार्गो ने भी विश्लेषकों की अपेक्षाओं को पार कर लिया और पहली तिमाही में लगभग 5 अरब डॉलर का मुनाफा दर्ज किया, जो कि एक साल पहले की तुलना में 32 फीसदी ज्यादा है। बढ़ती ब्याज दरों ने बैंक की कमाई को बढ़ा दिया क्योंकि इसके लोन पोर्टफोलियो में वृद्धि हुई। पर्सनल लेंडिंग और हायर क्रेडिट-कार्ड बैलेंस में वृद्धि हुई। हालांकि बैंक में जमा राशि पिछली तिमाही से 24 बिलियन या 2 फीसदी कम हो गई। देश के छठे सबसे बड़े बैंक पीएनसी फाइनैंशियल ने कहा कि इंडस्ट्री की अस्थिरता ने उसकी मजबूती के साथ खिलवाड़ किया। पीएनसी ने संकटग्रस्त फर्स्ट रिपब्लिक बैंक के लिए पिछले महीने की बचाव योजना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पीएनसी की जमा राशि पिछली तिमाही में थोड़ी बढ़ी, लेकिन एक साल पहले की तुलना में कम थी। इसकी आय 9 फीसदी बढ़कर 1.7 अरब डॉलर हो गई। इसका रेवेन्यू 3 फीसदी गिरकर 5.6 अरब डॉलर हो गया। इसके लिए बैंक ने हायर फंडिंग कॉस्ट को जिम्मेदार ठहराया।

## खाने के तेल का आयात मार्च में आठ प्रतिशत बढ़कर 11.35 लाख टन



**नई दिल्ली ।**

खाने के तेल का आयात इस साल मार्च में सालाना आधार पर आठ प्रतिशत बढ़कर 11.35 लाख टन रहा। उद्योग संगठन एसईए ने यह जानकारी दी और मांग की कि घरेलू रिफाइनरियों के हित के लिए कच्चे पाम तेल तथा रिफाइंड पाम तेल के बीच शुल्क अंतर बढ़ाया जाना चाहिए। सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) ने एक बयान में कहा कि खाद्य तेल का आयात मार्च, 2023 में बढ़कर 11,35,600 टन हो गया, जो पिछले साल मार्च में 10,51,698 टन था। गैर-खाद्य तेल का आयात मार्च, 2023 में गिरकर 36,693 टन रह गया, जो पिछले साल मार्च में 52,872 टन था। खाद्य एवं गैर-खाद्य, दोनों तेलों का संयुक्त आयात मार्च, 2022 में 11,04,570 टन से बढ़कर मार्च, 2023 में 11,72,293 टन हो गया। नवंबर, 2022 से मार्च, 2023 तक खाद्य तेल का आयात बढ़कर 69,80,365 टन हो गया, जो पिछली बार समान अवधि में 56,42,918 टन था। तेल विपणन बाजार नवंबर से अक्टूबर तक चलता है।

गैर खाद्य तेल का आयात 2022-23 के पहले पांच महीनों में घटकर 79,828 टन रह गया, जो 2022-22 की समान अवधि में 1,52,810 टन था। तेल वर्ष 2022-23 के पहले पांच महीनों के दौरान वनस्पति तेलों का समग्र आयात पिछले वर्ष की इसी अवधि के 57,95,728 टन की तुलना में 22 प्रतिशत बढ़कर 70,60,193 टन हो गया। चालू तेल वर्ष के पहले पांच महीनों में आरबीडी (रिफाइंड) पामोलिन का आयात बढ़कर 9.89 लाख टन रहा, जो कुल पाम तेल आयात का लगभग 22 प्रतिशत है। इससे घरेलू उद्योग अपनी क्षमता का उपयोग नहीं कर पा रहा है।

# क्रिप्टो संपत्ति से संबंधित मुद्दों पर तत्काल ध्यान देने की जरूरत: वित्त मंत्री

### - क्रिप्टो संपत्ति से संबंधित मामलों पर एक संश्लेषण पत्र लाया जाएगा


**नई दिल्ली ।**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की मांग पर जी20 सदस्य देश इस बात पर सहमत हैं कि क्रिप्टो करेंसी को लेकर एक ग्लोबल फ्रेमवर्क बनाने की जरूरत है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि क्रिप्टो संपत्ति से संबंधित मुद्दों पर तत्काल ध्यान देने की जरूरत है और जी20 देशों को यह सुनिश्चित करना है कि अर्थव्यवस्था को नुकसान से बचाने के लिए इस पर गंभीरता से विचार किया जाए। वहीं जी20 सदस्य देशों ने कहा कि इससे ना सिर्फ क्रिप्टो से जुड़ी चुनौतियों से निपटने में मदद मिलेगी बल्कि इसका नियमन भी हो सकेगा। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि सदस्य देशों ने इस पर सहमति जताई है और जल्द ही इसे लेकर कार्य योजना बनाई जाएगी। आईएमएफ मुख्यालय में शुक्रवार को जी20 देशों के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नरों के साथ क्रिप्टो एसेट्स के मैक्रोफाइनेंशियल इम्प्लिकेशन्स पर चर्चा के दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने विचार रखे। सीतारमण ने कहा कि समूह देशों ने तत्परता के साथ इस मुद्दे पर अपनी राय व्यक्त की है और जी20 की भारत की अध्यक्षता के दौरान क्रिप्टो संपत्ति से संबंधित मामलों पर एक संश्लेषण पत्र लाया जाएगा जो जिसमें विभिन्न विचारों को रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि जी20 के सदस्य इस बात को लेकर सहमत हैं कि क्रिप्टो संपत्तियों पर कोई भी कार्रवाई वैश्विक होनी चाहिए। बता दें कि भारत सरकार क्रिप्टो संपत्तियों के नियमन को लेकर काम कर रही है और अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी इस मांग को उठा रही है। वॉशिंगटन में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक की सालाना बैठकों के अलावा निर्मला सीतारमण, भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने समूह के सदस्य देशों के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नरों की एक बैठक की सह-अध्यक्षता की। इस बैठक में क्रिप्टो करेंसी और उससे जुड़ी चुनौतियों के बारे में बात की गई।

# नये मूल्य निर्धारण मानदंड से गैस उत्पादकों की आय घटेगी: एसएडपी

**मुंबई ।**

देश की नई गैस मूल्य निर्धारण व्यवस्था से ओएनजीसी और ऑयल इंडिया लिमिटेड जैसी गैस कंपनियों की आय में कमी आएगी। एसएंडपी रेटिंग्स ने यह बात कही। हालांकि, नये मानदंड कठिन क्षेत्रों से उत्पादित गैस की कीमतों को प्रभावित नहीं करेंगे। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड जैसी कंपनियां इस तरह के क्षेत्रों का संचालन करती हैं। सरकार ने छह अप्रैल, 2023 को नये दिशानिर्देशों की घोषणा की थी। इसके तहत सरकार घरेलू स्तर पर उत्पादित गैस की कीमतें मासिक आधार पर तय करेगी। ह दर पिछले महीने में भारतीय क्रूड बास्केट का 10 प्रतिशत होगी। सरकार ने गैस कीमत के लिए चार अमेरिकी डॉलर प्रति 10 लाख ब्रिटिश थर्मल यूनिट (यूनिट) की निचली सीमा और 6.5 डॉलर प्रति यूनिट की ऊपरी सीमा भी तय की। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने कहा कि उसको उम्मीद है कि नये गैस मूल्य निर्धारण मानदंडों से कीमतों में अधिक तेजी से संशोधन होंगे। इससे पहले कीमतों की छह महीने में एक बार समीक्षा की जाती थी। एसएंडपी ने एक बयान में कहा, निचली मूल्य सीमा का मतलब है कि ओएनजीसी अपने गैस उत्पादन पर कम से कम चार डॉलर प्रति यूनिट का मूल्य हासिल कर सकेगी, भले ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्राकृतिक गैस की कीमतें ऐतिहासिक रूप से कम हो जाएं। इसी तरह कीमतों की ऊपरी सीमा ओएनजीसी के लिए आय में वृद्धि सीमित करेगी। खासतौर से मौजूदा बढ़ी हुई कीमतों के बीच ऐसा देखने को मिलेगा।




## पिछले तीन मैचों में हुई जमकर आलोचना के बाद हैरी ब्रूक का करारा जवाब



**नई दिल्ली।** हैरी ब्रूक की लगातार 3 मैचों में फ्लॉप होने के बाद जमकर आलोचना की गई। क्योंकि जिस प्राइस में उनको ऑक्शन के दौरान खरीदा गया था वह काफी मोटी रकम थी। ऐसे में फ्लॉप होने के बाद फैंस ने हैरी को ट्रोल करना शुरू कर दिया। लेकिन शतक जड़ने के बाद ब्रूक ने अपने आलोचकों को मुंह तोड़ जवाब दिया है। उन्होंने मैच के बाद भारतीय फैंस को लेकर कहा कि आप सोशल मीडिया पर जाते हैं और लोग आपके बारे में खराब बोल रहे होते हैं। बहुत सारे भारतीय फैंस हैं जो आज मेरी प्रशंसा करेंगे। लेकिन वे कुछ दिन पहले मेरी आलोचना कर रहे थे। खुशी है कि मैं उनका मुंह बंद कर पाया। आईपीएल 2023 का 19वां मुकाबला सनराइजर्स हैदराबाद और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच बीते 14 अप्रैल को कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में खेला गया। इस मैच में सनराइजर्स ने मेजबान टीम को 23 रन से हराया। यह एक हाई स्कोरिंग मुकाबला रहा। वहीं आखिरकार सवा 13 करोड़ के हैरी ब्रूक का बल्ला हैदराबाद के लिए जमकर गरजा। उन्होंने 3 मैच में फ्लॉप होने के बाद केकेआर के खिलाफ चौथे मुकाबले में जबरदस्त शतक जड़ दिया।

# अपने घरेलू मैदान में केकेआर के खिलाफ आज उतरेगी मुंबई इंडियंस

### सूर्यकुमार यादव का खराब फॉर्म टीम के लिए चिंता का विषय

**मुंबई।**

पूर्व चैम्पियन मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइट राइडर्स रविवार को जब आमने सामने होगी। रोहित शर्मा की टीम के लिए सबसे बड़ी चुनौती केकेआर के आक्रामक बल्लेबाजों को रोकने की होगी। मुंबई इंडियंस ने पिछले मैच में दिल्ली कैपिटल्स को हराकर हार का सिलसिला तोड़ा हैं, जबकि कोलकाता नाइट राइडर्स को ईडन गार्डंस पर विशाल स्कोर वाले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने हराया। पिछला मैच जीतने के बावजूद आईपीएल की सबसे कामयाब टीम मुंबई वानखेड़े स्टेडियम पर काफी दबाव में रहेगी। इस सत्र में अभी तक रोहित शर्मा की टीम अपने चिर परिचित अंदाज में नहीं दिखी है। दो जीत और दो हार के बाद केकेआर अंकतालिका में चौथे स्थान पर है और मुंबई की तुलना में उसका रनरेट बहुत अच्छा है। मुंबई के लिए कप्तान रोहित ने दिल्ली के खिलाफ 65 रन बनाए, लेकिन उन्हें लगातार अच्छा प्रदर्शन करना होगा। वहीं सूर्यकुमार यादव का खराब फॉर्म लंबा हो रहा है। मुंबई को तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की कमी खलेगी, जो पहला मैच खेलने के बाद फिर कोहनी की समस्या का शिकार हो गए हैं। इसके बाद तेज गेंदबाजी का जिम्मा जासन बेहरेनडोर्फ और रिले मेरेडिथ पर होगा जबकि पीयूष चावला पिछले मैच में तीन विकेट लेने के बाद उस फॉर्म को दोहराना चाहते हैं। मुंबई को युवा ब्रिगेड टिम डेविड, कैमरन ग्रीन, तिलक वर्मा और ईशान किशन से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी। केकेआर ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ चमत्कारिक जीत दर्ज की और सनराइजर्स के खिलाफ आखिरी गेंद तक किला लड़ाया। टाइटंस के खिलाफ आखिरी ओवर में पांच छक्के लगाने वाले रिंकू सिंह ने पिछले मैच में 58 रन बनाकर विरोधी टीमों की नींदे उड़ा दी है। उनके अलावा कप्तान नितिश राणा, वेंकटेश अय्यर, रहमानुल्लाह गुरबाज और शार्दुल ठाकुर ने भी रन बनाए हैं। केकेआर के लिए चिंता का सबब आंद्रे रसेल का खराब फॉर्म है। वह सनराइजर्स के खिलाफ चार ओवर भी पूरे नहीं कर सके और चोटिल हो गए लेकिन उन्होंने तीन विकेट लिए।

**टीमें :**

**कोलकाता नाइट राइडर्स :** नीतीश राणा (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज, वेंकटेश अय्यर, आंद्रे रसेल, सुनील नारायण, शार्दुल ठाकुर, लॉकी फर्ग्यूसन, उमेश यादव, टिम साउदी, हर्षित राणा, वरुण चक्रवर्ती, अनुकुल रॉय, रिंकू सिंह, एन. जगदीसन, वैभव अरोड़ा, सुयश शर्मा, डेविड वीज, कुलवंत खेजरोलिया, लिटन दास और मनदीप सिंह।

**मुंबई इंडियंस :** रोहित शर्मा (कप्तान), सूर्यकुमार यादव, टिम डेविड, डेवाल्ड ब्रेविस , तिलक वर्मा, ईशान किशन, ट्रिस्टन स्टब्स, विष्णु विनोद, कैमरून ग्रीन, अर्जुन तेंदुलकर, रमनदीप सिंह, शम्स मुलानी, रिले मेरेडिथ, नेहाल वढेरा, रितिक शोकीन, अर्शद खान, डुआन जेनसन, पीयूष चावला, कुमार कार्तिकेय, राघव गोयल, जोफ्रा आर्चर, जैसन बेहरेनडोर्फ, आकाश मढवाल।

# वनडे वर्ल्ड कप 2023 से पहले फिट हो जाएंगे बुमराह

### बीसीसीआई ने उम्मीद जाहिर की

**नई दिल्ली।**



आईपीएल 2023 का रोमांच इनदिनों चरम पर है। फैंस को एक के बाद एक जबरदस्त मुकाबले देखने को मिल रहे हैं। बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक हर कोई आईपीएल का आंनद ले रहा है। वहीं फैंस के लिए एक खुशखबरी आई हैं। दरअसल, लंबे समय से चोटिल चल रहे जसप्रीत बुमराह की इंजरी पर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआई ने बड़ा अपडेट दिया है। भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी और तेज तर्रार गेंदबाज बुमराह अपनी पीठ की चोट के चलते सितंबर 2022 से क्रिकेट से दूर चल रहे हैं। इस दौरान उन्होंने एशिया कप, आईसीसी टी20 वर्ल्डकप ओर अब आईपीएल 2023 भी छोड़ा है। हाल ही में बुमराह की पीठ की सर्जरी क्राइस्टचर्च में हुई है, जिसके बाद वह 6 माह के लिए बाहर हो गए हैं। हालांकि अब बीसीसीआई को उम्मीद है कि बुमराह आगामी वनडे वर्ल्ड कप 2023 से पहले फिट हो जाएंगे और विश्वकप में भारतीय टीम का हिस्सा बन जाएंगें। अगर ऐसा हुआ, तब यह भारतीय टीम और उनके फैंस के लिए एक बहुत ही अच्छी खबर होगी। टीम इंडिया की गेंदबाजी पिछले कुछ महीनों में बुमराह के बिना काफी साधारण लगी है। इसके बाद अगर जस्सी की वापसी होती है, तब एक बार फिर टीम इंडिया की गेंदबाजी पुरानी जैसी हो सकती है। वहीं एक सूत्र ने कहा है कि बुमराह वनडे वर्ल्ड कप तक फिट हो जाएंगे। बता दें कि बुमराह ने भारतीय क्रिकेट टीम के लिए खेलते हुए 30 टेस्ट, 72 वनडे और 60 टी20 मुकाबले खेले हैं। इस दौरान बुमराह ने टेस्ट में 128, वनडे में 121 और टी20 में 70 विकेट अपने नाम किए हैं।

## प्रभसिमरन प्रदर्शन में निरंतरता लाने पर बनेगा मैच विजेता : हैडिन

**मुम्बई।**

आईपीएल टीम पंजाब किंग्स के सहायक कोच ब्रैड हैडिन ने टीम के सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह की प्रशंसा करते हुए कहा है कि अगर वह अपने प्रदर्शन में निरंतरता लाने में सफल रहे तो एक बेहतरीन खिलाड़ी बनकर उभरेंगे। गुजरात के खिलाफ पिछले मैच में वह खाता भी नहीं खोल पाये थे जबकि पहले मैच में उन्होंने शानदार पारी खेली थी। वो लगातार दूसरी बार शून्य पर आउट हुए। हैडिन ने कहा, वह टीम के लिए एक मैच विजेता बल्लेबाज हो सकता है। अब यह उसपर है कि कि वह अपनी जिम्मेदार समझे। प्रभासिमरन ने आईपीएल 2023 में चार मैचों में 83 रन बनाए हैं। हैडिन ने कहा, युवा लोग खराब समय से गुजरने वाले हैं। वे सीख रहे हैं कि हमने आरआर के खिलाफ क्यों और क्या देखा देखा। वह बेहद प्रतिभाशाली है। उसके पास मैदान के चारों ओर खेलने के लिए बहुत शॉट हैं और वह मैच विजेता हो सकता है। अब यह केवल उसपर आधारित है कि वह अपनी रफ्तार और अपनी भूमिका को समझे। ऑस्ट्रेलिया के इस पूर्व क्रिकेटर ने कहा कि प्रभसिमरन बहुत खतरनाक खिलाड़ी हो सकते हैं। अगर वह कुछ निरंतरता पा ले। यह सलामी बल्लेबाज पिछले दो मैचों में अपना खाता खोलने में विफल रहा है। इससे पहले उसने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ शानदार अर्धशतक लगाया था। उन्होंने कहा, हम उसे क्रिकेट की उस शैली में खेलने के लिए समर्थन देने जा रहे हैं जिसकी हमें पहले छह ओवरों में जरूरत है और यह एक उच्च जोखिम वाला खेल होगा। हम कुछ अच्छे और खराब प्रदर्शन देखने जा रहे हैं। वहीं अगर वह कुछ निरंतरता पा सकता है, तो वह बहुत खतरनाक खिलाड़ी होगा।

# विजयलक्ष्मी सैनी ने इंटरनेशनल जूडो में जीता गोल्ड

### जूडो खेल के साथ-साथ शतरंज में भी महारत

**सहारनपुर।**

सोनामाजरा गांव निवासी डॉ.करण पाल सिंह सैनी की पुत्री विजयलक्ष्मी सैनी ने जूडो प्रतियोगिता में मेडल जीतकर जनपद का नाम रोशन किया है। विजयलक्ष्मी ने गुवाहटी में आयोजित इंटरनेशनल ऑल स्पोर्ट्स गेम्स फेडरेशन की जूडो चैंपियनशिप में ब्लैक बेल्ट के साथ गोल्ड मैडल जीत कर जनपद के लिए एक नया आयाम स्थापित किया। डॉ.सैनी व उनका परिवार बेटी की इस उपलब्धि पर बेहद खुश है।

डॉ.सैनी ने बताया कि विजय लक्ष्मी इसके पहले रोहणी में आयोजित जूडो इंटरनेशनल चैंपियनशिप इंडो नेपाल में गोल्ड पदक जीत चुकी है। विजय लक्ष्मी ने जुडो खेल में दो गोल्ड मेडल हासिल कर जनपद क्षेत्र ही नही बल्कि देश का नाम भी रोशन कर चुकी हैं। गोल्ड मेडलिस्ट के पिता डॉ. सैनी ने बताया कि 7 अप्रैल से तीसरी अंतरराष्ट्रीय गेम्स-2023 प्रतियोगिता गुवाहाटी में आयोजित हुई, जिसमे देशभर के कई खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता में विजयलक्ष्मी ने शनदार खेल का प्रदर्शन कर गोल्ड मेडल हासिल किया।



विजयलक्ष्मी ने जूडो खेल के साथ-साथ शतरंज में भी महारथ हासिल कर रखी है। वह विगत वर्षों में शतरंज प्रतियोगिता में भी सिल्वर पदक जीत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुकी है। वर्तमान में विजयलक्ष्मी इंटीग्रेटेड बीएससी, एमएससी पेट्रोलियम में अध्ययन कर रही है। विजयलक्ष्मी ने अपनी इस सफलता का पूरा श्रेय अपने माता-पिता व जूडो कोच श्वेतांक चौहान को दिया। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इसी तरह का प्रदर्शन कर जनपद व देश का नाम रोशन करेगी। विजयलक्ष्मी ने बताया कि दसवीं कक्षा से ही मेरा सपना था कि मुझे जुडो में इंटरनेशनल स्तर पर गोल्ड मेडल जीत कर ब्लाक बेल्ट हासिल करना है। उन्होंने बताया कि इसके लिए मैंने दिन-रात लगन व मेहनत के साथ जुडो का अभ्यास किया। विजयलक्ष्मी ने कहा कि यदि आप मन से कोई लक्ष्य बना लेते हैं, तब आपको निश्चित तौर पर सफलता मिलती है। विजयलक्ष्मी ने बताया कि लड़कियों को प्राथमिक तौर पर पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। इसके साथ-साथ लड़कियों को जिस खेल में भी रूचि हो, उस खेल के क्षेत्र में एक लक्ष्य निर्धारित करके मेहनत करनी चाहिए।

### संक्षिप्त समाचार



## आजम के 100 वें टी20 मैच का जश्न न्यूजीलैंड को हराकर मनाया

**लाहौर।** पाकिस्तान ने अपने कप्तान बाबर आजम के 100वें टी20 मैच का जश्न पांच मैचों की श्रृंखला के पहले मैच में न्यूजीलैंड को 88 रन से हराकर मनाया। तेज गेंदबाज हारिस रऊफ ने कैरियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर 18 रन देकर चार विकेट झटके। न्यूजीलैंड की टीम चार ओवर बाकी रहते 94 रन पर ही ढ़ेर हो गई। न्यूजीलैंड के आखिरी पांच विकेट 6 रन के भीतर गिरे। इसके पहले पाकिस्तान ने 182 रन बनाए। युवा बल्लेबाज साइम अयूब और फखर जमां दोनों ने 47 रन की पारी खेली। अफगानिस्तान से श्रृंखला 1-2 से हारने के बाद पाकिस्तान ने इस श्रृंखला में अपनी पूरी मजबूत टीम उतारी है। वहीं न्यूजीलैंड की टीम में उसके आठ प्रमुख खिलाड़ी नहीं हैं, जो आईपीएल खेल रहे हैं। न्यूजीलैंड इस दौरे पर पांच टी20 और पांच वनडे खेलेगी। न्यूजीलैंड के लिए मैट हेनरी ने टुकड़ों में हैट्रिक ली। उन्होंने अपने तीसरे ओवर की आखिरी दो गेंदों पर शादाब खान और इफ्तिखार अहमद को आउट किया। वहीं अगले ओवर की पहली गेंद पर शाहीन शाह अफरीदी को डीप में डेरिल मिशेल के हाथों लपकवाया।

## 14वीं बार गोल्डन डक का शिकार बने सुनील नेरन

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2023 का रोमांच हर दिन बढ़ रहा है। अभी तक कुल 19 मुकाबले हो चुके है, जिसमें सभी टीमें शानदार प्रदर्शन करती दिख रही है। दिल्ली कैपिल्स को सीजन की एक भी जीत अभी तक नसीब नहीं हुई है। वहीं, गुजरात टाइटंस, राजस्थान रॉयल्स और लखनऊ सुपर जायटंस ने अपने 3-3 मुकाबले जीत लिए है। 14 अप्रैल को सनराइजर्स हैदराबाद ने केकेआर टीम को 23 रन से मात देकर सीजन की दूसरी जीत दर्ज की। इस मैच में सुनील नरेन एक बार फिर गोल्डन डक का शिकार बने। बता दें कि आईपीएल इतिहास में सुनील का गोल्डन डक के साथ काफी गहरा नाता रहा है। आईपीएल इतिहास में उन खिलाड़ियों के बारे में जो सबसे ज्यादा बार गोल्डन डक का शिकार हुए है। लिस्ट में पहले नंबर पर है, मनदीप सिंह का नाम, जिन्होंने साल 2010-2023 तक कुल 110 मैच खेलकर 1694 रन बनाए है, लेकिन उनका नाम आईपीएल इतिहास में सबसे ज्यादा बार गोल्डन डक का शिकार होने में शामिल है। मनदीप कुल 15 बार शून्य पर आउट हुए है। वह दिल्ली कैपिटल्स, पंजाब किंग्स, कोलकाता नाइट राइडर्स, आरसीबी टीम का हिस्सा रह चुके हैं। वहीं लिस्ट में दूसरे नंबर पर है सुनील नरेल का नाम, जो सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 14 अप्रैल को हुए मुकाबले में गोल्डन डक का शिकार हुए। आईपीएल इतिहास में सुनील कुल 14 बार शून्य पर पवेलियन लौटे है। साल 2012-2023 से लेकर सनील ने कुल 152 मैच खेलते हुए 1032 रन बनाए है। लिस्ट में तीसरे नंबर पर दिनेश कार्तिक का नाम है, जो आईपीएल में कुल 14 बार गोल्डन डक का शिकार हुए है। कार्तिक दिल्ली कैपिटल्स, गुजरात लायनंस, पंजाब किंग्स, केकेआर, मुंबई इंडियंस और आरसीबी का हिस्सा रह चुके है।

# हारिस रउफ की गेंदबाजी के सामने ढेर हुए कीवी खिलाड़ी

**लौहार।**



पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच पांच मैचों की टी-20 सीरीज का पहला मैंच 14 अप्रैल को लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में खेला गया। मैच में मेजबान टीम पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड को 88 रन से करारी शिकस्त दी। मैच में हारिस रउफ ने कमाल का प्रदर्शन मैन ऑफ द मैच का अवॉर्ड अपने नाम किया। वहीं, मैट हेनरी ने भी इस मैच में हैट्रिक ली, लेकिन उनकी ये हैट्रिक कीवी टीम के काम नहीं आ सकी।

पहले बल्लेबाजी कर पाकिस्तान टीम की शुरुआत खराब रही। सलामी बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान 8 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, कप्तान बाबर आजम 9 रन की सस्ती पारी खेलकर पवेलियन लौटे। इन दोनों विकेट के बाद फखर जमान और सैयम अयूब ने टीम की पारी को संभाल और दोनों बल्लेबाजों ने 47 रन बनाए। इसके अलावा फहीम अशरफ ने 22, तब हारिस ने 11 रन बनाए। कीवी टीम की तरफ से सर्वाधिक 3 विकेट मैट हेनरी ने लिए जबकि ऐडम मिने और बेंजामिन लिस्टर को 2-2 सफलता मिली।

इसके बाद 183 रन का पीछा कर न्यूजीलैंड टीम के बल्लेबाज फ्लॉप रहे। पाकिस्तान टीम की गेंदबाजी कमाल की रही, जिन्होंने न्यूजीलैंड को महज 94 रन के स्कोर पर ही ऑल आउट कर 88 रन के बड़े अंतरात से मैच अपने नाम किया। पाकिस्तान की तरफ से सबसे सफल गेंदबाज हारिस रउफ रहे जिन्होंने 4 विकेट अपने नाम किए। इसके अलावा इमाद वसीम ने भी 2 विकेट झटके। जबकि शाहीन अफरीदी, जमान खान और फहीम अशरफ को भी 1-1 सफलता मिली। वहीं, कीवी टीम की तरफ से मार्क चैपमैन ने सबसे ज्यादा 34 रन बनाए।

## बीसीसीआई सचिव का खुलासा, दीवाली पर होगी म हिला प्री मियर लीग

**मुंबई।** बीसीसीआई से चिव ने दीवाली के दौरान मे हिला प्री मियर लीग होने का खुलासा किया है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने कहा कि महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) अगले संस्करण से 'होम-अवे' प्रारूप में बड़ी 'विंडो' के साथ संभवतः दिवाली के दौरान खेली जाएगी। टूर्नामेंट का शुरुआती चरण मुंबई में दो स्थलों में चार से 26 मार्च तक खेला गया था। शाह ने मीडियाकर्मियों के साथ बातचीत के दौरान कहा कि हम डब्ल्यूपीएल को 'होम एंड अवे' प्रारूप में दिवाली विंडो में मतलब साल में दो सत्र में नहीं बल्कि एक अलग टाइम विंडो में शेड्यूल करने की संभावना पर विचार कर रहे हैं। महिला क्रिकेट के पास अब दर्शकों का 'बेस' है और यह संख्या केवल बढ़ती रहेगी क्योंकि हम अगले डब्ल्यूपीएल में ज्यादा से ज्यादा लोगों के आने की उम्मीद कर रहे हैं। बीसीसीआई के से चिव जय शाह ने पहले स्पष्ट कर दिया था कि भारत एशिया कप खेलने के लिए पाकिस्तान की यात्रा नहीं करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि संभावित प्रतिस्थापन स्थल पर अन्य देशों से प्रतिक्रिया मांगी गई है। शाह ने कहा कि हम 2023 एशिया कप के आयोजन स्थल को अंतिम रूप देने और भारत-पाकिस्तान मैच पर स्पष्टता के लिए अन्य देशों से प्रतिक्रिया का इंतजार कर रहे हैं। गौरतलब है कि जय शाह के नेतृत्व में एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) ने 2.62 करोड़ अमेरिकी डालर की कमाई की है। उन्होंने कहा कि हमने एसीसी के लिए अतिरिक्त राजस्व हासिल करने और आय के नए रास्ते बनाने में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। विश्व कप के कार्यक्रम पर शाह ने कहा कि टूर्नामेंट से पहले सभी मौजूदा बुनियादी ढांचे को अपग्रेड किया जाएगा।




### ग्लेन मैक्सवेल का हौसला बढ़ने ऑस्ट्रेलिया से भारत पहुंचे चार दोस्त

**बेंगलुरू।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगुलुरु के हरफनमौला ग्लेन मैक्सवेल के बचपन के चार दोस्त उनकी हौसलाअफजाई करने ऑस्ट्रेलिया से भारत पहुंचे हैं। आरसीबी ने अभी तक तीन में से महज एक मैच मुंबई इंडियंस के खिलाफ जीता है और दो अंक लेकर अंक तालिका में आठवें स्थान पर है। मैक्सवेल ने मुंबई के खिलाफ 12, केकेआर के खिलाफ पांच और लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ 59 रन बनाए। इसके बाद उम्मीद है कि दोस्तों के आने से उनका मनोबल बढ़ेगा और वह अपने तथा टीम के अभियान को ढर्रे पर ला सकते हैं। उन्होंने कहा, 'आरसीबी के साथ पिछले दो साल शानदार रहे हैं और दोस्तों के आने से मजा और भी बढ़ जाएगा। आरसीबी के खिलाड़ियों में जबर्दस्त तालमेल है और हमें पता है कि तस्वीर बदलेगी। उन्होंने कहा, 'अपने दोस्तों का यहां होना वाकई बहुत खास है। उम्मीद है कि हमें आगे कामयाबी मिलेगी और आरसीबी अंकतालिका में ऊपर जाएगी। मैक्सवेल के दोस्त एंथोनी डेविस मैकनिकल किसान हैं, ब्रेंडन और नाथन वाल्श स्कूल में शिक्षक हैं और आरोन डेनियल्स इलेक्ट्रिशियन हैं। मैक्सवेल ने कहा, 'मैं बहुत रोमांचित हूं। इन सभी के सामने अच्छा प्रदर्शन करना चाहता हूं। उनका यहां आना मेरे लिए खास है। ब्रेंडन ने कहा, 'हमें बचपन से पता था कि ग्लेन खास है। वह काफी प्रतिभाशाली है और उसमें सकारात्मकता भरी हुई है। हम बचपन से काफी करीब हैं।

# आज रॉयल्स के खिलाफ चौथी जीत दर्ज कर शीर्ष पर काबिज होने उतरेगी टाइटंस

**अहमदाबाद।**

पिछले मैच में पंजाब किंग्स पर रोमांचक जीत दर्ज करने के बाद गुजरात टाइटंस का सामना रविवार को राजस्थान रॉयल्स से होगा तब हार्दिक पंड्या की टीम का इरादा अंकतालिका में शीर्ष पर काबिज होने का रहेगा। अभी तक पंड्या की टाइटंस ने संजू सैमसन की अगुवाई वाली रॉयल्स के खिलाफ तीनों मैच जीते हैं, लिहाजा मनोवैज्ञानिक रूप से उसका पलड़ा भारी होगा।टाइटंस ने आईपीएल 2022 में पदार्पण करते हुए फाइनल में 11 गेंद बाकी रहते सात विकेट से जीत दर्ज की थी। फिलहाल टीम छह अंक लेकर तीसरे स्थान पर है। लखनऊ सुपर जाइंट्स और रॉयल्स के भी छह अंक हैं, लेकिन नेट रनरेट के आधार पर तीनों टीमें अलग अलग पायदान पर हैं। रॉयल्स और टाइटंस बल्लेबाजी और गेंदबाजी के मामले में बराबरी की टीमें हैं, लेकिन पिछले साल इस प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ मिली तीन जीत से टाइटंस के हौसले बुलंद हैं। दूसरी ओर रॉयल्स इस सिलसिले को तोड़ने को बेताब होगी। दोनों टीमों के कोर खिलाड़ी लगभग वहीं हैं और नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर दबाव का बेहतर सामना करने वाली टीम ही विजयी होगी।

रॉयल्स के पास शीर्ष क्रम में यशस्वी जायसवाल, जोस बटलर और सैमसन हैं, जिन्होंने पावरप्ले का बखूबी इस्तेमाल किया है। बटलर का पावरप्ले में स्ट्राइक रेट 196.6 है। वहीं जायसवाल का पावरप्ले के ओवरों में स्ट्राइक रेट 184 है। देवदत्त पड्डिकल, रविचंद्रन अश्विन, शिमरोन हेटमायेर और जैसन होल्डर के रहते रॉयल्स के बल्लेबाजी क्रम में काफी गहराई है।

वहीं गेंदबाजी में उनका इकॉनामी रेट अब तक 7.3 रहा है, जो बेहतरीन कहा जा सकता है। उसके शीर्ष तीन स्पिनरों एडम जाम्पा, अश्विन और युजवेंद्र चहल ने चेन्नई के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन किया। अब देखना होगा कि चेन्नई पर तीन रन से मिली जीत के बाद क्या वहीं गेंदबाजी संयोजन फिर उतारा जाता है। रॉयल्स ने सनराइजर्स हैदराबाद और दिल्ली कैपिटल्स को बड़े अंतर से हराया लेकिन चेन्नई के खिलाफ जीत करीबी रही। अब उनके सामने टाइटंस के रूप में इस सत्र की सबसे कठिन चुनौती है। जहां टाइटंस के पास पंड्या, डेविड मिलर, शुभमन गिल, साई सुदर्शन , विजय शंकर और मोहित शर्मा जैसे खिलाड़ी हैं। शंकर ने केकेआर के खिलाफ 24 गेंद में 63 रन बनाए थे, लेकिन रिंकू सिंह ने आखिरी ओवर में यश दयाल को पांच छक्के जड़कर केकेआर को चमत्कारिक जीत दिलाई। इसके बाद टाइटंस ने दयाल की जगह पंजाब के खिलाफ 34 वर्ष के मोहित को उतारा जिन्होंने चार ओवर में 18 रन देकर दो विकेट लिए और टीम को जीत दिलाई।

## दोनों पैरों में फैक्चर, 18 माह क्रिकेट रहे दूर रहे निकोलस



**लखनऊ।** निकोलस पूरन शानदार फॉर्म में है। उन्होंने अब तक आईपीएल में लखनऊ के लिए शानदार प्रदर्शन किया। पूरन ने हाल में ही रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ 19 गेंदों में सिर्फ 62 रनों की पारी खेली थी। मैदान पर जमकर चौकों-छक्कों की बौछार लगाने वाले पूरन को एक बार डॉक्टर ने खेल छोड़ने तक की सलाह देती थी। इस दौरान उनकी गर्लफ्रेंड ने उनका साथ दिया था। साल 2015 में निकोलस पूरन 19 साल के थे। इस छोटी उम्र में उनका एक्सीडेंट हो गया था। एक्सीडेंट में उनका दोनों पैर फ्रैक्चर हो गया था। इस एक्सीडेंट के बाद डॉक्टर ने पूरन से कहा था कि आपको क्रिकेट छोड़ देना चाहिए। वह करीब 18 महीने तक क्रिकेट के मैदान से दूर रहे थे। उस समय निकोलस पूरन एलिसा के साथ रिलेशनशिप में थे। पूरन ने साल 2020 में एलिसा के मिगुएल से शादी रचाई थी। वह काफी लंबे समय से एक दूसरे के साथ रिलेशनशिप में थे। करीब 2 साल पहले पूरन ने सोशल मीडिया पर वाइफ के साथ सोशल मीडिया पर तस्वीरें शेयर करते हुए एक प्रेरक पोस्ट लिखा था। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा था, इस लाइफ में जीसस ने मुझे काफी कुछ दिया है, लेकिन तुम्हारे (वाइफ) आने से बड़ी कोई और चीज नहीं हो सकती। मिस्टर एंड मिसेज पूरन का वेलकम है। दुनिया भर के क्रिकेट फैंस ने पूरन को बधाईयां भी थी। एलिसा अक्सर पूरन का सपोर्ट करने स्टेडियम में आती है। पूरन अभी शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने 4 मैचों में 47 के औसत से 141 रन बना डाले हैं। उनका स्ट्राइक रेट करीब 220 का रहा है। हाल में ही रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ इस धाकड़ ने ताबड़तोड़ पारी खेली थी। उन्होंने 19 गेंदों में 62 रन बनाए थे और 15 गेंदों में ही शानदार फिफ्टी ठोकने का करनामा किया था।

# गुजरात और तमिलनाडु के बीच 22-23 अप्रैल को 'चैलेंजर्स ट्रॉफी' प्रतियोगिता आयोजित होगी




**अहमदाबाद ।** गुजरात एवं तमिलनाडु राज्य के बीच ऐतिहासिक संबंध को भव्य रूप से उजागर करने और दोनों राज्यों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के लिए गुजरात में 17 से 30 अप्रैल के दौरान 'सौराष्ट्र-तमिल संगम' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की भावना को साकार करने के लिए 'आज़ादी का अमृत महोत्सव' के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में तमिलनाडु से 5 हजार से अधिक अतिथि गुजरात आएँगे। मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल के नेतृत्व में इस कार्यक्रम के आयोजन को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस अवसर पर गुजरात तथा तमिलनाडु के खिलाड़ियों के बीच 'चैलेंजर्स ट्रॉफी' का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें पाँच अलग-अलग खेल प्रतियोगिताएं की जाएंगी। भावनगर के खेल परिसर में आगामी 22 व 23 अप्रैल को ये खेल प्रतियोगिताएँ आयोजित होंगी। टेबल टेनिस, टेनिस, कबड्डी, वॉलीबॉल तथा स्विमिंग से जुड़ी इन प्रतियोगिताओं में खिलाड़ी भाग लेंगे। विजेता खिलाड़ियों को पदक तथा प्रमाणपत्र भी प्रदान किए जाएंगे और साथ ही, जो राज्य इन सभी प्रतियोगिताओं में विजयी होगा उसे ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। इस प्रतियोगिता में तमिलनाडु व गुजरात के 216 (प्रति राज्य 108 खिलाड़ी) वरिष्ठ श्रेणियों के खिलाड़ी शामिल होंगे। टेबल टेनिस व टेनिस में मेन्स सिंगल्स (पुरुष एकल), वुमन्स सिंगल्स (महिला एकल) तथा मिक्स डबल्स (मिश्र युगल) इवेंट आयोजित होंगे। स्विमिंग में फ्री स्टाइल 100 मीटर तथा बैकस्ट्रोक 200 मीटर, ब्रेस्टस्ट्रोक 100 मीटर-200 मीटर, बटरफ्लाई 100 मीटर-200 मीटर, फ्री स्टाइल रिले 4×50 मीटर व 4×100 मीटर, मिडले रिले 4×50 मीटर, मिक्स्ड फ्री स्टाइल रिले 4×50 मीटर और मिक्स्ड मिडले रिले 4×50 मीटर के इवेंट्स आयोजित किए गए हैं। पाँच खेल प्रतियोगिताओं में पुरुष व महिला श्रेणियों में कुल 38 इवेंट्स आयोजित किए जाएंगे।

# अडाजण के कैबल ब्रिज से कूदकर युवक ने जान दी, जांच में जुटी पुलिस



**सूरत।** शहर के अडाजण स्थित कैबल ब्रिज से कूदकर एक युवक ने अपनी जान दे दी। आत्महत्या करने के उद्देश्य से आए युवक ने अपनी बैग, मोबाइल और गाडी की चाबी सिक्युरिटी गार्ड को दी और उसके बाद मौत की छलांग लगा दी। युवक के आत्महत्या करने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चला। स्थानीय पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है। जानकारी के मुताबिक सूरत के अडाजण स्थित कैबल ब्रिज पर अपनी गाड़ी में एक युवक पहुंचा। जहां उसने अपनी गाड़ी की चाबी, बैग, मोबाइल समेत अन्य वस्तुएं वहां तैनात सिक्युरिटी गार्ड को सौंप दिए। सिक्युरिटी गार्ड को युवक पर संदेह हुआ। लेकिन वह कुछ समझे इससे पहले युवक वहां से ब्रिज पर भागने लगा। भागते भागते युवक ब्रिज के बीचोंबीच पहुंच गया और कोई कुछ समझ पाता उससे पहले ही उसने मौत की छलांग लगा दी। खबर मिलते ही पुलिस और फायर विभाग की टीम घटनास्थल पर पहुंच गई। फायर विभाग की टीम ने नदी में युवक की तलाश शुरू कर दी। फायर विभाग के मुताबिक सुबह 11.30 बजे उसे घटना की सूचना मिली थी। जिसके बाद मजूरा और अडाजण फायर विभाग की टीम घटनास्थल पर पहुंची और नदी में युवक की तलाश शुरू कर दी। स्थानीय पुलिस भी मामले की जांच शुरू कर दी है।

# उच्च गुणवत्ता की एक विस्तृत श्रृंखला के साथ भारत की अग्रणी एलईडी लाइटिंग निर्माण कंपनी: क्रिसेंट लाइटिंग




क्रिसेंट, भारत की अग्रणी स्वश्व लाइटिंग निर्माण कंपनी ने अपने अभिनव उत्पादों की घोषणा की जिसमें आवासीय से लेकर व्यावसायिक औद्योगिक वास्तुकला तक के घरेलू और बाहरी स्थानों के लिए लाइटिंग उत्पादों और समाधानों की व्यापक रेंज शामिल है। क्रिसेंट लाइटिंग के उत्पादों को उनकी बेहतर ऊर्जा दक्षता के लिए जाना जाता है जो अधिक प्रकाश प्रदान करता है और 80% ऊर्जा भी बचाता है। LM80 प्रमाणन के अनुसार, कंपनी के उत्पाद 50,000 घंटे तक चलते हैं। ये उत्पाद पर्यावरण के अनुकूल हैं और इनमें कोई ङ्क/ढ्वक पारा या अन्य खतरनाक पदार्थ नहीं होते हैं। और शून्य रखरखाव लागत के साथ स्थापित करना भी आसान है और रखरखाव की आवश्यकता नहीं है। कंपनी के उत्पादों में उच्च लुमेन (अधिक प्रकाश) होता है इसलिए वे अन्य कंपनी के उत्पादों की तुलना में 10त्न अधिक लुमेन आउटपुट अधिक प्रकाश देते हैं।

प्रकाश उद्योग में 16 से अधिक वर्षों के सफल अनुभव के साथ, क्रिसेंट लाइटिंग को स्वश्व पैनल लाइट्स, जंक्शन बॉक्स लाइट्स, ष्ह्लद्ब स्पॉटलाइट्स, स्वश्व ऑफिस लाइट्स, बल्कहेड्स, फ्लडलाइट्स, स्ट्रीट लाइट्स, हाई-बे लाइट्स, सीलिंग सहित विविध उत्पाद रेंज के लिए जाना जाता है। लाइट्स, पिक्चर और मिरर लाइट्स, स्पॉटलाइट्स, ट्रैक लाइट्स, वॉल लाइट्स। फुट लाइट्स, SMD स्ट्रिप और रोप लाइट्स, लाइटिंग एक्सेसरीज, हाई-क्वालिटी ड्राइवर्स और SMPS, स्मार्ट लाइट्स जिनमें होम अप्लायंसेज, डिमेबल और ट्यूनेबल लाइटिंग सॉल्यूशंस और वाई-फाई की सुविधा है। - सक्षम उत्पाद। क्रिसेंट लाइटिंग के उत्पादों को खूबसूरती से डिजाइन किया गया है और उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री से बनाया गया है। कंपनी लंबे समय तक चलने वाले स्थायित्व के लिए अन्य कंपनियों की तुलना में कम कीमत पर टिकाऊ उत्पाद बनाती है। इन उत्पादों को भारतीय जलवायु परिस्थितियों के अनुरूप बनाया गया है और अन्य ब्रांडों की तुलना में अधिक ताकत और सुरक्षा है।

# गुजरात में कोरोना से 3 मरीजों की मौत, 24 घंटों में 341 नए केस

**अहमदाबाद।** पिछले कई दिनों से गुजरात में 300 से ज्यादा कोरोना के नए मामले सामने आ रहे हैं। शनिवार को राज्य में कोरोना के 341 नए मरीज दर्ज हुए हैं, जबकि 312 लोगों को ठीक होने के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया। कोरोना से राज्य में तीन मरीजों की मौत हो गई। इसी के साथ राज्य में कोरोना से अब तक 11069 मरीजों की मौत हो चुकी है। जबकि 1273722 लोग कोरोना से स्वस्थ हो चुके हैं। फिलहाल राज्य में कोरोना के 2246 सक्रिय मरीजों में 5 वेन्टीलेटर पर हैं और 2241 लोग स्टेबल हैं। राज्य में कोरोना से स्वस्थ होने का दर 98.97 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटों में अहमदाबाद कॉर्पोरेशन में 134 कोरोना के नए केस दर्ज हुए हैं। वहीं अहमदाबाद में 3, अमरेली में 3, आणंद में 6, बासकांठा में 3, भरुच में 7, भावनगर कॉर्पोरेशन में 2, गांधीनगर में 8, गांधीनगर कॉर्पोरेशन में 11, जामनगर में 1, खेडा में 1, कच्छ में 1, मेहसाणा में 22, मोरबी में 7, नवसारी में 1, पंचमहल में 1, पोरबंदर में 2, राजकोट में 2, साबरकांठा में 3, राजकोट कॉर्पोरेशन में 4, सूरत में 10, सूरत कॉर्पोरेशन में 29, सुरेन्द्रनगर में 3, वडोदरा में 40 वडोदरा कॉर्पोरेशन में 31, वलसाड में 6 समेत कुल 341 कोरोना के नए केस दर्ज हुए। अहमदाबाद कॉर्पोरेशन, वडोदरा और वलसाड में कोरोना से एक-एक मरीज की मौत हो गई।

# अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण संस्था द्वारा भगवान परशुराम की जन्म जयंती बड़े धूमधाम से मनाई जाएगी




**सूरत भूमि, सूरत।** शहर के डिंडोली विस्तार में जकातनाका के पास भगवान परशुराम की जन्म जयंती का भव्य आयोजन किया जाएगा आयोजन से पहले अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण संस्था द्वारा विशाल रैली का डिंडोली विस्तार में आयोजन किया जाएगा। इसके बाद डिंडोली जकातनाका के पास मेन रोड पर विशाल सभा का आयोजन किया जाएगा। यह संयोजन में शहर के ही नहीं अपितु गुजरात के किसी भी जगह पर निवास करने वाले ब्राह्मण समाज को अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण संस्था द्वारा मुजाहिद आमंत्रण दिया जा रहा है । लोग भगवान परशुराम के जन्म जयंती कार्यक्रम समारोह में उपस्थित होकर समाज का ही नहीं बल्कि अप ने परिवार का सौभाग्य प्राप्त करेंगे इसके लिए अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण संस्था द्वारा ब्राह्मण समाज के एक व्यक्ति को आमंत्रित किया जा रहा है यह किसी व्यक्ति विशेष के परिवार का कार्यक्रम नहीं है इस कार्यक्रम में ब्राह्मण समाज के सभी लोगों का उपस्थित होना और समाज की एकता व अखंडता बरकरार रखने के लिए इस कार्यक्रम में हम लोग अवश्य उपस्थित हुए। शंकर दुबे द्वारा मीडिया के माध्यम से जानकारी दी गई जिसमें बताया गया कि भगवान परशुराम की जन्म जयंती के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जिसमें दूरदराज के ब्राह्मणों को कार्यक्रम में सम्मिलित होने का आग्रह किया गया है । इस कार्यक्रम में शाम 5:00 बजे से 9:00 बजे सर्वप्रथम रैली व शोभा यात्रा निकाली जाएगी ।तत्पश्चात सभा स्थल पर विभिन्न कार्यक्रमों हुआ विद्वान ब्राह्मणों द्वारा भगवान परशुराम पर अपने विचार रखे जाएंगे।

# हार्दिक पांड्या ने कंज़्यूमर फूड्स ब्रांड "यू" में निवेश किया

शेफ द्वारा निर्मित इंस्टेंट फूड्स ब्रांड यू से हार्दिक पांड्या निवेशक और ब्रांड एम्बेसडर के रूप में जुड़े हैं। हार्दिक और यू ने भारत एवं विदेशों में इस ब्रांड का प्रचार करने के लिए एक दीर्घकालिक गठबंधन किया है।

अपना उत्साह साझा करते हुए संस्थापक भारत भल्ला और वरुण कपूर ने कहा, "हम इंस्टेंट फूड श्रेणी में परिवर्तनकारी कंज़्यूमर ब्रांड स्थापित करने के लिए हार्दिक के साथ साझेदारी करके काफी उत्साहित हैं। हार्दिक एक युवा आईकन हैं और यू के चेहरे के रूप में वो उपभोक्ताओं के बीच जागरुकता बढ़ाएंगे, ताकि वो बाजार में उपलब्ध कैमिकल एवं प्रिज़र्वेटिव युक्त उत्पादों का उपयोग करने की अपनी आदतों में परिवर्तन लेकर आएं। स्वास्थ्य और सेहत के लिए हार्दिक पांड्या का जोश हमारे ब्रांड के मुख्य संदेश और मिशन के अनुरूप है। हमें विश्वास है कि हार्दिक के साथ गठबंधन से यू को सभी चैनलों और लक्ष्य समूहों में अपने व्यवसाय का विस्तार करने में मदद मिलेगी।"

भारत भल्ला और वरुण कपूर द्वारा स्थापित, यू उपभोक्ताओं को आसान भोजन प्रदान कर पैकेज्ड फूड को ज्यादा सेहतमंद बना रहा है क्योंकि इसमें ज़ीरो प्रिज़र्वेटिव्स के साथ 100 प्रतिशत प्राकृतिक तत्वों का उपयोग किया गया है। यह ब्रांड पास्ता, कप नूडल्स, हक्का नूडल्स, ओट्स और हलवा की श्रेणियों में 14 एसकेयू पेश करता है, जो केवल पानी को खौलाकर 5 मिनट में बनाए जा सकते हैं। देश में ही निर्मित इस ब्रांड ने अक्टूबर, 2022 में आशीष कचौलिया और एशियन पेंट्स परिवार के नेतृत्व में अपनी सीरीज़ ए फंडरेज़िंग पूरी की।

यू आईपीएल 2023 के सीज़न के दौरान अपना पहला ब्रांड कैम्पेन लॉन्च करेगा। यह अभियान अग्रणी भारतीय क्रिकेटर हार्दिक पांड्या द्वारा चलाया जाएगा और यू ब्रांड के प्रस्ताव पर ध्यान केंद्रित करेगा, जो है - पैकेज़्ड फूड, जो शेफ द्वारा ज़ीरो प्रिज़र्वेटिव्स का उपयोग कर बनाया गया है, और युवा एवं आकांक्षी भारतीयों को स्वास्थ्य, गुणवत्ता, स्वाद या सुविधा से कोई समझौता न करने में समर्थ बनाता है। यू सेहतमंद और आसान भोजन प्रदान करता है, जो न केवल 100 प्रतिशत प्राकृतिक है, बल्कि पैकेटबंद होने के बाद भी अपनी खुशबू, स्वाद, और पोषण भी बनाकर रखता है।

# पीडब्लू ( फिजिक्स वाला ) ने सूरत में विद्यापीठ का शुभारंभ किया; भारत में तकनीकी एकीकरण के साथ ऑफ़लाइन कोचिग




**सूरत।** पीडब्लू (फिजिक्स वाला),भारत के सबसे किफायती और पसंदीदा एडटेक प्लेटफॉर्म ने आजसूरत में अपना विद्यापीठ केंद्र लॉन्च किया ।सूरत से पहले संस्थान ने जयपुर, सिलीगुड़ी, और भुवनेश्वर में भी एक-एक विद्यापीठ खोला है ।सूरत विद्यापीठ केंद्र का उद्घाटन सूरत नगर निगम, स्वास्थ्य समिति की अध्यक्षा श्रीमती दर्शनीबेन कोठिया ने किया। यह एडटेक स्टार्टअप पहले से ही देश भर के विभिन्न शहरों में 11 विद्यापीठ केंद्र चला रहा है और इन नए उद्घाटनों के साथ यह छात्रों के लिए विकल्पों की व्यापक रेंज को जोड़ने जा रहा है, ताकि उन्हें आगे की पढ़ाई के लिए अपने शहर को छोड़ना न पड़े। विद्यापीठ केंद्र भारत के अग्रणी प्रौद्योगिकी-सक्षम ऑफ़लाइन कोचिंग संस्थान हैं, जिनमें अभिभावक-छात्र डैशबोर्ड, वीडियो समाधान और 3डी मॉडलिंग जैसी सुविधाएं हैं, जिनमें अनुभवी शिक्षक अग्रणी हैं।

अंशुल जैन , केंद्र प्रमुख, पीडब्लू विद्यापीठ, सूरत ने कहा: "हम पीडब्लू में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए तत्पर हैं। विद्यापीठ के साथ हमारा उद्देश्य शिक्षा को सुखद और अधिक सुलभ बनाने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाना है। इसलिए हम छात्रों को उनके लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करने के लिए किफ़ायती दरों पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम लाइव व रिकॉर्डेड क्लासेस जैसी बेहतरीन सुविधाएं लाने के लिए समर्पित हैं, जिन्हें ऐप पर देखा जा सकता है। हम 10 से अधिक वर्षों के अनुभव और महान विशेषज्ञता के साथ सर्वश्रेष्ठ फैकल्टी लाने पर भी ध्यान केंद्रित कर रहे हैं ।

तन्मय कुमार, बिजनेस हेड, पीडब्लू विद्यापीठ, सूरत के ने कहा,"विद्यापीठ एडटेक क्षेत्र में एक क्रांतिकारी पहल है। यह हर जगह हर छात्र को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने की हमारी दीर्घकालिक प्रतिबद्धता का जवाब है। हम विद्यापीठ में प्रतिदिन 15 घंटे से अधिक समय तक समर्थन की पेशकश करेंगे। छात्रों को भी सुविधा मिलेगी। PW ऐप के माध्यम से हमारे प्रधान कार्यालय में किसी भी मुद्दे को आगे बढ़ाने के लिए। इसके अलावा, हम छात्रों के लिए अतिरिक्त कक्षाएं और नियमित परीक्षण भी आयोजित करेंगे, साथ ही उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए अच्छी तरह से तैयार करने में मदद करने के लिए एक टेस्ट एनालिटिक्स डैशबोर्ड भी प्रदान करेंगे। अब एक प्रौद्योगिकी-सक्षम पीडब्ल्यू विद्यापीठ से लाभान्वित होगा सूरत व् अपने छात्रों को उनकी आगामी जेईई/नीट परीक्षाओं के लिए सर्वोत्तम संभव सीखने का अनुभव प्रदान करेगा। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के साथ ही नियमित रूप से छात्रों और उनके माता-पिता को दैनिक अभ्यास समस्याओं (DPP), छात्रों के लिए वीडियो समाधान के साथ क्विज़, और माता-पिता के लिए भी DPPs के साथ गृहकार्य की निगरानी में सहायता करेगा। अन्य विद्यापीठ कक्षाओं की तरह,सूरत केंद्र भी इंटैरेक्टिव लर्निंग के लिए एक स्मार्ट बोर्ड से लैस होगा, जिसमें हर कक्षा के बाद पीडब्लू ऐप पर सभी व्याख्यान अपलोड किए जाएंगे।

पीडब्लू छात्रों को 'सारथी' की पेशकश करके भी मदद कर रहा है। इस पटल पर छात्रों को सीखने की सुविधा है , जिस पर व्यक्तिगत कोच हर कदम पर छात्रों की मदद करते हैं। सारथी छात्रों को उनकी शंकाओं को दूर करने, अध्ययन योजना बनाने, संशोधन करने और माता-पिता-शिक्षक बैठक आयोजित करने में मदद करता है। पीडब्लू परीक्षाओं की तैयारी के दौरान आत्मविश्वास बनाए रखने में मदद करने के लिए नियमित शारीरिक और मानसिक कल्याण गतिविधियों का संचालन करके छात्रों के समग्र कल्याण पर भी ध्यान केंद्रित करता है।

# आकाश BYJU'S ने नवसारी जिले, गुजरात में प्रथम श्रेणी कक्ष केंद्र का शुभारंभ किया



**नवसारी ।** प्रवेश परीक्षा की तैयारी में भारत के अग्रणी आकाश बायजूस ने नीट, आईआईटी जेईई, ओलंपियाड कोचिंग और फाउंडेशन कोर्स की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए गुजरात के नवसारी जिले में एक नया क्लासरूम सेंटर खोला है। आकाश बायजूस के वर्तमान में 24 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में कुल 330+ केंद्र हैं। ये सभी केंद्र संस्थान की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं कि छात्र जहां भी रहते हैं, वहां लाइव कोचिंग सेवाओं के साथ पहुंचें।

यह कक्षा केंद्र नवसारी के प्रमुख स्थान पर एक स्वप्निल चटनी है। बंटी अपार्टमेंट, कालियावाड़ी, ग्रिड रोड के पास 14864 वर्ग फुट क्षेत्र में स्थित है। इसमें कुल 18 कक्षाएँ हैं और इस केंद्र में 2500 से अधिक छात्र अध्ययन कर सकते हैं। कनेक्टेड और स्मार्ट कक्षाओं की विशेषता, केंद्र छात्रों को एक हाइब्रिड पाठ्यक्रम सीखने का अनुभव भी प्रदान कर सकता है।

आकाश BYJU'S के क्षेत्रीय निदेशक श्री अमित सिंह राठौर और अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में नवसारी में इस नए केंद्र का उद्घाटन किया गया।

छात्र तत्काल प्रवेश सह छात्रवृत्ति परीक्षा (आईएसीएसटी), एसीएसटी डायरेक्ट के लिए अपनी मार्कशीट साझा करके पंजीकरण कर सकते हैं या प्रवेश पाने के लिए इस वर्ष के अंत में संस्थान की मुख्य वार्षिक छात्रवृत्ति परीक्षा के लिए पंजीकरण कर सकते हैं। वर्तमान में अकेले नवसारी जिले से एएनटीएचई-2022 में 5500 से अधिक छात्र शामिल हुए।

नवसारी में नए केंद्र के उद्घाटन के अवसर पर आकाश बायजू के सीईओ श्री अभिषेक माहेश्वरी ने कहा, आकाश बायजू में हम छात्र-केंद्रित शिक्षा को बढ़ावा देने में विश्वास करते हैं। हमारा मुख्य अंतर न केवल पाठ्यक्रम की गुणवत्ता है बल्कि इसकी डिलीवरी भी है जो ऑनलाइन और ऑफलाइन मोड के बीच सही संतुलन बनाता है। संक्षेप में हम अपने छात्रों को उनके सीखने के अनुभव और परिणामों में तेजी लाने और उच्च शिक्षा के उनके सपनों को साकार करने में मदद करने के लिए वास्तविक और आभासी दोनों दुनिया के सर्वश्रेष्ठ की पेशकश करना चाहते हैं।

# सैमसंग ने 'सॉल्व फॉर टुमारो' का दूसरा संस्करण किया लॉन्च




सैमसंग इंडिया ने आज से शुरू हुई अपनी राष्ट्रीय शैक्षणिक और इनोवेटिव प्रतियोगिता सैमसंग सॉल्व फॉर टुमारो के दूसरे संस्करण के लिए मिनिस्ट्री ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंफोर्मेशन टेक्नोलॉजी (MeitY) के स्टार्टअप हब और फाउंडेशन फॉर इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी ट्रांसफर (FITT), आईआईटी दिल्ली के साथ भागीदारी की है। सॉल्व फॉर टुमारो के साथ, सैमसंग का लक्ष्य देश के युवाओं के बीच इनोवेटिव सोच और समस्या का समाधान करने वाली संस्कृति का विकास करना है। आईआईटी दिल्ली और एमईआईटीवाई स्टार्टअप हब के साथ की साझेदारी, शीर्ष तीन विजेता टीमों को मिलेगी 1.5 करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि।

श्री जोंगबम पार्क, प्रेसिडेंट और सीईओ, सैमसंग साउथवेस्ट एशिया ने कहा, "सैमसंग में, हम परिवर्तनकारी विचारों और टेक्नोलॉजीज के साथ दुनिया को प्रेरित करते हैं और भविष्य को आकार देते हैं। हमारा काम अगली पीढ़ी के इन्नोवेटर्स और चेंजमेकर्स को आगे लाना है। सैमसंग सॉल्व फॉर टुमारों के पहले संस्करण में हमें जो प्रविष्टियां मिलीं, उनसे हमें भारत के युवाओं के मन में जो चिंताएं और मुद्दे हैं उनके बारे में एक अनूठा स्नैपशॉट प्राप्त हुआ। वे अपशिष्ट प्रबंधन, बिजली और पानी की बर्बादी, प्लास्टिक कचरा, स्पीच डिसऑर्डर के साथ ही साथ महामारी की भविष्यवाणी और नए युग की टेक्नोलॉजी जैसे रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस और ऑग्मेंटेड रियल्टी का उपयोग करने वाले समाधान खोजना चाहते हैं।"

सैमसंग सॉल्व फॉर टुमारो के दूसरे संस्करण का उद्घाटन श्री अल्केश कुमार शर्मा, सचिव, मिनिस्ट्री ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंफोर्मेशन टेक्नोलॉजी (MeitY) और श्री जोंगबम पार्क, प्रेसिडेंट और सीईओ, सैमसंग साउथवेस्ट एशिया ने अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में किया। उन्होंने कहा, "युवाओं को उनके आसपास के समाज को प्रभावित करने वाले वास्तविक जीवन के मुद्दों को हल करने की क्षमता देने से उन्हें दुनिया में होने वाले बदलाव को प्रत्यक्ष रूप से देखने का अवसर मिलता है। सैमसंग सॉल्व फॉर टुमारो के साथ, हम युवाओं को वह अवसर देना चाहते हैं और देश में इनोवेशन ईकोसिस्टम को मजबूत करने, सरकार के दृष्टिकोण को आगे बढाने और डिजिटल इंडिया को सशक्त बनाने के अपने दृष्टिकोण को आगे बढाने में अपनी भूमिका निभाना चाहते हैं।"

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, सम्पादकः संजय रमाशंकर मिश्रा द्वारा ११४, न्यू प्रियंका टाउनशीप अपार्टमेन्ट, डिंडोली, उधना, सुरत ( गुजरात ) प्रिन्टर्स- भूनेश्वरा प्रिन्टर्स, प्लाट नं. 29, परमानन्द इण्डस्ट्रीयल सोसायटी, चौकसी मील के पास, उधना मगदल्ला रोड़ ( गुजरात ) से मुद्रित एवं ११४, न्यू प्रियंका टाउनशीप अपार्टमेन्ट, डिंडोली, उधना, सूरत ( गुजरात ) से प्रकाशित। कार्यालय फोनः 0261-2274271, ( न्यायिक क्षेत्र सूरत रहेगा )